e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 300
शनिवार
04.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
आप में कितनी भी प्रतिभा क्यों न हो, प्रयास और अभ्यास के बिना सब व्यर्थ है !




## क्विक न्यूज

### 50 लाख का सोना लेकर कारीगर फरार

**मेरठ :** मेरठ के सराफा बाजार से दो ज्वैलर्स का 50 लाख रुपए कीमत का सोना लेकर कारीगर फरार हो गया। कारीगर का कुछ पता नहीं चलने पर शुक्रवार को सर्राफा व्यापारी देहली गेट थाने पहुंचे और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के महामंत्री विजय आनंद अग्रवाल के नेतृत्व में सर्राफा कारोबारी शुक्रवार को देहली गेट थाने पहुंचे। विजय आनंद ने बताया कि सर्राफा बाजार में बंगाली कारीगर शफीकुर और उसका बेटा नौशाद अपने साथियों के साथ मिलकर आभूषणों पर मीनाकारी का काम करते हैं। यह काम शफीकुर अपनी गोपाल मार्किट स्थित दुकान में करता है। चार दिन पहले सर्राफा कारोबारी आशीष और अशोक ने शफीकुर और उसके बेटे को लगभग 50 लाख रुपए मूल्य के सोने के आभूषण ऑर्डर पर तैयार करने के लिए दिए थे। दो दिन से कारीगरों का फोन और दुकान बंद है। जब उनसे जुड़े दूसरे कारीगरों से संपर्क किया गया तो तीन अन्य कारीगरों के भी गायब होने का पता चला।

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में ईडी का छापा

**रांची:** प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की टीम ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी की। बताया जाता है कि जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम वहां छापेमारी के लिए पहुंची है।मामले में गवाहों को प्रभावित किया जा रहा है और सबूत नष्ट किया जा रहा है। जेल में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित अन्य लोग बंद है। ईडी की टीम खबर लिखे जाने तक छापेमारी कर रही है।

### केमिकल कंपनी में आग लगी, 4 लोगों की मौत

**मुंबई :** रायगढ़ जिले के महाड एमआईडीसी में स्थित ब्लू जेट हेल्थकेयर लिमिटेड कंपनी में शुक्रवार को सुबह जोरदार विस्फोट होने के बाद आग लग गई। इस अग्निकांड में चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन मजदूर घायल हो गए हैं। इन तीनों को महाड ग्रामीण अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस घटना में 11 मजदूर लापता बताए जा रहे हैं।पुलिस के अनुसार आज सुबह महाड एमआईडीसी में स्थित ब्लू जेट हेल्थकेयर लिमिटेड कंपनी में सभी मजदूर काम कर रहे थे। अचानक कंपनी में जोरदार विस्फोट होने के बाद कंपनी में आग लग गई। साथ ही कंपनी में जहरीली गैस का रिसाव भी होने लगा। इससे कंपनी में मजदूरों को सांस लेने में दिक्कत आने लगी थी। इससे कंपनी में चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन मजदूरों को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कंपनी से फायर ब्रिगेड के जवानों ने मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला, लेकिन 11 मजदूर लापता बताए जा रहे हैं। फायर ब्रिगेड के जवान यहां आग बुझाने के साथ लापता मजदूरों को सरगर्मी से तलाश कर रहे हैं।

### असम पहुंचे भूटान नरेश, मां कामाख्या के किए दर्शन

**गुवाहाटी :** भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक शुक्रवार को असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचे। यहां हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री डॉ हेमंत बिस्व सरमा ने उनका स्वागत किया। राजा वांगचुक ने कामाख्या मंदिर में दर्शन किए। भूटान के नरेश तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार दोपहर को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गुवाहाटी के बोरझार स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां उनका असम के मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने स्वागत किया। भूटान नरेश वांगचुक हवाई अड्डे से सीधे विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां कामाख्या धाम पहुंचे, जहां पर उन्होंने पूजा-अर्चना की।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्यूनतम | 23° |

रांची विश्वविद्यालय के प्रस्तावित नए कैंपस को लेकर अधिकारियों के साथ सीएम ने की बैठक

# रांची विश्वविद्यालय के नए कैंपस का बने अलग पहचान : हेमंत

*** मुख्यमंत्री ने नए कैंपस में मेंटेनेंस फ्री निर्माण, सोलर पैनल अधिष्ठापन, हरियाली और पार्किंग का पुख्ता व्यवस्था करने का दिया निर्देश**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में रांची विश्वविद्यालय के प्रस्तावित नए कैंपस को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस मौके पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष राजधानी रांची के चेरी में 87 एकड़ जमीन पर बनने वाले रांची विश्वविद्यालय के नए कैंपस के मास्टर प्लान का प्रजेंटेशन रखा। मुख्यमंत्री ने पूरे मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी ली और कई आवश्यक सुझाव तथा दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय का नए कैंपस को इस तरह विकसित किया जाए कि इसकी अलग पहचान बन सके।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**
इस बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार, उच्च शिक्षा निदेशक श्रीमती गरिमा सिंह, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मेंटेनेंस फ्री निर्माण हो

रांची विश्वविद्यालय के नए कैंपस में एकेडमिक जोन, एडमिनिस्ट्रेटिव जोन रीक्रिएशनल जोन, रेसिडेंशियल जोन, बफर जोन और एक्सटेंशन जोन बनाया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां जो भी निर्माण हो, वह मेंटेनेंस फ्री होना चाहिए । इसके रख- रखाव के लिए भी सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यहां की जमीन की भौगोलिक स्थिति (कंटूर) के हिसाब से बिल्डिंग का निर्माण हो। इसके लिए कोई भी निर्माण शुरू करने के पहले जमीन के हिसाब से पूरी योजना तैयार कर ली जानी चाहिए।

### पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विश्वविद्यालय के कैंपस को कई जोन में विकसित किया जाना है । ऐसे में हर जोन में पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कैंपस में हरियाली बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया।

### कैंपस में सोलर पैनल लगाने पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नए कैंपस में सोलर पैनल लगाने का भी निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके साथ विश्वविद्यालय में प्रवेश और निकासी के लिए मुख्य मार्ग के अलावा इमरजेंसी निकासी मार्ग भी बनाने का सुझाव दिया।

### सभी खेलों के लिए एक अलग जोन हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय के नए कैंपस में क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल और वॉलीबॉल समेत अन्य खेलों के लिए एक अलग जोन हो। ऐसा नहीं हो कि किसी एक खेल के लिए मैदान एक जोन में हो और दूसरे खेल के लिए अलग जोन में । इससे खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ती है। ऐसे में सभी खेलों के लिए सारी व्यवस्था एक ही जोन में हो।

कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखंड कैबिनेट की बैठक हुई।झारखंड मंत्रालय में हुई बैठक में 23 अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता 42 से बढ़ाकर 46 फीसदी किया गया है। यह एक जुलाई के प्रभाव से लागू होगा। इसका लाभ पेंशन,पारिवारिक पेंशन भोगियों को मिलेगा। राज्य में सार्वजनिक अवकाश-2024 की घोषणा की गई। वर्ष 2024 में 21 अवकाश रहेंगे और कार्यपालक आदेश के तहत 12 अवकाश हैं।

**कैबिनेट के अन्य फैसले**

* बैठक में मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना की स्वीकृति दी गई। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्र में जिन घरों में अभी तक बिजली नहीं पहुंची है वहां बिजली पहुंचाई जायेगी। इसके लिए 1485 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई।

* झारखंड पुलिस रेडियो संपर्क और वायरलेस नंबर की नियुक्ति नियमावली में बदलाव हुआ। अब पहले फिजिकल और मेडिकल टेस्ट होगा। अंत में लिखित परीक्षा होगी।

* प्रोजेक्ट विद्यालय में नियुक्त वैसे योग्य टीचर जिनकी अनुशंसा समिति करेगी उन्हें फिर से बहाल किया जाएगा। एसटी,एससी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में प्रशिक्षण कार्य के लिए तात्कालिक व्यवस्था के तहत सर्विस प्रोक्योरमेंट के आधार पर अंशकालिक शिक्षकों से कार्य जाने की एक साल तक अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।

* राज्य सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन पीपीपी मोड पर कराने का निर्णय लिया है।




* गोलाई व घाघरी वीयर योजना का पुनरुद्धार योजना की स्वीकृति दी गयी। इसके तहत शर्तों में बदलाव किया गया है, ताकि अधिक एजेंसी भाग ले सके। अब पीपीपी मोड पर तीन आईटीआई संचालन कर सकते हैं। इसके अलावा 10 साल तक संचालन किया जा सकेगा।

* झारखंड प्रशासनिक सेवक अधिकारी परमेश्वर मुंडा को 6 जुलाई 2015 की तिथि से एसडीओ रैंक में जो प्रमोशन दिया गया था उन्हें इस तिथि से वित्तीय लाभ मिलेगा।

* दुमका हवाई अड्डा में कॉमर्शियल पायलट ट्रेनिंग और एयरबस ट्रेनिंग के लिए दिया जाएगा। 30 बच्चों को उसमें ट्रेनिंग दी जायेगी। परीक्षा के माध्यम से उनका चयन होगा इन 30 में से जो 15 बच्चे होंगे उनको राज्य सरकार के तरफ से फ्री में ट्रेनिंग दी जायेगी। एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में 9 करोड़ 10 लाख रुपए खर्च होंगे।

* कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाईओवर को आपस में जोड़ा जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने जुडको की सहमति से इसका डीपीआर तैयार कराया है। इसकी लंबाई 1.25 किलोमीटर है। 213 करोड़ की लागत से इसे बनाया जायेगा।

# निलंबन मामला: राघव चड्ढा राज्यसभा सभापति से बिना शर्त मांगें माफी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के निलंबन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दखल दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ से मिलकर बिना शर्त माफी मांगने को कहा है. कोर्ट ने कहा कि सभापति सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे और मामले को आगे बढ़ाएंगे. मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी. सुप्रीम कोर्ट ने आप सांसद की याचिका पर सुनवाई दिवाली की छुट्टियों के बाद निर्धारित की,



अटॉर्नी जनरल से इस मामले में आगे के घटनाक्रम की जानकारी देने को कहा है।मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा,हमें ये ध्यान रखना चाहिए कि राघव चड्ढा कम उम्र के और पहली बार के सांसद हैं. वह बिना शर्त माफी मांग लेंगे. ऐसे में इस मुद्दे को खत्म कर देना चाहिए. राघव चड्ढा मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई तो चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा,आपने बिना शर्त माफी की बात कही थी. बेहतर होगा कि आप सभापति से अपॉइंटमेंट लेकर उनसे मिलें. उनकी सुविधा के मुताबिक,आप उनके घर, दफ्तर या सदन में माफी मांग लें,क्योंकि यह सदन और उपराष्ट्पति सह राज्यसभा सभापति की गरिमा का मामला है.राघव के वकील शादान फरासत ने कहा,राघव राज्यसभा के सबसे युवा सदस्य हैं.

# कब तक होगी ओबीसी कमीशन के चेयमैन की नियुक्ति?

*** हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में नगर निकाय का चुनाव अधर में है. इसको लेकर रांची नगर निगम के पार्षदों ने जल्द चुनाव की मांग को लेकर हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है. जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में सुनवाई के दौरान पूर्व पार्षद रौशनी खलखो, अरुण कुमार झा समेत अन्य की याचिका पर अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा.
प्रार्थी के अधिवक्ता ने कहा कि जानबूझकर चुनाव नहीं कराया जा रहा है. लिहाजा, चुनाव होने तक पूर्व पार्षदों को ही काम करने का मौका दिया जाना चाहिए. जैसा पंचायत चुनाव के दौरान हुआ था. इसपर कोर्ट ने सरकार के अधिवक्ता से पूछा कि कबतक नगर निकाय के चुनाव कराए जाएंगे.
हालांकि इसपर कोई ठोस सकारात्मक जवाब नहीं मिला. सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि ओबीसी आरक्षण को लेकर अलग से कमीशन का गठन कर दिया गया है. जवाब में प्रार्थी के अधिवक्ता ने कहा कि कमीशन का गठन तो कर दिया गया है लेकिन अभी तक कमीशन में अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई है.इसको गंभीर मामला बताते हुए कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार बताए कि ओबीसी को आरक्षण देने के लिए गठित कमीशन के अध्यक्ष की नियुक्ति कबतक होगी. कोर्ट ने मौखिक तौर पर कहा कि अगर इसका जवाब नहीं मिलता है तो विभागीय सचिव को अदालत में सशरीर उपस्थित होकर जवाब देना होगा. मामले की अगली सुनवाई 8 नवंबर को होगी.

# छत्तीसगढ़ चुनाव : भाजपा का घोषणा पत्र जारी

एजेंसी

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने अपनी घोषणा पत्र जारी कर दिया है. गृहमंत्री अमित शाह ने रायपुर में भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बीजेपी का संकल्प पत्र लॉन्च किया. इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र हमारे लिए संकल्प पत्र होता है. छत्तीसगढ़ की स्थापन का उद्देश्य विकास की मुख्य धारा में सम्मलित करना था. हमें छत्तीसगढ़ के लिए काम करने का मौका मिला.15 साल में छत्तीसगढ़ में बीमारू राज्य



से अच्छे राज्य में तब्दील किया गया. अब फिर से चुनाव आया है. छत्तीसगढ़ की जनता परिवर्तन करने जा रही है. हम छत्तीसगढ़ को संपूर्ण विकसित राज्य बनाने का काम करेंगे. छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से बाहर लाना का काम बीजेपी ने किया है. पोषणा की गारंटी देने वाला पहला राज्य छत्तीसगढ़ बना. मनरेगा में 150 दिन की रोजगारी देने वाला राज्य छत्तीसगढ़ बना है.
छात्रों को निशुल्क लैपटॉप, टैब देने का काम किया गया.गृहमंत्री ने कहा कि आदिवासी अंदल में जहां कॉलेज की स्थापना काफी मुश्किल था, वहां दंतेवाड़ा में भी शिक्षा के नए मानक गढ़ने का काम बीजेपी ने किया. 5 साल में सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है. मैं 3 महीनों में 10 बार आया, मैंने कई वर्ग से बात की है.



## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

# समय सीमा के अंदर आवेदन का निष्पादन करें पदाधिकारी : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे हरिहरगंज थाना क्षेत्र के मो.आजम रिजवी ने उपायुक्त को बताया कि विगत 24 जुलाई 2023 को खाना बनाने के क्रम में गैस सिलेंडर के फटने से घर में आग लग गई थी। जिससे मेरी बच्ची झुलस गई और घर का सारा साजो-सामान जल कर राख हो गया। जिस पर उपायुक्त ने पीड़ित परिवार को अपने निजी स्तर से पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद की। साथ ही आपदा राहत कोष से सहायता करने का भी आश्वाशन दिया। इसी तरह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के सुमित्रा देवी ने उपायुक्त से केसीसी ऋण माफ करवाने की अनुरोध किया। इसी तरह पाटन थाना क्षेत्र के कोदम राम ने उपायुक्त से राशन कार्ड में नाम जोड़वाने का अनुरोध किया। इसी तरह सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के कांति देवी ने उपायुक्त से बंद हुए वृद्धा पेंशन को फिर से देने का अनुरोध की। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## डीसी ने तीन मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

मेदिनीनगर : मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनिरीक्षण 2024 के तहत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने हरी झंडी दिखाकर तीन मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया। इन रथों के माध्यम से 9 दिसंबर तक चलने वाले मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनिरीक्षण कार्यक्रम के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनिरीक्षण के तहत किये जाने वाले कार्यों, नये वोटरों का नाम सूची में जोड़ने, मतदाता सूची में सुधार, मृत मतदाता का नाम विलोपित करने सहित अन्य जानकारी दी जायेगी। पलामू जिला अंतर्गत मतदाताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने, मतदान में भाग लेने, युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये प्रेरित करने के लिए स्वीप अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है.मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु,सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, सीओ चैनपुर समेत अन्य उपस्थित रहे।

## हाजिरी बनाकर विद्यालय से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षक पर बीईईओ ने की कारवाई




**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक का वेतन भुगतान पर बीईईओ विजय कुमार पांडे ने शुक्रवार को स्थगित कर दिया है। उक्त विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर हाजरी बनाकर ग़ायब रहने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग के सीआरपी श्याम किशोर सिंह बीआरपी संतोष कुमार रजक पिछले कई दिनों से मिल रही शिकायत पर गुरुवार को विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे जहां उक्त शिक्षक हाजिरी बनाने के पश्चात बिना कोई सूचना के अनुपस्थित पाए गए थे। उसी के संदर्भ में उक्त शिक्षक पर कार्रवाई की गई है।

## कोकरसा में रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ का 38 वां अधिवेशन बीस नवंबर से

**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पड़वा के कोकरसा में रामचरितमानस नवाहन पारायण पाठ महायज्ञ के 38 वें अधिवेशन को लें शुक्रवार को मध्य विद्यालय कोकरसा के प्रांगण में बैठक हुई। इसमें यज्ञ समिति गठित की गई। सर्वसम्मति से वीरेंद्र पांडेय को अध्यक्ष, जय वंश पांडेय को कोषाध्यक्ष, राहुल पांडेय को उपाध्यक्ष, राजीव तिवारी को महामंत्री, धर्मेंद्र तिवारी को यज्ञ संचालक, कृष्णानंद दुबे को मंत्री, श्री गणेश पांडेय को सचिव, मंजय पांडेय को संरक्षक, बलवंत पांडेय को कोषाध्यक्ष, तथा शशिकांत पांडेय को मंच संचालक चुना गया। तथा सदस्य के रूप में पंकज पांडेय, धनंजय पांडेय, शंभू नाथ पांडेय, नवनीत पांडेय, ब्रजेश पांडेय, प्रसिद्ध पांडेय, ऋषिकांत पांडेय, निर्भय पांडेय, नागेंद्र पांडेय, नारद मुनि पांडेय, अंजनी पांडेय, अनुराग पांडेय, कमलेश पांडेय को चुना गया। मौके पर अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने बताया कि महायज्ञ का अड़तीसवां अधिवेशन 20 नवंबर से प्रारंभ होकर 28 नवंबर तक चलेगा। जिसमें बाहर से आए हुए वक्ताओं के द्वारा रात्रि में प्रवचन किया जाएगा।

## दुर्गा पूजा कमिटी के सदस्यों पर जानलेवा हमला करने वालो के खिलाफ दिया आवेदन

**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत असली दक्षिणी पंचायत दुर्गा पूजा कमेटी के बकाया चंदा मांगने से नाराज उसी पंचायत के ललन सिंह पिता रघु चेरो अपने सहयोगियों विश्वनाथ यादव पिता स्वर्गीय मदन यादव, उपेंद्र साह पिता राम गुलाम साह, रवि शंकर यादव पिता विश्वनाथ यादव, जितेंद्र यादव पिता विश्वनाथ यादव के द्वारा पूजा कमिटी के सदस्य सुनील यादव के साथ दुर्व्यवहार करते हुए हेक्शा ब्लेड से मारने को लेकर के खिलाफ थाना में दुर्गा पूजा कमेटी ने आवेदन दिया है। उक्त आवेदन के अनुसार 29 अक्टूबर 2023 को बकाया चंदा कलेक्शन करने दुर्गा पूजा कमेटी गया था, इस दौरान ललन सिंह से बकाया राशि मांगने पर विरोध किया और हेक्सा ब्लेड से सुनील यादव के गले पर मारना चाहा, साथ गए कमेटी ने इसका विरोध किया तो वहां पर पहले से उपस्थित अपने साथियों के साथ मिल पूजा सदस्यों पर लाठी डंडा लेकर टूट पड़े साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया। उक्त आवेदन देने वालों में दुर्गा पूजा कमिटी के सदस्य सुनील यादव लाला, कमलेश यादव, विजय यादव शामिल थे।

# केन्द्र की मोदी सरकार सिर्फ ठगने का काम किया : डॉ. तौशीफ आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद देवरी रोड़ स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर में विधानसभा स्तरीय कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक सदस्य अयोग डॉ तौशीफ आलम को पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने की जबकि मंच संचालन संयुक्त रूप से अवध बिहारी सिंह ने क्रिया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक सदस्य डॉ तौशीफ आलम ने कहा की केन्द्र की मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। चाहे सुरक्षा की बात हो चाहे रोजगार की बात हो, केंद्र की मोदी सरकार ने देश के युवाओं को वादा किया था की हर वर्ष युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जाएगा, उन्होंने आगे कहा कि आज देश में महंगाई चरम सीमा पर है। आज देश में नफ़रत का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधान सभा प्रभारी नवलकिशोर पाठक ने कहा की आज देश के किसानों का हाल खस्ताहाल है, हर जगह धर्म के नाम पर लोगों को तोड़ने का काम किया जा रहा है मौके पर महिला प्रखंड अध्यक्ष मीना देवी विमला देवी नगर पंचायत अध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान सैयद मशरूर अहमद, गुप्तेश्वर पांडेय, शंभू सिंह, अर्जुन सिंह, नदीम खान, अंबिका सिंह अजय कुमार पासवान शक्ति पासवान, झामुमो नेता नेहाल असगर, डा एजाज़ आलम सहित अन्य लोग, मौजूद थे।

## कोल्हुआ ग्राम के सांडो टोला के ग्रामीणों ने श्रमदान कर बना डाली 500 मीटर लंबी सड़क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 4-5 किलोमीटर दक्षिण में स्थित ग्राम कोल्हुआ में सांडो टोला के ग्रामीणों ने मुखिया रेखा देवी तथा मुखिया पति राजकुमार राम के सहयोग से श्रमदान कर लगभग 500 मीटर रोड बनाने में लगे हुए है। बताते चले कि सांडो टोला के लोग आज भी सड़क से वंचित थे।खास कर बरसात के दिनों में उन्हें अपने घर से मुख्यालय आने जाने में बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता था।सांडो टोला से मुख्यालय आने जाने का उनका एक मात्र साधन पइन के पानी को रोकने के लिए बना बांध था। पिछले 16 अक्टूबर को एक दबंग व्यक्ति द्वारा उक्त सड़क को जेसीबी लगवा कर कटवा दिया गया था। जिसके बाद से ग्रामीण आक्रोशित थे। ग्रामीणों ने दो बार थाना में आवेदन दिया।लेकिन पुलिस के बुलाने पर भी वह व्यक्ति थाना नही गया।पिछले दिनों ग्रामीणों द्वारा मुखिया रेखा देवी व मुखिया पति राजकुमार राम के नेतृत्व में सड़क समस्या को लेकर बैठक बुलाया गया था। बैठक के दौरान भी उक्त व्यक्ति द्वारा बैठक में पहुच कर मुखिया पति सहित सभी ग्रामीणों को जाति सूचक शब्दो का प्रयोग कर गाली गलौज किया गया था। इसकी भी शिकायत ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दिया गया। फिर भी उक्त व्यक्ति पर कोई कार्रवाई नही किया गया।इसके बाद ग्रामीणों ने मुखिया व मुखिया पति के नेतृत्व उक्त सड़क को श्रमदान कर बनाने का निर्णय लिया। सांडो टोला के दर्ज़नो ग्रामीण श्रमदान कर सड़क बनाने में जुट गए। श्रम दान करने वालो में मुखिया पति राजकुमार राम, रमा शंकर राम, धर्मेन्द्र कुमार पासवान, राजेन्द्र राम, प्रेम चंद पासवान, प्रेमचंद्र भोगता, भरदुल पासवान, राम पवन गुप्ता, उपेंद्र राम, धीरेन्द्र कुमार गुप्ता, रमेश राम, दशरथ पासवान, बसंत राम,रोहित पासवान, नागेंद्र राम, राजेन्द्र राम, देव कुमार खेरवार, विश्वनाथ राम, रघुनाथ पासवान, कमला सिंह, कामेश्वर राम, बबलू राम, अरुण राम, परसु राम सिंह, राजन कुमार गुप्ता, बुधनी देवी, हमशानिया देवी, मीना देवी, गौरी देवी, दीपक कुमार, छोटे लाल राम, लखन भोगता, लालू प्रसाद गुप्ता के नाम शामिल है।

## मंत्री के किये कार्यों का श्रेय लेने के लिए बेचैन हैं विधायक भानु : रंजनी



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर जिप सदस्य रंजनी शर्मा ने कहा है कि जिप सदस्य के आग्रह पर झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा किये गये कार्या का श्रेय लेने के लिए भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही काफी बेचैन हैं। जो बातें जगजाहिर है कि काम कौन किया है उसमें उसका श्रेय लेने में भी उन्हें तनिक भी शर्मिंदगी महसूस नहीं हो रही है। श्रीमती शर्मा ने उक्त बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कही। जिप सदस्य ने कहा कि जिला परिषद बोर्ड से सरकार तक के प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराया गया है। जिसका प्रमाण है कि जिला परिषद की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया है। इसके बाद भी सिविल सर्जन एवं मंत्री श्री ठाकुर से निवेदन कर वे एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई हैं। मेरा प्रयास से उपलब्ध एक्सरे मशीन की वाहवाही लेने के लिए क्षेत्र के छलिया विधायक द्वारा शुभारंभ कराया जा रहा है, जो काफी निंदनीय विषय है। इस कार्यक्रम से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्थानीय विधायक की मिलीभगत एवं साजिश के तहत जिप सदस्य को उपेक्षित रखा गया है। स्थानीय विधायक को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक अपने संबोधन में बोल रहे हैं कि जिला परिषद सुन रहे होंगे। विधायक जी की मानसिक स्थिति इतनी खराब हो गई है कि वे यह भी नहीं समझ पा रहे हैं कि जिला परिषद कार्यक्रम में हैं भी या नहीं है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि उनके प्रयास जन वितरण प्रणाली की कालाबाजारी रोकने के लिए निगरानी समिति बनाई गई है। झारखंड सरकार ने सुखाड़ की सूची में गढ़वा जिला को शामिल किया है। किसानों को फसल की भारी क्षति हुई है। फिर भी विधायक अपने संबोधन में बोल रहे हैं कि उनके प्रयास से बहुत हरी भरी फसल हुई है। विधायक का आया हुआ कद यह किसानों के प्रति घोर न्याय है। किसान उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। विधायक का यह गुमराह भाषण कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। वे इससे सरकार को अवगत कराते हुए किसानों को सुखाड़ का लाभ अवश्य दिलवाउंगी। आज स्थिति यह है कि सरकारी की योजनाओं को विधायक के चहेते मुखिया योग्य लाभुकों तक नहीं पहुंचने दे रहे हैं। विधायक कहते हैं कि सिंचाई कुप निर्माण में 25 हजार वसूला जा रहा है। वह वसुली विधायक के चहेते मुखिया खुलेआम कर रहे हैं। सरकार की योजना पूरे विधानसभा के हर घर में पहुंचने का प्रयास करूंगी।

## बीडीओ ने बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी विशाल कुमार सिंह ने सभी बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर के साथ निर्वाचन कार्यो को लेकर शुक्रवार को बैठक किया।बैठक में उन्होंने सभी बीएलओ की सावधानी पूर्वक निर्वाचन संबंधी कार्यो का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीएलओ पर्यवेक्षको को प्रपत्र 6 से नाम जोडना, प्रपत्र 7 मृत व स्थानान्तरित मतदाताओ का नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए तथा प्रपत्र 8 मतदाता सूची में हुए अशुद्धियों को ठीक करने के लिए प्रयोग करते हुए कार्य का निष्पादन शीघ्र करने का निर्देश दिया। उन्होंने ई विद्यावाहिनी से आये आवेदनों को भी अपडेट करने का निर्देश दिया। मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर कौशल कुमार, जितेंद्र कुमार, रणधीर कुमार, अशोक कुमार, विरेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार, सुमित कुमार, विकास जैसवाल, बीएलओ मधु सहाय, पूनम वर्मा, अंजू देवी, शिला देवी, सरोज देवी, सुनीता देवी, प्रमिला देवी, सिमा देवी, वासमती देवी सहित सभी बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## एमवीआई ने 9 वाहन किये जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** एमवीआई लालबिहारी यादव ने गुरुवार की रात्रि को हरिहरगंज थाना के समीप एनएच 98 इंटरस्टेट चेक पोस्ट से 9 वाहन जब्त किया है। इनमें 3 ट्रेलर, 2 ट्रक, 1 पिकअप, तथा 3 टीपर शामिल है। इस संबंध में एमवीआई ने बताया कि सभी जब्त वाहनों के कागजात की जांच की गई। आवश्यक कागजात, प्रदूषण, इंश्योरेंस पेपर नहीं होने तथा ओवरलोड के परिवहन मे वाहनों को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि इन दिनों सड़क पर नियम के विरुद्ध चल रहे वाहनों पर लगातार मुहिम चलाई जा रही है तथा नियम की अनदेखी किये जाने पर जुर्माना भी वसूला जा रहा है। फिलहाल उक्त सभी वाहनों को स्थानीय थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

## बीडीओ नंदजी राम ने केतार में दिया योगदान तीन महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने शुक्रवार को केतार प्रखंड मुख्यालय पहुंच अपना संपूर्ण योगदान दिया। बीडीओ नंदजी राम ने योगदान के पश्चात प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में तीन महत्वपूर्ण बैठक भी संपन्न कराई गई जिसमें मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सरसों बीज के लिए क्लस्टर चयन करना वही मतदाता सूची में नाम जोड़ना एवं शुद्धिकरण से संबंधित बैठक शामिल है। उक्त बीडीओ ने बताया कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं है उसे जमीनी स्तर तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी आज मेरे द्वारा तीन मीटिंग रखी गई थी जिसमें ग्राम गाड़ी योजना में सरकार की मंशा यह है कि उस क्षेत्र में गाड़ी चले जहां अभी तक गाड़ी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतें होती है उन तक सरकार गाड़ियां चलाएं ताकि वहां से आवागमन लोग आसानी से कर सकें ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्ग, दिव्यांग व्यक्ति या स्कूली बच्चे है वह छूट देकर आसानी से मुख्यालय तक पहुंच सके। इसके लिए सर्वसम्मति से पांच रूट तय की गई हैं जो यहा के सभी लोगों का इच्छा थी कि 5 रूट में गाड़ियां चलें और वह गढ़वा तक जाए वहीं दूसरी बैठक सरसों बीज वितरण संबंधित थी जिसमें दो क्लस्टर चैन कर बीज वितरण किया जाना था जो यहां के जनप्रतिनिधि समन्वय स्थापित कर दो पंचायतो में दो क्लस्टर का चयन सर्व समिति से किया साथ ही यह निर्धारित किया कि आगामी समय में किन-किन पंचायत के लिए बीज वितरण किया जाएगा।

# सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के रबदा पंचायत में रबदा मोड़ से केवाल सिवान तक रास्ता बहुत खराब था बीते दिन वहां के ग्रामीणों के द्वारा विधायक डाल्टनगंज आलोक चौरसिया के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंचे इसके बाद आलोक चौरसिया ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग से बात कर अभिलंब रोड मुहैया कराई साथ ही यह जनता को स्वस्थ कराया कि हमारे रहते किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होगी। विधायक आलोक चौरसिया ने ग्रामीणों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस सड़क के बन जाने से इस दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को सीधे तौर पर इसका लाभ मिलेगा। श्री चौरसिया ने कहा कि झारखंड सरकार की नीयत साफ नहीं है। वह केंद्र सरकार के नियमावली पर सवाल उठाती है, खुद बालू पर रोक लगाई है और केंद्र सरकार पर दोसारोपन करती है। बीते दिन राज्य कोष से करोड़ों का खर्च कर बड़ा कार्यक्रम किया गया जिसमें 5000 कुछ बच्चों को नौकरी देने के नाम पर ठगी की गई झारखंड की जनता के साथ छलावा किया जा रहा है जिसका जवाब 2024 में हेमंत सरकार को मिलेगा। मौके पर उपस्थित ज़िला परिषद प्रमोद सिंह, मुखिया पार्वती देवी, पंचायत समिति अमरजीत राम, उपमुखिया रामजी चौधरी, साधु चौधरी, मनोज चौधरी, नागेन्द्र चौधरी, संजय ठाकुर, सरीता देवी, बुधन चौधरी, शिव यादव, अमलेश चौरसिया सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# सांसद ने 785.87 लाख की योजनाओं को दिलायी स्वीकृति, अन्य योजनाओं के लिए प्रयास जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पलामू संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिला अंतर्गत विभिन्न पथों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पथ निर्माण विभाग के द्वारा पथ निर्माण से संबंधित विभिन्न योजनाओं यथा केतार से काण्डी पथ में धोबनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण जिसकी 785.87 लाख (सात करोड़ पचासी लाख सत्तासी हजार रूपये) होगी, के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और निविदा का भी विस्तार हो चुका है।उक्त बातें पलामू सांसद बीड़ी राम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही है। श्री राम द्वारा जारी किए गए विज्ञप्ति में कहा गया है कि तिलदाग मोड़ से अटौला मोड़ तक 23.42 किलोमीटर पथ की स्वीकृति प्राप्त हो चकी है। इस पर कुल 1070.64 लाख की लागत आएगी। चैनपुर-रमकण्डा 13.72 किलोमीटर पथ निर्माण की प्रस्तावित स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं निविदा का विस्तार हो चुका है। इस पर कुल 925.79 लाख की लागत आएगी। शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।जब कि जारी विज्ञप्ति में नगर उंटारी एन0एच0-75 से गरबाँध होते हुए रोहनीय पी0डब्लूडी0 तक 15.74 किलोमीटर पथ का निर्माण। लागत 6152.42 लाख, नगर उंटारी-भवनाथपुर-खरौंधी- **डाला तक 37.31 किलोमीटर पथ 1609.97 लाख के लागत का निर्माण :** भवनाथपुर-पांचाडुमर 17.50 किलोमीटर पथ 1335.74 लागत का निर्माण,रमना बाजार से सिल्लीदाग होते हुए घुरकी तक 26.65 किलोमीटर 11368.00 लाख का पथ निर्माण प्रशासनिक स्वीकृत की प्रक्रिया में है।इसके अतिरिक्त चिनियॉ-रनपुरा- खुटवा मोड तक 32.93 किलोमीटर पथ का निर्माण लागत 2192.50 लाख, प्रक्रियाधीन है।भंडरिया-तेहरी भाया बरगर तक 25.90 किलोमीटर पथ का निर्माण लागत 1809.11 लाख का प्रक्रियाधीन है। जारी विज्ञप्ति में इस प्रकार कुल 08 पथों (लंबाई-193.17 किलोमीटर ) एवं घोबनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण पर रू 2,72,50,04,000,00 (दो अरब बहत्तर करोड़ पचास लाख चार हजार रूपये) की राशि खर्च होगी।इन पथों के निर्माण से निश्चित रूप से जनता को आवागमन अत्यधिक सरल एवं सुलभ होगा। योजनाएँ वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं, के शीघ्र पूर्ण कराए जाने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

## आगामी छठ महापर्व मनाने को लेकर सूर्य मंदिर विकास समिति के लोगों ने की आवश्यक बैठक

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय संस्कृति में लोक आस्था का पर्व छठ पूजा का सफल आयोजन को लेकर केतार के मुकुंदपुर पंचायत में स्थित सूर्य मंदिर परिसर में मंदिर विकास समिति,अनुशासन समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीनो के उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक किया गया।इस वर्ष छठ महापर्व में काफी भीड़ होने की संभावना व्यक्त किया गया।बताते चले के कार्तिक छठ के अवसर पर सूर्य मंदिर परिसर में झारखंड समेत सीमावर्ती प्रदेश उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश,बिहार समेत अन्य प्रदेशों से लाखों श्रद्धालु छठ व्रत करने के लिए पहुचते है।छठ पूजा के इस महत्वपूर्ण बैठक में पिछले वर्ष किए गए विधि व्यवस्था से अधिक विधि व्यवस्था करने,पेयजल की समुचित व्यवस्था,पार्किंग, सुरक्षा,लाइटिंग,साफ सफाई पर विशेष ध्यानाकृष्ट किया गया।ताकि इस वर्ष सूर्य मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इस बैठक में अनुशासन समिति का विस्तार किया गया जिसमें विजय कुमार सिंह, ब्रजेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, पंकज कुमार सिंह को शामिल किया गया। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार 14 नवम्बर को सूर्य मंदिर परिसर में शांति समिति का बैठक होना सुनिश्चित किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

## एसएसपी ने किया सात थाना प्रभारी का तबादला, सदर थाना प्रभारी बने लक्ष्मीकांत

**रांची :** रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सात थाना प्रभारी सहित कुल नौ पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में गुरुवार रात अधिसूचना जारी किया गया। शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत को सदर थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि पुलिस केंद्र में पदस्थापित रविंद्र नाथ सिंह को अंचल निरीक्षक सोनाहातू, सुरेश कुमार मंडल को बरियातू थाना प्रभारी और आनंद किशोर प्रसाद को डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा सब इंस्पेक्टर लालजी को सिल्ली थाना प्रभारी, सुकुमार हेंब्रम को पुलिस केंद्र रांची, सूर्यकांत कुमार को लापुंग थाना प्रभारी, अमित कुमार को तमाड़ थाना प्रभारी और दीपक कुमार सिंह को मोरहाबादी टीओपी का प्रभारी बनाया गया है।

## हॉलीवुड फिल्म निर्देशक के निर्देशन में काम करेंगे झारखंड के कलाकार

**रांची।** 6 नवंबर से 8 नवंबर तक दिल्ली के अलग अलग इलाकों में फिल्म एरर 404 की शूटिंग शेड्यूल की गई है, जिसके निर्देशक हैं हॉलीवुड फिल्म के निर्देशक पैट्रिक रीज़नओवर। फिल्म को फ्रसेंटर फॉर सिविल सोसाइटीफ्र के बैनर तले बनाई जा रही है, जबकि प्रोडक्शन की जिम्मेदारी मिली है झारखंड फिल्म एंड थियेटर एकेडमी को। खास बात ये है कि फिल्म में अभिनय कर रहे सभी कलाकार कडरू स्थित झारखंड फिल्म एंड थियेटर एकेडमीफ्र से प्रशिक्षित हैं जिसमें शामिल हैं नीरज कुमार, रोशन प्रकाश, अरुण सिंह, मुस्कान मेधा और अपराजिता रॉय। फिल्म एरर 404 शहर के फल विक्रेताओं को नगर निगम के कानून को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से बनाई जा रही है।

# झारखंड में महिला हॉकी पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में हॉकी का अपना इतिहास रहा है। किस जद्दोजहद से होकर अपना मुकाम पाया है और वर्तमान में झारखंड हॉकी और इसके खिलाड़ियों की क्या स्थिति है,आज किस मुकाम पर हैं और यदि यह सब जानकारी हासिल करनी हो तो ब्लूरोज पब्लिशर्स नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित और खेल पत्रकार डॉक्टर शाहनवाज कुरैशी द्वारा लिखित पुस्तक झारखंड की महिला हॉकी को जरूर पढ़ सकते हैं। जिसका लोकार्पण शुक्रवार को मारंगों के जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में पद्मश्री सह भारतीय हॉकी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की, हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष तैयब इकराम, भारतीय हॉकी के महासचिव सह झारखंड हॉकी के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह , कोषाध्यक्ष शेखर सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।



बताया गया की 6 अध्यायों में इस पुस्तक में राज्य के महिला हॉकी खिलाड़ियों को और उनके संघर्षों, उसकी उपलब्धियों को शामिल करने की कोशिश की गई है। पहला अध्याय हॉकी के प्रारंभिक इतिहास ओलंपिक खेलों में शामिल होने की कहानी से लेकर अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन की स्थापना के पृष्ठभूमि पर चर्चा की गई है। साथ ही भारत में ब्रिटिश रेजिमेंट से होकर सुदूर ग्रामीण इलाकों तक हॉकी के पहुंचने की दास्तान भी सम्मिलित की गई है। भारत में महिला हॉकी की शुरुआत से लेकर विस्तार एवं उनकी उपलब्धियां का भी वर्णन किया गया है।

दूसरा अध्याय झारखंड में महिला हॉकी की शुरुआत राजकीय बालिका उच्च विद्यालय में हॉकी के खिलाड़ी कुलवंत सिंह , राजपाल सिंह सिद्धू , नरेंद्र सिंह सैनी के प्रारंभिक प्रयास संघर्ष और उपलब्धियां का चर्चा है । 2014 के बाद हॉकी झारखंड में किस तरह से बदलाव आया, करंगागुडी सिमडेगा व हेसल खुंटी के हॉकी हब बनाने की कहानी को इसमें शामिल किया गया है। तीसरा अध्याय ओलंपियन निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग के संघर्षों और उनकी उपलब्धियां को समटने की कोशिश की गई है। चौथा अध्याय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के संघर्ष उपलब्धियां की चर्चा है। सावित्री पूर्ति , विश्वासी सोंय, अलमा गुरिया, सुमराय टेटे, असुंता लकड़ा, हेलन सोंय, आसिरता लकड़ा जैसे कई खिलाड़ियों की इसमें चर्चा की गई है। पांचवा अध्याय महिला हॉकी के शिल्पकार के रूप में कोच कुलवंत सिंह से लेकर नरेंद्र सिंह सैनी और दशरथ महतो की भी चर्चा की गई है। वहीं छठा अध्याय झारखंड में हॉकी को नई उड़ान देने वाली हॉकी प्रशासक भोलानाथ सिंह के हॉकी से जुड़ने के दिलचस्प कहानी का भी वर्णन इसमें किया गया है।

# आने वाले समय में हॉकी इंडिया लायेगा गोल्ड : भोलानाथ सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को हॉकी इंडिया की 13वीं वार्षिक आमसभा एजीएम मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सभागार में आयोजित की गयी। यह एजीएम झारखंड में पहली बार हुई है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने बताया कि पहली बार हॉकी की अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता झारखंड में आयोजित की गयी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन का इसमें बहुत बड़ा योगदान है। वे हॉकी को काफी सपोर्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हम झारखंड में अंतराष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करना चाहेंगे। हम ग्रास रूट पर काम करना चाहते हैं। बताया कि पिछले एक वर्ष में हॉकी इंडिया ने बहुत अच्छा परफॉर्मेंस किया है। हम एशियन जूनियर बॉयज और गर्ल्स में चैंपियन बने। एशियन चैंपियन ट्रॉफी में पुरुष टीम चैंपियन बनी। महिला टीम भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। विजेताओं को कैश अवार्ड दिया जा रहा है। पहली बार हॉकी इंडिया ने अंडर 17 बालक और बालिका को यूरोप भेजा।





**राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले को मिलेंगे 10 लाख :** हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि राज्य सदस्य इकाइयों को मजबूत करने के लिए वर्ष 2023 में आयोजित हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली प्रत्येक सदस्य इकाई को 10 लाख रुपये का पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। मेन फोकस इंडियन हॉकी का पुराना दिन वापस लाना है। उन्होंने बताया कि 2011 में जो भारतीय क्रिकेट टीम के साइकोलॉजिस्ट थे, वही वर्तमान में हॉकी मेन टीम का हिस्सा हैं। छठी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में से कम से कम 4 में भाग लेने वाली प्रत्येक स्थायी राज्य सदस्य इकाई को 1.50 लाख रुपये का समर्थन मिलेगा। आने वाले समय में हमारी टीम गोल्ड लायेंगे।

**हॉकी फैंस हैं, तो हॉकी है :** छह राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाली इकाइयों को 9 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। इसी प्रकार, एसोसिएट राज्य सदस्य इकाइयों को प्रत्येक हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनकी भागीदारी के लिए 1.50 लाख रुपये का 50त्न पुरस्कार दिया जाएगा, बशर्ते वे कम से कम 4 वार्षिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खेले हों। एफ आई एच अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा कि इंडियन हॉकी है, तो हॉकी वर्ल्ड है। हॉकी फैंस हैं, तो हॉकी है।

## मुख्यमंत्री से मिले सेल के चेयरमैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने कहा कि रांची में आयोजित वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के मैच देखने का मौका मिला। साथ ही इस चैंपियनशिप के शानदार और सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा इस तरह के खेल आयोजन करने से यहां के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल भी मौजूद थीं।

# मिशन चौक पर स्कूल के बच्चे व एंबुलेंस फसे रहे जाम में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मेन रोड जाने वाले मिशन चौक स्थित सुबह करीब 7 से 8 बजे के बीच ट्रैफिक पुलिस चौक पर नहीं रहने के कारण यातायात जाम की स्थिति बन गई थी। इतना ही नहीं, पहले भी इस तरह की समस्याएं देखने को मिल चुकी थी। जिसकी शिकायत ट्रैफिक एसपी से करने के बाद इस व्यवस्था में सुधार किया गया था । लेकिन फिर से वही स्थिति बन गई है । शुक्रवार को जब सुबह जाम की स्थिति बन गई तो स्कूल के बच्चे भी इस जाम में फंस गए और कई बच्चों के स्कूल भी छूट गए । सबसे बड़ी बात है कि यहां पर एंबुलेंस भी करीब 10 मिनट से अधिक देर तक फंसी रही। लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।



## सीसीएल सतर्कता महोत्सव कल्चरल फेस्टीवल का सफल समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के अंतर्गत आयोजित तीन-दिवसीय 'सतर्कता महोत्सव कल्चरल फेस्टीवल' आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सीसीएल कर्मियों के साथ-साथ आमजन को 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें' हेतु जागरूक, प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए यह आयोजन किया गया। सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने सतर्कता विभाग को बधाई देते हुये कहा कि इतने संख्या में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों का भाग लेना कार्यक्रम के सफलता को रेखांकित करता है। सीवीओ पंकज कुमार ने सीसीएल में आयोजित सतर्कता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि भ्रष्टाचार देश की सबसे बड़ी समस्या है और सतर्कता के प्रति जागरूकता का संदेश हम सभी को मिलकर जन-जन तक पहुंचाना है क्योंकि बिना जनभागीदारी का कोई भी कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता है।महोत्सव के तहत सम्मानित मीडिया बंधुओं के साथ एक 'मीडिया ऑफबीट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कई मीडिया बंधुओं ने गीत की प्रस्तुती दी। आज के कार्यक्रम में बच्चों के बीच फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।अधिकारियों को संबोधित करते हुये सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने कहा कि आप कंपनी के भविष्य हैं आपको कार्यनिष्पादन के दौरान नैतिक मूल्यों एवं सत्यनिष्ठा को ध्यान में रखते हुये कंपनी के हित में उचित निर्णय लेते हुये कंपनी को आगे ले जाना है।

## नगर प्रशासक के साथ पूजा समिति के पदादिकरियों ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगर प्रशासक राँची के साथ छठ पूजा समिति के पदादिकरियों की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई ।बैठक में नगर आयुक्त ने आये हुए सभी पूजा समिति के पदादिकरियो से छठ घाट में पर्व के दौरान होने वाले समस्याओं की जानकारी ली ।पूजा समिति के पदाधिकारियो ने मुख्यतः साफ सफाई एवं बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की एवं बड़ा तालाब , धुर्वा डैम , कांके डैम , जुमार नदी एव मधुकम तालाब में विशेष तौर से एनडीआरएफ की टीम की व्यवस्था करने की मांग की । स्टूडेंट फेडरेशन बडा तालाब छठ पूजा समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा , धुर्वा डैम के वेद सिंह एवं जेल तालाब के राजेश गुप्ता छोटू मधुकम तालाब के अनिल गुप्ता ने छठ घाट आने वाले सभी रास्तो की रिपेयरिंग , सफाई एवं बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की । नगर प्रशासक ने पूजा समिति की अमित कुमार ने बात को गंभीरतापूर्वक सुना एवं पर्व में सभी समस्याओं को दूर करने का अस्वाशन दिया एव सभी क्षेत्र के मल्टीपर्पस सुपरवाइजर , जोनल सुपरवाइजर को पूजा समितियों के साथ समन्वय बनाकर अपनी अपनी समस्याओं को दूर कराने का निर्देश दिया । बैठक में मुख्यरूप से स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति से राजीव रंजन मिश्रा , गोपाल पारीक ,धुर्वा डैम से वेद सिंह , कांके डैम से नकुल तिर्की , अरगोड़ा तालाब से सुमित साहू , शाहिल कुमार ,बनस तालाब से कैलाश केसरी , पीएचडी तालाब से नेपाल महतो , गोंदा डैम से राजेश कुमार राम , जोड़ा तालाब बरियातू से प्रकाश चंद सिन्हा , मधुकम तालाब से अनिल कुमार गुप्ता , जेल तालाब से राजेश गुप्ता छोटू , पुनदाग तालाब से अमरदीप साहू , जुमार नदी से कुंदन कुमार,टेटरतोली तालाब से सुनील शर्मा सहित दर्जनों छठ पूजा समिति के पदादिकारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## कांटाटोली चौक पर कहीं भी स्टैंड नहीं करेंगे ऑटो चालक : एसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस उपाधीक्षक यातायात रांची के नेतृत्व में शहर में जाम मुक्त बनाने के लिए अवैध ऑटो स्टैंड को हटाया गया। सबसे पहले जाकिर हुसैन पार्क, किशोरी यादव चौक , रातू रोड में ऑटो के द्वारा अवैध पड़ाव करने के विरुद्ध अभियान चलाकर निर्धारित पड़ाव में लगाया गया । वहीं नामकुम की ओर से कांटा टोली चौक की तरफ आने वाली ऑटो एवं ई रिक्शा को खादगढ़ा बस स्टैंड निकास द्वार से रूट डायवर्ट कर खादगढा बस पड़ाव की तरफ घुमाया गया , ताकि कांटा टोली चौक पर यातायात का लोड कम हो सके। कहां गया है कि वे ऑटो को अधिक देर तक नहीं रोकेंगे सिर्फ सवारी उतारेंगे और चढ़ायेंगे। मेकौन चौक से देवेंद्र मांझी, राजेंद्र चौक तक एवं रतन पी पी चौक से कर्बला चौक, सर्जना चौक तक विशेष अभियान के तहत रॉन्ग पार्किंग का 167 सिग्नल उल्लंघन का 10 तथा नो एंट्री में गाड़ी परिचालन करने पर 16 चालान निर्गत किया गया। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बताया कि कोई भी ऑटो चालक अपना ऑटो रोड पे नहीं लगाएंगे । सवारी उतार-चढ़ाव करेंगे लेकिन वहां रुके नहीं रहेंगे । वहीं कांटा टोली चौक पर भी कोई ऑटो चालक नहीं रुकेंगे । जो भी ऑटो है वह बस स्टैंड के तरफ अपना ऑटो ले जाएंगे। लोग देख रहे हैं कि कहां पर जगह है जहां पर पड़ाव मनाया जा सके। यदि कोई ऑटो चालक नियम का उल्लंघन करेंगे तो तुरंत वहां पर ट्रैफिक पुलिस चालान काटेंगे।



## अदालत ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से पूछा निगम का चुनाव कब तक होगा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में रांची नगर निगम के पार्षदों ने जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग को लेकर दायर रिट याचिका पर सुनवाई हुई ।मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने अदालत से गुहार लगाई कि राज्य सरकार जानबूझकर चुनाव नहीं करवाना चाहती है। इसलिए जब तक चुनाव नहीं हो जाता है तब तक पूर्व पार्षद को ही काम करने का मौका दिए जाने की मांग की।

अदालत ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से जानना चाहा कि कब तक चुनाव होगा। जिस पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने अदालत को बताया कि ओबीसी को आरक्षण दिए जाने को लेकर डेडीकेटेड कमीशन का गठन कर दिया गया है। जिस पर प्रार्थी अधिवक्ता ने कहा कि कमीशन का तो गठन हो गया है । लेकिन अध्यक्ष का अब तक नियुक्ति नहीं हुई है । अदालत में मामले की गंभीरता को देखते हुए मौखिक रूप से कहा कि सरकार यह बताएं कि ओबीसी को आरक्षण देने के लिए जो गठित की गई है कमीशन उसके चेयरमैन का नियुक्ति कब तक होगा अन्यथा विभाग के सचिव अदालत में उपस्थित होकर जवाब दें। मामले की अगली सुनवाई 8 नवंबर तय की गई है।

## गोपाष्टमी महोत्सव 20 को, होंगे कई कार्यक्रम

**रांची :** हरमू रोड स्थित गोशाला न्यास की गोपाष्टमी आयोजन समिति की ओर से आगामी 20 नवम्बर को 119 वां गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। गोशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने शुक्रवार को बताया कि 20 नवम्बर को एक शाम गोशाला के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में गायिका अनुराधा पौडवाल और कविता पौडवाल अपनी प्रस्तुति देंगे। वृंदावन से नृत्य नाटिका की विशेष टीम भी आएगी। साथ ही गोशाला में तुला दान, गणेश पूजन, शहर के विभिन्न स्थानों पर गो पूजन, शोभायात्रा, झूला मेला सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# सेंट जेवियर्स में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेंट जेवियर्स महाविद्यालय, रांची के राजनीति विज्ञान विभाग ने जीन मोनेट मॉड्यूल के सहयोग से, यूरोपीय संघ के प्रतिष्ठित इरास्मस् कार्यक्रम द्वारा सह-वित्त पोषित, 3 नवंबर 2023 को (3-4 नवंबर को निर्धारित) एक भव्य दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। संगोष्ठी युरोपीय संघ की संरचना, प्रक्रिया एवं चुनौतियों विषय पर केन्द्रित था। उद्घाटन सत्र सुबह 9:30 बजे उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ, जिसमें प्रतिष्ठित दिग्गजों की उपस्थिति रही।

संगोष्ठी में प्राचार्य, फादर डॉ. नबोर लकड़ा एस जे , विद्वान वाइस प्रिंसिपल, फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर एस.जे. एवं फादर डॉ. अजय मिंजय, कॉलेज के विद्वान रजिस्ट्रार फादर डॉ. प्रभात के. सोरेंग, महाविद्यालय के दक्ष बर्सर फादर रोशन बा सम्मेलन की संयोजिका, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से डॉ. शीतल शर्मा, सेंट जेवियर्स कॉलेज की विदुषी डॉ. श्रेया पांडेय और विभाग के आदरणीय विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बी.के. सिन्हा सहित राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो विजय शर्मा, प्रो सौम्या सिन्हा, प्रो आशुतोष पाण्डेय, प्रो आशा साहु, प्रो विकास रंजन, प्रो उत्कर्ष उन्नयन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

फादर प्रिंसिपल ने लगातार विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य के आलोक में सम्मेलन के विषय की गहन प्रासंगिकता को स्पष्ट रूप से समझाया।

फादर वाइस-प्रिंसिपल ने अपने गहन प्रवचन में मूल्यों पर आधारित विश्व व्यवस्था की अवधारणा पर प्रकाश डाला। विद्वान संयोजक डॉ. शीतल शर्मा ने यूरोपीय संघ को एक महत्वपूर्ण वैश्विक अभिनेता के रूप में चित्रित किया, बड़ी चतुराई से इसकी तुलना तीन पीढ़ी के परिवार के पितामह से की, जिसमें यूरोपीय संघ आदरणीय पितामह के रूप में कार्यरत था।

यूरोपीय संघ अध्ययन के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ, ब्रुसेल्स के डॉ. एलेन गुगेनबुहल ने विषय पर अपना दृष्टिकोण जोड़ा।

# चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जिबिशन का सीएम ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ऑड्रे हाउस रांची में 3 नवंबर से 5 नवंबर 2023 तक आयोजित ÷चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जिबिशन÷ का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 24 जिलों के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे-बच्चियों द्वारा अर्निंग फॉर लर्निंग थीम पर बनाई गई पेंटिंग सहित अन्य कलाकृतियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन बच्चों द्वारा कैनवास पर उतारी गई पेंटिंग से काफी प्रभावित हुए। मुख्यमंत्री ने बाल कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृति को सराहा। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे-बच्चियां काफी उत्साहित और खुश नजर आए। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पहल पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य में पहली बार 3 नवंबर से 5 नवंबर 2023 तक राज्य के विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत बाल कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का प्रदर्शनी आड्रे हाउस में लगाया गया है।



इस अवसर पर राज्य सभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, विभिन्न स्कूलों से पहुंचे शिक्षक-शिक्षिका, बाल कलाकार सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पहल पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य में पहली बार 3 नवंबर से 5 नवंबर 2023 तक राज्य के विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत बाल कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का प्रदर्शनी आड्रे हाउस में लगाया गया है।**

## सरकार के तय किए गए न्यूनतम मजदूरी मजदूरों को मिलना चाहिए : सोनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** गिरिडीह जिला के जिला आपूर्ति कार्यालय में मोटीया मजदूर संघ का बैठक हुआ। बैठक की अध्यक्षता मजदूरों की ओर से (स्न्नष्ट) मोटीया मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी के द्वारा की गई ,खाद्य निगम के जिला आपूर्ति पदाधिकारी के नेतृत्व में बैठक हुई। जिसमें कई प्रखंड के डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार भी उपस्थित हुए। यूनियन के द्वारा डीएसओ को एक मेमोरेंडम दिया गया था ,जिस मोरेंडम में सरकार के द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी सभी प्रखंड में देने की मांग की गई, थी इस बैठक में डीएसओ बहुत ही सरलता से यह बात माना की सरकार के द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी मजदूरों को मिलना चाहिए, और उन्होंने सभी मजदूरों के समक्ष यह स्पष्ट किया कि आप लोगों को न्यूनतम मजदूरी के अलावे जो भी मूलभूत सुविधा होगी वह मैं उपलब्ध कराऊंगा साथ में प्रत्येक प्रखंड के प्रत्येक मजदूरों को एक ड्रेस कोड दिया जाएगा जिसमें गोदाम का नाम और (स्न्नष्ट)अंकित किया रहेगा ताकि यह पहचान हो सके की मजदूर किस गोदाम से है इस बैठक में चुकी कई प्रखंड के डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार उपस्थित नहीं थे । इसलिए डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदारों द्वारा रिक्वेस्ट किया गया की अगली बैठक का एक समय सुनिश्चित किया जाए जिसमें सभी डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार उपस्थित होंगे तो इस समझौते के अंतर्गत अगली बैठक छठ पर्व के पश्चात एक समय निर्धारित करके रखा जाएगा।

# कृषि और किसानों को बढ़ावा देने के लिए एग्री स्मार्ट विलेज योजना की हुई शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के एग्री स्मार्ट ग्राम बमने पंचायत सचिवालय में सब्जी बीज किट वितरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अध्यक्षता बीडीओ लेखराज नाग ने की. मौके पर बीडीओ ने एग्री स्मार्ट ग्राम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कृषि और किसानों को बढ़ावा देने के लिए एग्री स्मार्ट विलेज योजना शुरू की गयी है. किसानों को समृद्ध बनाने के लिए यह योजना लाई गयी है.आधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा देने के लिए और किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें समृद्ध करने के लिए एग्री स्मार्ट ग्राम योजना लाई गई है ताकि इस योजना के तहत पूरे गांव का विकास हो सके . बीडीओ ने कहा कि कृषि तकनीक को विकसित किया जाएगा साथ ही सिंचाई सुविधाएं भी विकसित की जाएगी.योजनाओं को लाने के पीछे सरकार का मकसद होता है कि किसान अपना जीवन यापन ठीक से कर सकें.इस योजना की मदद से किसानों की आय बढ़ाने के उपाय किए जाएंगे.

हर खेत तक पानी पहुंचाना और सिंचाई के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा.बीडीओ ने कहा कि गांव में वैसी बंजर पड़ी जमीन जिस पर खेती नहीं की जा रही है या जिस पर खेती नहीं की जा सकती है उस पर फलदार पेड़ लगाने की योजना है.बीडीओ ने किसानों को आश्वस्त किया कि कृषकों को दवा छिड़कने वाला मशीन एवं सिंचाई मशीन दिलवाया जाएगा एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, प्रगतिशील कृषकों के यहां परिभ्रमण कराने के बात कहा. प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विकास तिर्की ने एग्री स्मार्ट ग्राम से संबंधित जानकारी दिया.इसके अलावे प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह ने भी उपस्थित किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दिया.इसके बाद चल रहे 10 दिवसीय प्रशिक्षण में 125 किसानों को सब्जी बीज किट का वितरण किया गया. मौके पर पंसस मनभावन लोहार, मुखिया शिवनाथ मुंडा, एग्री स्मार्ट ग्राम के सक्रिय सदस्य, सीआरपी राजेंद्र महतो, कृषक मित्र कृष्ण कुमार महतो, राजेंद्र महतो, पंचायत स्तरीय एग्री स्मार्ट गांव के सभी सदस्य एवं गांव के प्रगतिशील किसान उपस्थित थे.

## झामुमो क्रीड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुशील पाहन के द्वारा खिलाड़ियों को जर्सी प्रदान किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** कर्रा प्रखण्ड के कुदलूम पंचायत के अंतर्गत दिगादोन मौजा में ग्रामीणों के निवेदन पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, जिला क्रीड़ा मोर्चा, खूंटी के पदाधिकारी-सुशील पहान, प्रकाश नाग मुण्डा, उपेन्द्र पहान आदि के द्वारा दिगादोन मौजा में उपस्थित होकर राज्य सरकार की उपलब्धियों और संगठन के विषयों पर ग्रामीणों के बीच सुशील पहान, केन्द्र समिति सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी, खूंटी विधानसभा के द्वारा उन्हें जानकारी देने का काम किये। गांव के ही ओस्कर धान, प्रमोद टोप्पो, प्यारा धान, मदरू धान, अशोक लकड़ा (कैप्टन), प्यारा मिंज (ग्राम प्रधान), संतोष तिर्की, सुलेमान धान, चम्पा हेरेंज, मरियाम धान, अंशु धान, चरवा धान, पतरस खलखो, फ्रांसिस लकड़ा, दानियल लकड़ा, पौलुस मिंज आदि ग्रामीण और गांव के खिलाड़ी उपस्थित थे। खिलाड़ियों को गांव में सिद्धो-कन्हो खेल क्लब बनाने के लिए भी उन्हें प्रेरित किया गया। उपस्थित बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियों को एक-एक सेट जर्सी भी दिया गया और सभी को अपनी खेल हूनर को निखारने और इसे भविष्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं भी दी गई।

## सर्तकता जागरूकता सप्ताह पर बचरा में सीसीएल प्रबधंन ने कराया फुटबॉल मैच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बचरा चार नंबर खेल मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीओसी पिपरवार के बीच यह मैच खेला गया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति सहित अन्य अधिकारियों ने दोनों स्कूलों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बॉल को कीक मार कर मैच का शुभारंभ किया।इस रोमांचक मैच में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिपरवार की टीम ने डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा को 2-1 गोल से पराजित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एजीएम निरंजन सेनापति ने कहा कि पूरे सीसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत पिपरवार क्षेत्र में भी प्रबंधन के द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है।बेहतर खेल और अनुशासन से ही सफलता मिलती है।उन्होंने दोनों स्कूलों के बच्चों से अनुशासन के साथ खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर एजीएम निरंजन सेनापति,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,कार्मिक प्रबंधक रवि बाड़ा,ज्योति कुशवाहा, नागेश कुमार,रविन्द्र कुमार सिंह,डीएवी स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य अभिमन्यु पासवान,शिक्षक आरबी प्रसाद,एडी यादव, राकेश तिवारी,रोहित कुमार, राजेश टोप्पो,आभा खन्ना सहित कई सीसीएल अधिकारी और दोनों स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।

## पिपरवार के सीसीएल कर्मचारी के पुत्र सुनील को मिला शिक्षक नियुक्ति पत्र

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा वर्कशॉप मे कार्यरत सीसीएल कर्मचारी जगदीश यादव के पुत्र सुनील कुमार यादव का बिहार मे बीपीएससी द्वारा सरकारी शिक्षक मे चयन किया गया है।शुक्रवार को विभाग के द्वारा सुनील को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल कर्मचारी जगदीश कुमार यादव केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बुंडू का रहने वाला है।उनके पुत्र सुनील कुमार यादव काफी दिनों से मेहनत के साथ शिक्षक के लिए प्रयास कर रहे थे। सुनील कुमार यादव के सरकारी शिक्षक में नियुक्ति होने पर पिपरवार क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता ने बधाई दी है।उन्होंने कहा कि सुनील कुमार यादव कड़ी मेहनत और परिश्रम के साथ इस मुकाम तक पहुंचा है।उन्होंने सुनील को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इधर बुंडू पंचायत के मुखिया तुलसी तुरी,पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो,सुरैश करमाली,सुभाष साव,बंसत गुप्ता,संतोष यादव सहित कई लोगों ने सुनील को बधाई दी है।

## पुलिस ने युवक का बोरे में बंद शव किया बरामद

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिकिदिरी थाना की पुलिस ने शुक्रवार की सुबह नगराबेड़ा और सोसो गांव के बीच डेगाडेगी के समीप से प्लास्टिक बोरे में बंद एक 35 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है।समाचार भेजे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पाई थी।आशंका जताई गई है कि युवक का अन्यत्र हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिए शव को यहां लाकर फेंक दिया होगा।शव को एक प्लास्टिक के बोरे में डाल कर रस्सी से बांध दिया गया था।शव देखने से प्रतीत हो रहा था कि युवक की हत्या तेजाब डालकर की गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह चरवाहों ने देखा कि एक बोरे में बंद कोई चीज पड़ा हुआ है।चरवाहों ने इसकी जानकारी तुरंत हरातू मुखिया राजेंद्र बेदिया को दी।मुखिया ने इस की जानकारी तुरंत सिकिदिरी थाने की पुलिस को दी।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सिल्ली प्रखंड के 33 विद्यालयों में परख परीक्षा संपन्न

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के 33 विद्यालयों में शुक्रवार को सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों का सर्वे, स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे 2023 परख परीक्षा का आयोजन किया गया। परिक्षा में कक्षा 3, 6 तथा 9 के 1500 छात्र छात्राएं शामिल हुए। परिक्षा में भाषा और गणित की प्रश्न पूछे गए। परीक्षा ओएमआर शीट पर लिया गया। राज्य के विभिन्न बीएड कालेजों के आए प्रशिक्षुओं ने इसकी परीक्षा ली। परिक्षा का निरिक्षण व अनुश्रवण बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी एवं सीआरपी द्वारा किया गया। विभाग के बीपीओ मनोज कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि एनसीआरटी द्वारा परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण करने के लिए है, ताकि छात्र की दक्षताओं का विकास करने के लिए नीति निर्माण किया जा सके। स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे को परख परीक्षा का नाम दिया गया है। परख परीक्षा आधारित सर्वे में सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों को शामिल किया गया है।

## प्रज्ञा केंद्र संचालक से दिन दहाड़े 1 लाख 60 हजार रुपए की हुई लूट, जांच में जुटी पुलिस

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** NH 39 मदरसा चौक पर शुक्रवार दिन दहाड़े एक बजे प्रज्ञा केंद्र संचालक सफ़वान अंसारी से 1 लाख 60 हज़ार रूपये की हुई लूट वारदात CCTV में हुआ कैद मौके पर पहुँच कर चान्हो पुलिस जांच में जुटी है जानकारी देते हुए संचालन ने बताया कि सभी लोग जुमे की नमाज पढ़ने के लिए गए हुए थे तभी हथियार के बल पर तीन लोग दुकान में घुसे एक हेलमेट में था और एक मुंह कपड़े से बांधे हुआ था और एक बिना मुंह बांधे था दुकान के अंदर घुसे ही लुटेरों ने मेरा हाथ खड़ा करवाया और जान से मारने की धमकी दी और सारे पैसे काउंटर से लूट लिए जाते समय लुटेरे के द्वारा दुकान का शटर डाउन करते हुए निकल गए घटना का वीडियो सीसीटीवी कमरे में कैद हो गई है

## आदिवासी संगठन ने जमीन बचाओ अभियान को लेकर किया बैठक

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):**शुक्रवर को आदिवासी जमीन बचाओ अभियान की पहली बैठक पंचायत सचिवालय चकला में रमेश उरांव मुख्य संरक्षक झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज मुन्ना पतरा के नेतृत्व में बैठक हुई। इस बैठक में आदिवासी जमीन लूट से संबंधित 50 आवेदन आए। इस बैठक में जमीन बचाओ अभियान को पंचायत एवं गांव स्तर पर ले जाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में प्रखंड स्तर पर जितने भी संगठन है, उन सभी संगठनों ने इस अभियान से जुड़ने का निर्णय लिया।बैठक में करीब 88 गांव के ग्राम प्रधान, पहान, मुखिया, पड़हा समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि ओरमांझी अंचल के अलावे रांची जिले के आसपास के जितने भी अंचल कार्यालय है। उन सभी कार्यालयों तथा उपायुक्त कार्यालय रांची का घेराव करने एवं जोरदार आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। प्रखंड स्तर, अंचल स्तर एवं जिला स्तर पर जितने भी आदिवासी सामाजिक संगठन है, सभी संगठनों के सामूहिक नेतृत्व में इस आंदोलन को तेज करने का भी का निर्णय लिया। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी जमीन पर जितने भी अवैध रूप से कब्जा है, उसे सरकार यथाशीघ्र अतिक्रमण मुक्त करें, नहीं तो आदिवासी समाज उसे जमीन पर खुद दखल लेने का काम करेगी।

## मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना व निर्वाचन को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड सभागार में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना व निर्वाचन को लेकर बैठक हुयी. बैठक की अध्यक्षता बीडीओ लेखराज नाग ने की. मौके पर बीडीओ द्वारा विस्तृत रूप से मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022 के बारे में जानकारी दी गई. उन्होंने कहा कि इस योजना अंतर्गत बस परिचालन हेतु ग्रामीण रूटों को चिन्हित किया जाएगा. इसके अलावा उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी भी दिया.कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर 2023 तक चलेगा. वहीं मतदाता पुनरीक्षण हेतु विशेष कैंप के तिथियों में 28 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 04 नवंबर एवं 05 नवंबर का निर्धारित समय के अनुसार विशेष कैंप का आयोजन करना है.इस कैंप के तहत जितने भी मतदाता छूट गए हैं, उन सभी मतदाता का शत-प्रतिशत सत्यापन करते हुए छूटे हुए पात्र नागरिकों का निबंधन करवाना सुनिश्चित करेंगे. बैठक में प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, प्रखंड उपप्रमुख सुमन देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, साबिर अंसारी एवं खलारी प्रखंड अंतर्गत सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण, सभी पंचायत समिति सदस्यगण, खलारी प्रखंड से विभिन्न बैंक के मैनेजर तथा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अजीत कुमार सिन्हा, प्रखंड समन्यक असित कुमार, खलारी प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों के सभी मुखिया उपस्थित थे.

## जिप उपाध्यक्ष व प्रखंड प्रमुख ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के लोवादाग पंचायत के केसरडीह एवं चातमबाड़ी गांव मे शुक्रवार को दो पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी व प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक ने संयुक्त रूप से किया। निर्माण कार्य विधायक निधि की राशि से किया जाना है। इस मौके पर वीणा चौधरी ने ग्रामीणों से कार्य में सहयोग करने की आग्रह किया तथा संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की निर्देश दिया। इस मौके पर लोवादाग मुखिया लाल सिंह मुंडा, वार्ड सदस्य मंजोशरी देवी, बलराम मुंडा, लखी मनी देवी, पिंकी देवी, रंजीत मुंडा, जानकी देवी, सक्रिय महिला संजोती देवी, शिवचरण महतो, बबलू महतो एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मध्याह्न भोजन में अनियमितता के शिकायत पर बीपीओ ने किया जांच



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली ग्राम विकास मध्य विद्यालय में मध्यान भोजन में अनियमितता की शिकायत को लेकर बीपीओ कृष्णा हेंब्रम ने विद्यालय में माता समिति के सदस्य संयोजिका एवं विद्यालय के छात्राओं से पूछताछ किया। तथा विद्यालय के सचिव सह प्रधानाध्यापक महेंद्र सिंह देव् से भी जानकारी प्राप्त किया। बीपीओ कृष्णा हेंब्रम ने बताया कि जांच की रिपोर्ट बीईओ को सौंपेंगे।बीईओ अभी रांची में चल रहे हॉकी खेल के लिए स्टेडियम में पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किये गये है। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात कि पिछले दिनों प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी सोमवार को विद्यालय में पहुंचे एवं मध्यान भोजन अनियमिता को लेकर जांच की थी। जहां उन्होंने पाया कि पांच से अधिक बच्चों को मध्यान भोजन नहीं मिला है।

## बचरा हाई स्कूल में सीआईएसएफ द्वारा चलाया गया सतर्कता जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के बचरा हाई स्कूल में सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया गया।भ्रष्टाचार मिटाना है देश को आगे बढ़ाना है के नारो के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें सीआईएसएफ के अधिकारियों ने स्कूल के सभी बच्चों और शिक्षकों को शपथ दिलाया।कार्यक्रम में उपस्थित सीआईएसएफ के अधिकारियों ने सर्तकता जागरूकता अभियान के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी,साथ ही कर्तव्य एवं ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वाहन करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि पिपरवार में चलाए जा रहे सर्तकता जागरूकता अभियान के तहत सीआईएसएफ के द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है।इस मौके पर सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर विकास कुमार,सुमन तिवारी, सब इंस्पेक्टर दिवाकर चौधरी,स्कूल के प्राचार्य महेन्द्र पासवान सहित सीआईएसएफ के कई जवान और स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।


### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, रॉंची
### दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 07 नवंबर 2023, सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, रॉंची के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, रॉंची द्वारा दिनांक 07.11.2023 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से 04:00 बजे तक अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, रॉंची में रोजगार मेला 07.11.2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के निम्नांकित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| Sl No. | Name & Address of the Employers | Post | No. of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Exp. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | M/S Commando Industril Security Force, Beside Vision Enclave Apartment Hurhuru Road, Hazaribagh, | GNM | 15 | Inter | 21-45 | As per Jharkhand Government Notification-Minimum Wages | | |
| 02. | The Waxpol Industries Ltd., HB Road Tatisilwai, | Electrician | 01 | ITI Electrical | 20-30 | As per industrial Practice | | |
| | | Chemist | 01 | M.Sc (Chemistry) | 20-30 | As per industrial Practice | | |
| | | Accountant | 01 | B.com/M.Com | 20-30 | As per industrial Practice | | |
| | | Welder | 01 | ITI in Welding Stream | 20-30 | As per industrial Practice | | |
| 03. | The Waxpol Industries Ltd., Purulia Road Tatisilwai, Ranchi- | Data Entry Operator | 01 | Diploma in Computer | 20-30 | As per industrial Practice | | |
| 04. | Bharti Airtel Pvt. ltd. | Customer Relationship Officer | 78 | 12th passout/ Graduate/MBA | 18-30 | 15000-25000 | 2 yrs | Fuel Allowance :- 2000 per month Job Location:- Ranchi |
| | | Filed Sales Executive | 59 | 12th passout/ Graduate/MBA | 18-30 | 15000-20000 | Fresher & Exp Both | Job Location:- Ranchi |
| 05. | Concentrix Daksh Services India Pvt. ltd., Kanke Road Ranchi | CCS/Sr. CCs | 551 | Graduate/Under Graduate | 35y | - | - | - |
| 06. | Innovative Concept pvt. ltd., 4th Floor Vijinapura Bangalore, \ | Delivery Partner | 80 | Any | 18-45 yrs | 15000-20000 | | |
| 07. | Raxa Security Services Ltd | Security guard | | 10th Above | 18-35 | 7000+8 Hours, Esi, PF, Accommodations as per location Basis. | - | 243 hrs training & Job placement. |
| 08. | SNL Bearing Limited | Engineer Trainer | 4 | B.tech | 25+ | 27000 | - | |
| 09. | RPS Hospital | Nurse | 7 | GNM/B.Sc | | | 01 yrs | |
| 10 | Bhagwan Mahavir Medica Superspeciality | GRE | 5 | BHM,BA | 18-23 | 10,000/-NIH | Fresher/ 1-3 | |
| | | Pharmacist | 3 | D.Pharma/B.pharma | 18-23 | 10,000/-NIH | Fresher 1-3 | |
| | | Billing | 2 | B.com | 18-23 | 10,000 | Fresher 2-4 | |
| | | Nursing Staffs | 10 | GNM/B.sc Nursing | 18-23 | A/Q to the Grade | 2-4 | |
| 11 | PASA Resources pvt. ltd. | LGSF Fitter | 50 | Graduate | 25-28 | As Pet Govt. Min. Wages | - | - |
| 12. | Singhania Motors Pvt. ltd. | Sales Consultant | 5 | Graduate | 20+ | 12000-20000 | 1 yrs | |
| | | Marketing Executive | 1 | Graduate | 23-35 | 15000/- | 1 yrs | |
| 13. | Singhania Future Pvt. Ltd. | Sales Consultant | 7 | Graduate | 23-35 yrs | 12000-20000 | 1 yrs | |
| | | Team Leader | 2 | Graduate | 28+ | 25000+ | 4 yrs | |
| 14. | Singhania Worrld Pvt.Ltd | Technician | 2 | Diploma in Mechanical | 20+ | 15000-25000 | Min 1-2 yrs | |
| | | E.tech | 1 | Graduate or Diploma in Electromechanic | 20+ | 18000-20000 | Min 1 yrs | |
| 15. | Singhania world Pvt. ltd. | Sales Consultant | 2 | Graduate | 20+ | 12000-18000 | Min 1 yrs | |
| | | Accessories Fitter | 2 | Graduate | 20+ | 10000-15000 | Min 1 yrs | |
| 16. | Autobikes, Main road Ranchi | Supervisor | 1 | Graduate | 20-40 | 11000/- | 2 yrs | |
| | | Asstt. Technician | 2 | 10th | 20-40 | 9000/- | 1 yrs | |
| 17. | SGRS Academic Pvt. ltd. | Automotive Electrician Trainer | 8 | ITI-Mechanic Motor Vehicle, Diploma-Automobile engineer/Mechanical Engineer | 21-40 | 20000 | 2-3 | |
| | | Electrician Trainer | 8 | B.E/B.Tech (Civil Engineering/Mechanical Engineering /Electrical Engineer) Diploma (Civil Engineer or Mechanical Engineer) 12th Class With ITI-Plumber, Electrician,n Welder, Fitter | 21-40 | 20000 | 2-6 yrs | |
| | | IT Trainer Cum Hardware | 4 | B.Sc IT, M.Sc IT, BCA, MCA | 21+ | 15100-18000 | 1 yrs | |
| 18. | Sedac India Pvt. ltd., noida, | Office Staff | 3 | 10th | 18-35 | 8000-10000 | | Home Town |
| | | Accountant | 2 | B.com | 18-35 | 9000-11000 | | Home Town |
| | | Computer Operator | 5 | 12+CCC | 18-35 | 8000-9000 | | Home Town |
| | | Servey EXE | 88 | 10th | 18-35 | 16500 | | Home Town |
| | | Sales EXE | 70 | Graduate & Diploma | 18-35 | 15000-17000 | | Home Town |
| | | HR Exe | 5 | Graduate & Diploma | 18-45 | 19000-31500 | | Home Town |
| | | HR Manager | 1 | M.B.A, M.Com, M.A, M.Sc | 18-45 | 25000-35000 | | Home Town |
| | | CCTV/RO Technician | 12 | 10th/ITI | 18-45 | 10000-16500 | | Home Town |
| | | Telecaller | 15 | 10th | 18-45 | 10000-16000 | | Home Town |
| | | Supervisor | 5 | BA | 18-45 | 25000-30000 | | Home Town |
| 19. | M/S SAA Vishnu Bakers pvt. ltd. | Sales Officer | 01 | Graduate | 30 yrs | 20000-22000 | 2-3 yrs | Job Location:- Kolkata |
| | | Electrical Engineer | 01 | Diploma/Degree | 38 yrs | 30 K | 3-5 yrs | Ranchi |
| | | Production Incharge | 01 | Diploma/Degree | 30 yrs | 20-22 k | 2-3 yrs | Ranchi |
| | | Shift Incharge | 01 | Diploma/Degree | 32 yrs | 20-23k | 2-3 yrs | Ranchi |
| | | Time Office Staff | 01 | Graduation | 30 yrs | 15 K | 1-2 yrs | Ranchi |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा _ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

**रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें, एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य अंतर्गत निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरूद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रूप में लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंचलाधिकारी के स्तर का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।**

रिक्ति की विस्तृत विवरणी http://niyojanprashikshan.nic.in या ranchi.nic.in पर देखी जा सकती है।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, रॉंची

**PR 310594 Labour Employment and Traning(23-24)#D**



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से आठ यूनिट बकरा-बकरी वितरण किया गया



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के कुकड़ु प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत आठ यूनिट बकरा बकरी वितरण किया गया। बीडीओ राकेश गोप ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना द्वारा पशु पालन को बढ़ावा देने एवं पशु पालक किसानों को आत्म निर्भर बनाने के लिए बकरा, बकरी, बत्तख, मुर्गी, सुअर आदि का मुफ्त वितरण किया जा रहा है। मौके पर बीडीओ राकेश गोप, प्रमुख प्रतिमा वाला पातर, आंदोलनकारी सुनील महतो, पशु चिकित्सक संजय महतो आदि उपस्थित थे।

## मृतक के परिजनों को समाजसेवी ने की आर्थिक मदद



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कराइकेला गांव निवासी 35 वर्षिय संजय साहू का पिछले दिनों गंभीर बीमारी में मौत हो गई थी। उसकी मौत की खबर पाकर समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई मृतक के घर पहुंचे और उसे आर्थिक मदद किया। मौके पर श्री गागराई ने कहा कि मृतक के परिजनों को सभी सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा बंदगांव बीडीओ से बात हुई है। उन्होंने कहा अब ठंडा आ रहा है जरूरतमंद एवं गरीब तथा असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण दीपावली के बाद कि जाएगी। इस मौके पर पूर्व मुखिया राजेंद्र मेलगांडी, सुबास कालंदी, राजीव सारंगी,रामराय सामड,कुना मिश्रा समेत मृतक के परिजन उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने उपायुक्त को फुटबॉल मैदान व रास्ता अधिग्रहण करने के मामले से कराया अवगत



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय में आयोजित साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम के तहत पारंपरिक ग्राम सभा हथियाडीह के मांझी बाबा सह ग्राम अध्यक्ष राज हंसदा और ग्रामीण उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन के माध्यम अवगत कराया गया कि जियाडा द्वारा हथियाडीह गांव के फुटबॉल मैदान और रास्ता का अधिग्रहण किया गया है। जिस कारण से ग्रामीणों को समस्या हो रही है। उपायुक्त से मांग किया गया कि ग्रामीणों के लिए नया फुटबॉल मैदान एवं वहां तक की आवागमन के लिए रास्ता एवं सीएसआर मद से गांव का विकास किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में सुरेश मुर्मू, गणेश मांझी, गुरुचरण मांझी, रश्मि मुर्मू, सकरी मांझी तथा पानू मुर्मू एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बीजेपी में जाने की बात अफवाह, मैं कांग्रेस की हूं कांग्रेस में रहूंगी : गीता कोड़ा

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिमी सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा ने चुप्पी तोड़ी और कहा कि, मैं कांग्रेस की हूं और कांग्रेस की ही रहूंगी। मालूम हो कि पिछले कई दिनों से सोशल मिडिया में खबर आ रही थी कि राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा भाजपा का दामन थाम रही है और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा भी भाजपा में शामिल हो रहें है। लेकिन आज चक्रधरपुर में एक कार्यक्रम में शामिल हुई, जहां उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से मैं भी सुन रही हूं और शोशल मिडिया में खबर आ रही है कि मैं भाजपा में जा रही हूं, लेकिन इस तरह की अटकले महज एक अफवाह है। वैसी कोई बात नहीं है। मैं कांग्रेस में हूं और कांग्रेस में ही रहूंगी।



## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट में सूतरीहुली बना चैंपियन



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को बोड़ाम प्रखण्ड के आंधारझोर फुटबॉल मैदान मे पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें बोड़ाम पंचायत की 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच सूतरीहुली फुटबॉल टीम और ढांगार फुटबॉल टीम के बीच खेला गया ,जिसमे दोनो ही टीम निर्धारित समय पर बराबर पर रही। जिसके बाद टॉस किया गया जिसमें सूतरीहुली विजेता बनी। अब सूतरीहुली फुटबॉल टीम प्रखण्ड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता मे खेलगी। प्रतियोगिता को सफल बनाने मे बोड़ाम पंचायत के मुखिया रूपा सिंह सरदार,पंचायत सचिव बिरेन्द्र नाथ पंडित,पंचायत समिति सदस्य महापद सिंह, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक धरनी सिंह, दिपक महतो ,यादव महतो,अशोक महतो,राकेश सिंह, बिरेन्द्र सिंह, मलिन्द्र सिंह, धनंजय सिंह का अहम योगदान रहा।

## देश में 3.5 लाख करोड़ से ज़्यादा की त्यौहारों की बिक्री का अनुमान : कैट

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) द्वारा इस वर्ष के दिवाली सीजन में देश भर के बाज़ारों में 3.5 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा व्यापार होने का अनुमान लगाया गया है और अकेले झारखण्ड में ही इस सीजन में 5 हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा व्यापार होने की संभावना जताई गई है। कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने बताया अगर ग्राहक भारत में बने उत्पादों से अपनी दिवाली रोशन करेंगे, परिवार की हर छोटी मोटी ज़रूरत स्थानीय उत्पादों से पूरी करेंगे तो दिवाली की जगमगाहट और ज्यादा बढ़ जाएगी, यही नहीं उन्हें बनाने वाले कारीगरों की ज़िन्दगी में भी नई रोशनी आएगी। सोन्थालिया ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कर्मियों के लिए बोनस की घोषणा एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भी अपने कर्मियों को त्यौहारों का बोनस दिये जाने तथा प्राइवेट सेक्टर में भी अपने कर्मचारियों को दिवाली बोनस एवं अन्य इंसेंटिव दिये जाने से बाज़ार में त्यौहारों के सीजन में माँग में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।

# सिख विरोधी बयान के विरोध में भाजपा नेता संदीप दायमा का पुतला दहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज़ाद समाज पार्टी, जमशेदपुर यूनिट के द्वारा भाजपा के नेता संदीप दायमा के राजस्थान अलवर में दिए गए सिख विरोधी बयान के विरोध में आज पुतला दहन किया गया। राजस्थान के अलवर के तिजारा में एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता संदीप दायमा ने गुरुद्वारा के विरोध में बयान दिया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मंच पर उपस्थित है और बयान पर ताली बजा रहे हैं। जब सिख समाज ने इसका पुरजोर विरोध शुरू किया तो इन्होंने अपना एक वीडियो जारी कर सिख समाज से माफी मांगी पर एक और आपत्तिजनक बयान दे दिया कि यह मैंने मस्जिद और मदरसे के लिए बोला था। ज़िला प्रवक्ता सरदार सुरजीत सिंह ने कहा कि भाजपा के लोगों की मुस्लिम और सिख विरोधी मानसिकता अब खुल कर सामने आ रही है। रोहित, मोनी, प्रभजोत, हरप्रीत, जसप्रीत, कुलजीत, जितेंद्र, मज़हर, दिलशाद, नईम, शमीम, वसीम, शोएब, विकास, जिब्रान अन्य कई लोग शामिल थे।



## संदीप दायमा को पार्टी से बाहर करे बीजेपी : कुलविंदर



**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय सनातन सिख सभा के संयोजक अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने कहा कि हिंदुओं के साथ सिखों का रोटी बेटी का संबंध है। कुलविंदर सिंह ने राजस्थान के तिजारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता संदीप दायमा के बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें उसने कहा कि गुरुद्वारा नासूर है और इसे उखाड़ फेंका जाना चाहिए। कुलविंदर सिंह के अनुसार सिखों का और गुरुद्वारों का इतिहास संदीप दायमा जैसे नेताओं को बीजेपी और आरएसएस अच्छी तरह से पढ़ाने का काम करें। ऐसे सिर फिरे नेताओं की किसी भी राजनीतिक दल में जगह नहीं होनी चाहिए। अधिवक्ता ने इसे भी शर्मनाक बताया कि जिस मंच का वह प्रयोग कर रहा था, उस मंच पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पूर्व सांसद तथा प्रत्याशी बाबा बालक नाथ विराजमान थे और उन्होंने भी उसे नहीं रोका। अधिवक्ता के अनुसार जिन्होंने भी गुरुद्वारों पर बुरी नजर डाली उनका हश्र क्या हुआ है, यह सबक ले लिया जाना चाहिए। वही अधिवक्ता ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह लालपुरा एवं भाजपा के सिख नेता मनजिंदर सिरसा पर सवाल उठाया है कि अब उन्होंने खामोशी की चादर क्यों ओढ़ रखी है। यदि चुप रहे तो यह समझा जाएगा कि कांग्रेस के खिलाफ बोलना विशुद्ध राजनीति है और वे पंथ के सच्चे हितैषी नहीं हैं।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक

# सरकार का मुफ्त बस सेवा 15 नवंबर से

## वरिष्ठ नागरिक, विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआईवी पॉजिटिव, विधवा, झारखंड आंदोलनकारी के लिए नि:शुल्क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के क्रियान्वयन को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उक्त योजना को लेकर 10 प्रखंडों (जमशेदपुर सदर छोड़कर) से आए बस रूट के 23 प्रस्ताव पर विचार विमर्श करते हुए पारित किया गया जिसमें 15 बसों का परिचालन किया जाएगा । बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार बस ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे वहीं जिला पंचायत राज पदाधिकारी व सभी बीडीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े । उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाना है। उन्होने बताया कि इस योजना के पहले चरण में 15 रूट पर बसों को संचालित करने का निर्णय लिया गया है जिसकी शुरूआत राज्य के स्थापना दिवस 15 नवंबर 2023 से की जाएगी। इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिक, विद्यालय और कॉलेज के विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआईवी पॉजिटिव, विधवा और झारखंड आंदोलनकारी को बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा होगी।

**जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित मार्ग निम्नवत है-** प्रखंड/ मार्ग का नाम (भाया सहित)- प्रस्थान स्थल/गंतव्य स्थलः 1. बोड़ाम/ माधवपुर से टाटा भाया दुबराजपुर, छोटा चिड़का, डिमुडीह, पहाड़पुर, बाघरा, कुईयानी, बोडाम, बांकादा, लावजोड़ा हाथिखेदा मन्दिर, पटमदा, जाल्ला, बेलटॉड, टाटा- (जमशेदपुर बस स्टैंड(प्रस्थान स्थल) / माधवपुर (गंतव्य स्थल) 2. बोड़ाम/ भुईयासिनान से टाटा भाया लायलम हाट बाजार, बनगोड़ा, सिमाजुडिया, बुडीगोडा हाट, नुतनहीह, पुनसा, कोलाबनी, ब्रजपुर, राहरगोड़ा, गेरूवा बस्ती, मिर्जाडीह, डिमना चौक, टाटा - जमशेदपुर बस स्टैंड(प्रस्थान स्थल) / भुईयासिनान(गंतव्य स्थल) 3. चाकुलिया/ सरडीहा से चाकुलिया भाया, सरडीहा, केन्दाडांगरी, सापधारा, दक्षिणशोल, उदाल, कोलवादिया, लोधाशोली, दिघी, चाकुलिया, माचाडीहा, जामुआ, नयाग्राम, कालाझरिया, गोहालडांगरा, सुनसनिया, भालुकबिन्दा, धालभूमगढ़ - सरडीहा(प्रस्थान स्थल) / धालभूमगढ़ (गंतव्य स्थल) 4. चाकुलिया/ चालुनिया से धालभूमगढ़ भाया केन्दाडांगरी, कांटाबनी, जोड़ाम, शांतिनगर, बिरदोह, बारानाटा, तिलावनी, रेंगड़पहाड़ी, फालदुआ, बड़शोल, मुराठाकुरा, चाकुलिया, धालभूमगढ़- चालुनिया (प्रस्थान स्थल) / धालभूमगढ़ (गंतव्य स्थल) 5. चाकुलिया/ पाकुडियाशोल से धालभूमगढ़ भाया घाघरा, जमुना, माटियाबांधी, पाथराघाटी, खडबंधा, बालिबांध, कुचियाशोली, चाकुलिया, धालभूमगढ़, घाटशिला- पाकुड़ियाशोल (प्रस्थान स्थल) / धालभूमगढ़ (गंतव्य स्थल) 6. मुसाबनी/ काकड़ाझरना से घाटशिला भाया गुडूरिया, बाडेदा, रूपकोचा, रातनूकोचा, पनडुंगरी, खेलाडीह, सोसोगोड़ा, काकदोहा, कुईलीसुता, भुल्लुघुटु, राईपहाड़ी, बादिया, मुसाबनी, सुरदा क्रॉसिंग, मउभण्डार, घाटशिला रेलवे स्टेशन, फुलडुंगरी, घाटशिला- काकड़ाझरना (प्रस्थान स्थल) / फुलडुंगरी, घाटशिला (गंतव्य स्थल) 7. मुसाबनी/ गोहला से घाटशिला भाया बागजाता, खड़ियासाई, विक्रमपुर, भादुआ, फुलझरी, बाकड़ा, लाटिया, बादिया, मुसाबनी, सुरदा क्रॉसिंग, मउभण्डार, घाटशिला रेलवे स्टेशन, फुलडुंगरी घाटशिला- गोहला(प्रस्थान स्थल) / फुलडुंगरी, घाटशिला (गंतव्य स्थल) 8. डुमरिया / डुमरिया से टाटा भाया कुमडाशील, खैरबनी, कोवाली, हल्दीपोखर, हाता, सुन्दरनगर- डुमरिया (प्रस्थान स्थल)/ टाटा (गंतव्य स्थल) 9. डुमरिया / डुमरिया से चाकुलिया माया आस्ताकोवाली गुडाबन्दा, श्यामसुन्दरपुर पिताजुड़ी, केडुकोचा- डुमरिया (प्रस्थान स्थल)/ चाकुलिया (गंतव्य स्थल) 10. पटमदा/ जोड़सा से टाटा भाया चुडदा, लच्छीपुर, चंडरीकॉल, नहचीबेड़ा, सिन्दुरपुर, घातकीडीह, लायाडीह बस्ती, पदमदा रागटाड चौक, डिमना चौक- जोडसा (प्रस्थान स्थल)/ टाटा (गंतव्य स्थल) 11. पटमदा/ दादूडीह से टाटा भाया दादुडीह चौक, ओड़िया, गेरुआल, बनडीह मोड़, हुडुमबिल, कासमार कुम्हारदा, गेंगड़ा, गोपालपुर, काटिन पटमदा, टाटा- ओडिया (प्रस्थान स्थल)/ टाटा (गंतव्य स्थल) 12. घाटशिला / नरसिंहपुर से टाटा भाया महतोबाँध, ज़ सिरका, सुकलारा, डालापानी, बैंको बड़ाबाँकी - नरसिंहपुर (प्रस्थान स्थल)/ टाटा (गंतव्य स्थल) 13. धालभूमगढ़ / हाथीबाड़ी रावताड़ा पंचायत से टाटा नगर रेलवे स्टेशन भाया नुवाग्राम, महिषधारा, रावताड़ा, कडुआकाटा, बहेड़ा, जरपोगोड़ा, पानिजिया, सुन्दरडीह, सरबिला, राजाबेड़ा, रूआशील, दूधचुआ, नरसिंहगढ़, धालभूमगढ़, सोनाखुन, तेतुलडांगा, हरिणधुकड़ी, राज स्टेट, मउभण्डार, सुरदा क्रासिंग, जादगोड़ा, नरवा, सुन्दरनगर, टाटा नगर रलेवे स्टेशन- हाथीबाड़ी रावताड़ा पंचायत (प्रस्थान स्थल)/ टाटानगर रेलवे स्टेशन(गंतव्य स्थल) 14. धालभूमगढ़ / केन्दबनी से जादूगोड़ा माया तिलाबनी, खुकरीपाड़ा, समका, देवशोल, धालभूमगढ़, फुलडंगरी, घाटशिला, मउभण्डार, सुरदा क्रासिंग, जादूगोड़ा- केन्दबनी (प्रस्थान स्थल)/ जादूगोड़ा (गंतव्य स्थल) 15. धालभूमगढ़ / छबीसा कनास पंचायत से डुमरिया भाया छबीसा, छोइड़ा, कनास, स्वर्गछिड़ा, धालभूमगढ़, फुलडुंगरी (घाटशिला). ममण्डार, सुरदा क्रोसिंग, मुबसानी, डुमरिया- छबीसा कनास पंचायत (प्रस्थान स्थल)/ डुमरिया (गंतव्य स्थल) 16. गुड़ाबांदा / बड़ा अस्ती से बहरागोड़ा भाया गुडाबन्दा, ज्वालकाटा, काशियाबेड़ा- बड़ा अस्ती (प्रस्थान स्थल)/ बहरागोड़ा (गंतव्य स्थल) 17. गुड़ाबांदा / कैमा से घाटशिला भाया गुडाबन्दा, भालकी धालभूमगढ़- कैमा (प्रस्थान स्थल)/ घाटशिला (गंतव्य स्थल) 18. बहरागोड़ा / गोपालपुर से बहरागोड़ा भाया बड़शोल गाँव, खेड़ुवा, जयपुरा, जगन्नाथपुर, छोटापारूलिया, कुमारडुबी, दरखुली, मालुआ, खण्डामौदा- उच्च विद्यालय गोपालपुर (प्रस्थान स्थल)/ बहरागोड़ा (गंतव्य स्थल) 19. बहरागोड़ा/ दुधकुण्डी बुढीपोखर एकलव्य उ0वि0 से बहरागोड़ा भाया महुलचुई, दान्दुडीह, पुरनापानी, सिमलाबाधी, कोदाकोठा, तिलो, कटुशोल, शहीद गणेश हॉसदा चौक- दुधकुण्डी बुढीपोखर एकलव्य उ0वि0 से बहरागोड़ा उच्च विद्यालय (प्रस्थान स्थल)/ बहरागोड़ा (गंतव्य स्थल) 20. बहरागोड़ा / महुलडांगरी शिव मन्दिर चौक से बहरागोड़ा भाया बामडोल, खुदपुतली, चौरंगी, पाटपुर, पी0डब्लू0डी0 चौक- महुलडांगरी शिव मन्दिर चौक (प्रस्थान स्थल)/ बहरागोड़ा (गंतव्य स्थल) 21. पोटका/ जादूगोड़ा से छोटा गोविन्दपुर भाया कुलडीहा, आसनबनी, डोमजुड़ी- जादूगोड़ा (प्रस्थान स्थल)/ छोटागोविन्दपुर (गंतव्य स्थल) 22. पोटका- नारवा चौक से हाता चौक भाया शंरदा, घिरौल, सोहदा, कालिकापुर, मानपुर, हँसलआमदा, हरिना, नारदा, जानमडीह, जामदा, पोड़ाडीहा, सानग्राम पोटका, हाता चौक- नारवा चौक (प्रस्थान स्थल)/ हाता चौक (गंतव्य स्थल) 23. पोटका- पिछली से जुमीकोचा तक भाया, हेंसलबील, धिरोल, ग्वालकाटा, कालिकापुर- पिछली चौक (प्रस्थान स्थल)/ जुमीकोचा (गंतव्य स्थल)



## कपाली नगर परिषद में पेंशन शिविर का आयोजन

# सविता महतो ने लाभुको को दिया स्वीकृति पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** कपाली नगर परिषद कार्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन एवं स्वामी विवेकानंद निश्शक्त स्वालंबन प्रोत्साहन पेंशन हेतु सभी प्रकार के पेंशन के लिये शिविर का आयोजन किया गया। चांडिल सीओ अमित श्रीवास्तव, कपाली नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस एवं चांडिल सीआई सपन कुमार मिश्रा मौजूद थे। मुख्य अतिथि विधायक सविता महतो ने समस्याओं को भी सुनी एवं पेंशन स्वीकृति हुए दस महिला व पुरुष को स्वीकृति पत्र सौंपा। कहा जो लोग 60 वर्ष से ऊपर है और पेंशन नहीं मिल रहा है वह सभी आवेदन कर सकते हैं। मौके पर झामुमों अल्पसंख्यक के उपाध्यक्ष मोहम्मद मोहम्मद अरशद जिला सचिव मोहम्मद नौशाद समाजसेवी ललित महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# कोल्हान डीआईजी आज करेंगे होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम की लॉन्चिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर होटल एंड रेस्टुरेंट एसोसिएशन (जेएचआरए) की पहल रंग लायी है. होटल अतिथि पुलिस सत्यापन प्रणाली को तकनीकी रूप से सरल बनाने के लिए जेएचआरए ने जमशेदपुर एसएसपी से संपर्क किया था। होटलों के अलावा पुलिस को आपराधिक और अवैध गतिविधियों पर नज़र रखने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। एसएसपी जमशेदपुर की पहल से राज्य राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) झारखंड इस अनूठी परियोजना को लिया और एक उपयोगी सॉफ्टवेयर तैयार किया। अब कुछ ही महीनों के भीतर पुलिस जमशेदपुर से अपनी तरह की अनूठी पुलिस सत्यापन प्रणाली लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। डीआइजी कोल्हान अजय लिंडा , एसएसपी किशोर कौशल आईपीएस, डॉ. पीयूष गुप्ता एसआईओ निदेशक एनआईसी झारखंड, होटल सॉनेट में नवम्बर 4 को होटल गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम की लॉन्चिंग के गवाह बनेंगे। डीआईओ किशोर प्रसाद ने बताया कि राज्य राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने एक सॉफ्टवेयर का विकास किया है, जिसका उपयोग होटल अतिथि पुलिस सत्यापन प्रक्रिया को बेहतर और आसान बनाने के लिए किया जाएगा। रविश रंजन अध्यक्ष जेएचआरए ने बताया कि यह झारखंड में पहला सॉफ्टवेयर होगा जो होटल अतिथि पुलिस सत्यापन में उपयोग होगा। यह सॉफ्टवेयर होटलों द्वारा परेशानी मुक्त दिनचर्या सुनिश्चित करेगा। सॉफ्टवेयर को उसी के अनुसार डिजाइन किया गया है जहां होटल, स्थानीय पुलिस स्टेशन और जिला पुलिस विभाग जानकारी अपलोड करने और उस तक पहुंचने की पहुंच होगी। यह झारखंड में पहली बार है जब एनआईसी ने पुलिस के काम को आसान बनाने के लिए इस सॉफ्टवेयर को विकसित किया है ।

# ट्रैक्टर एजेंसी के खिलाफ उपभोक्ता फोरम का आदेश, ब्याज के साथ राशि वापस करे एजेंसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** न्यू बाराद्वारी के संदीप ट्रैक्टर एजेंसी के खिलाफ जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने फैसला दिया है। आयोग के सदस्य श्याम कुमार महतो एवं सदस्य अपर्णा मिश्रा ने ट्रैक्टर एजेंसी को आदेश दिया है कि वह अग्रिम राशि एक लाख तीस हजार को 28 जून 2022 से 9 प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ अगले 30 दिनों में वादी को वापस करे और ऐसा नहीं करने पर उसे 12 प्रतिशत ब्याज दर के साथ राशि वापस करनी पड़ेगी। इसके साथ ही आयोग ने वादी एवं धालभूमगढ़ चारचक्का गांव के हिमांशु महतो को मानसिक प्रताड़ना के तौर पर एक लाख रुपए एवं वाद खर्च के तौर पर ? दस हजार अलग से देने का आदेश जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी हिमांशु महतो ने 8,19,500 रूपए मूल्य का सोनालिका हॉलैंड ट्रैक्टर संदीप ट्रैक्टर एजेंसी से 13 जून 2014 को खरीदा और अग्रिम 1,30,000 रुपए दिए। ट्रैक्टर खराब निकला तो उसने संदीप ट्रैक्टर्स एवं इसके प्रोपराइटर सुदीप्तो घोष एवं सुनील घोष को शिकायत की। एजेंसी ने न तो ट्रैक्टर बदला और ना ही खराबी ठीक की। हिमांशु ने एजेंसी को लीगल नोटिस दिया तो उन्होंने व्यवहार न्यायालय में हिमांशु के खिलाफ ही न एक्ट के तहत कैसे कर दिया जो अप्रैल 2022 में खारिज हो गया। इसके बाद हिमांशु ने जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की शरण ली और वहां एजेंसी की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ तो साक्ष्य के आधार पर एक तरफा फैसला सुना दिया गया। हिमांशु का पक्ष अधिवक्ता अमिया चौधरी ने रखा।




# बारिश से खेत में कटा हुआ धान भींगा, चिंतित किसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर हुई भारी बारिश से खेत में कटा हुआ धान की फसल भींग जाने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। अगले 12 घंटे तक मौसम परिवर्तन होकर धूप नही निकलने से भींगा हुआ धान में अंकुरित होने का उम्मीद बना रहेगा। जिससे धान की फसल व फुस पूरी तरह नुकसान हो सकता है। जोड़सा गांव के किसान केदारनाथ माझी व विवेकानंद माझी ने बताया कि धान की फसल तैयार हो जाने के बाद कटाई शुरू कर दिया गया है। अब तक करीब एक एकड़ से अधिक जमीन में तैयार धान की कटाई किया गया है।

## संपादकीय

# सरकारी 'रथ-प्रभारी'

**सरकारी** अधिकारी, कर्मचारी और देश की सीमाओं के प्रहरी सैनिक अब 'रथ-प्रभारी' भी बनेंगे। वे मोदी सरकार, अर्थात भारत सरकार, के नौ साल की उपलब्धियों, सरकारी परियोजनाओं, का बखान करेंगे तथा जन-जन तक पहुंचाने के लिए गुणगान करेंगे। अब सरकार के 'लोकसेवक' भी मोदी सरकार के प्रवक्ता बनेंगे। वे 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के रथी होंगे और सरकारी कार्यक्रमों का ग्रासरूट तक प्रचार करने के प्रयास करेंगे। भारत सरकार के स्तर पर कदाचित यह पहली बार कराया जा रहा है। इस संदर्भ में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग और रक्षा मंत्रालय ने सर्कुलर जारी कर सरकारी कर्मचारियों और नौकरशाहों को निर्देश दिए हैं। मोदी सरकार का यह फैसला राजनीतिक विवाद बनता जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर इस आदेश को वापस लेने का आग्रह किया है, क्योंकि सरकारी लोकसेवक 'तटस्थ' माना जाता है और चुनावों से ऐन पहले उनका 'राजनीतिकरण' करना गलत है। खडग़े कुछ हद तक तार्किक भी हैं। औसत सरकारी अधिकारी, नौकरशाह, कर्मचारी की राजनीतिक विचारधारा भारत सरकार से भिन्न हो सकती है। सेना के सैनिक और अद्र्धसैन्य बलों के जवान 'मातृभूमि' के लिए काम करते हैं। बेशक प्रशासनिक तौर पर वे भारत सरकार के अधीन हैं। औसत सरकारी कर्मचारी के नाते वे भारत सरकार की नीतियों, फैसलों, परियोजनाओं को स्वीकार करने को बाध्य हैं। सरकारी कामकाज में वे उसी लाइन पर काम करेंगे, लेकिन लोकतंत्र में वैचारिकता और मतदान करने के अधिकार स्वायत्त हैं। उन्हें 'सरकारी प्रवक्ता' बनने को विवश नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसेवा और जन-दायित्वों की आड़ में एक गलत, अनैतिक लकीर खींची है। सैनिकों को 'सालाना अवकाश' का लालच दिया गया है। अपेक्षा की जा रही है कि वे 'सैनिक राजदूत' बनकर सरकारी परियोजनाओं का प्रचार करें, ताकि उनके लाभ जमीनी स्तर के नागरिक तक पहुंचाए जा सकें। सवाल है कि एक नौकरशाह या कर्मचारी अथवा सैनिक को 'रथ-प्रभारी' बनने का निर्देश दिया जाए, ऐसा उनकी सरकारी सेवा के नियमों में कहां लिखा है? देश के नागरिक होने के नाते सरकारी जनसेवक के भी दायित्व और प्रतिबद्धताएं हैं कि वे आम आदमी की सेवा करें, लेकिन यह भी संभव है कि एक नागरिक के तौर पर वे भारत सरकार की परियोजनाओं और नीतिगत कार्यक्रमों से असहमत हों! असहमति का अधिकार हमें संविधान ने दिया है। सरकार के पास व्यापक प्रचार-तंत्र होता है। भाजपा जैसी पार्टी के पास काडर भी असीमित है। उन्हें 'रथ-प्रभारी' बनाया जा सकता है, क्योंकि अभी तक राजनीतिक परंपरा यही रही है। बहरहाल अभी तो सरकार के इस निर्णय का राजनीतिक विरोध तपा नहीं है, लेकिन उनके तर्क सही हैं कि ध्रुवीकरण के इस दौर में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों का तटस्थ और स्वायत्त होना बेहद जरूरी है, ताकि जनादेश का निर्णय भी उसी विवेक के साथ किया जा सके। कुछ दल इस फैसले को अदालत में चुनौती देने पर भी विचार कर रहे हैं। हमारा मानना है कि कई आईएएस स्तर के अधिकारी भी राजनीतिक तौर पर 'प्रतिबद्ध' होते हैं और सेवानिवृत्ति के बाद सांसद, मंत्री तक बनने का मौका उन्हें दिया जाता है। आरके सिंह, अश्विनी वैष्णव, हरदीप सिंह पुरी, एस. जयशंकर, अपराजिता सारंगी आदि ऐसे ही केंद्रीय मंत्री और सांसद हैं। विचारधारा उनकी भी स्वायत्तता है। इस पर कोई सवाल नहीं है। अधिकारी के तौर पर वे भारत सरकार की परियोजनाओं के 'रथी प्रवक्ता' बने हों, हमें ऐसा नहीं लगता। आजकल ओडिशा में वीके पांडियन आईएएस सेवा से रिटायर होने के बाद विवादों में हैं। वह मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के सबसे भरोसेमंद अधिकारियों में गिने जाते रहे हैं। अब सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें राज्य सरकार में कैबिनेट का दर्जा दिया गया है। रथ प्रभारी बनाने का मामला भी गले नहीं उतर रहा है।

> भातर सरकार के स्तर पर कदातिच यह पहली बार कराया जा रहा है। इस संदर्भ में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग और रक्षा मंत्रालय ने सर्कुलर जारी कर सरकारी कर्मचारियों और नौकरशाहों को निर्देश दिए हैं। मोदी सरकार का यह फैसला राजनीतिक विवाद बतना जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर इस आदेश को वापस लेने का आग्रह किया है, क्योंकि सरकारी लोकसेवक 'तटस्थ' माना जाता है और चुनावों से ऐन पहले उनका 'राजनीतिकरण' करना गतल है। खडग़े कुछ हद तक तार्किक भी हैं। औतस सरकारी अधिकारी, नौकरशाह, कर्मचारी की राजनीतिक विचारधारा भातर सरकार से भिन्न हो सतकी है। सेना के सैनिक और अद्र्धसैन्य बलों के जवान 'मातृभूमि' के लिए काम कतरे हैं। बेशक प्रशासनिक तौर पर वे भातर सरकार के अधीन हैं। औतस सरकारी कर्मचारी के नाते वे भातर सरकार की नीतियों, फैसलों, परियोजनाओं को स्वीकार करने को बाध्य हैं। सरकारी कामकाज में वे उसी लाइन पर काम करेंगे, लेकिन लोतकंत्र में वैचारितका और तमदान करने के अधिकार स्वायत्त हैं। उन्हें 'सरकारी प्रवक्ता' बनने को विवश नहीं किया जा सतका। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसेवा और जन–दायित्वों की आड़ में एक गतल, अनैतिक लकीर खींची है।सैनिकों को 'सालाना अवकाश' का लालच दिया गया है। अपेक्षा की जा रही है कि वे 'सैनिक राजदूत' बनकर सरकारी परियोजनाओं का प्रचार करें, ताकि उनके लाभ जमीनी स्तर के नागरिक त क पहुंचाए जा सकें।

## कुछ अलग

# क्रिप्टो की फांस में हिमाचल

**आसान** धन कमाने की चाहत ने क्रिप्टो करेंसी के अवतार में जिस तरह के अपराध को जन्म दिया है, उसके अनुमान-अनुपात में हिमाचल का दलदल देखा जा सकता है। ठगों के गिरोह अपने हैं या अपराध की गिरफ्त में युवाओं का नेटवर्क इतना प्रभावशाली हो गया कि राज्य में करोड़ों की लूट की तहें शर्मिंदा हैं। आमदनी का जरिया और नजरिया साबित करता है कि क्रिप्टो करेंसी को धन की महबूबा बनाने वालों ने, हिमाचल के खास वर्ग को अपने मोहपाश में लपेट लिया। धन है तो नए निवेश की तलाश में, हिमाचली भी तत्पर हैं कि दिल की आरजू में सोने के महल बना लिए जाएं। निवेश का कतरा-कतरा जिस तरह की फांस पैदा कर रहा है, उससे साइबर क्राइम की निशानियां बढ़ रही हैं। सुखद पहलू यह कि हिमाचल पुलिस के पास शिकायतें आईं तो क्रिप्टो करेंसी ठगी मामले में नकेल कसते हुए सात और आरोपी दबोचे हैं। इससे पहले भी दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं और अब परतों के पीछे से कुछ और आपराधिक कलाकार सामने लाए जा रहे हैं। एक संगठित अपराध की शिनाख्त में निवेश का तिलिस्म पैदा करके जो फांस लगाई थी, उसमें हिमाचल के करीब एक से डेढ़ लाख लोग आ चुके हैं। करीब 24 सौ करोड़ के घोटाले में घर-घर आशाएं जली हैं और इस हमाम में कई लोगों की कमाई नंगी हुई है। यह सारा धन सफेद ही रहा होगा या कहीं काली कमाई को कलई करने के चक्कर में सभी ने आस्तीन के सांप पाल रखे थे। जो भी हो, इस तरह के फ्रॉड में हिमाचली समाज का फंसना कई इशारे कर रहा है। पहला यही कि हिमाचली लोगों के पास इतना सरप्लस धन है कि ये निवेश की नई राहें ढूंढ रहे हैं। दूसरे यह कि हिमाचल में बेहिसाब धन सृजन की कई गलियां गोपनीय ढंग से काम कर रही हैं। तीसरे यह कि हिमाचल के मध्यम वर्गीय समाज पर साइबर क्राइम या इस तरह के निवेश के नाम पर चुनौतियां बढ़ रही हैं। आए दिन मीडिया में यह समाचार आते हैं कि किसी की नेक कमाई को ऑनलाइन लालच ने लूट लिया। हिमाचल का सेवानिवृत्त समाज ही अक्सर इस तरह की धोखेबाजी का शिकार हो रहा है। आय के सीमित साधन तथा परिवार के लिए निवेश के जरिए आय के नए साधनों की खोज में हिमाचल का एक बड़ा हिस्सा सक्रिय है। चंडीगढ़ के आसपास विकसित हुई रियल एस्टेट में हिमाचल के लोगों ने करीब 60 प्रतिशत संपत्तियां खरीद डाली हैं तो इसके मायने समझे जाने चाहिएं या जरूरत यह भी कि हिमाचली लोगों के निवेश के लिए प्रदेश में ही माहौल तैयार किया जाए। ऊना के आसपास एक बड़ा टाउनशिप बसा देते, तो बाहरी राज्यों में जाकर बने निवेशकर्ता अपने ही राज्य को तरजीह देते। हिमाचल सरकार अपने बांड जारी करके प्रदेश के निवेशक को रास्ता दिखा सकती है।

## सुबह-सवेरे उठने की एक अकेली आदत ने उनके जीवन में क्रांति ला दी है

# ब्रह्म मुहूर्त और हम

**पीके खुराना**

> हम चाहें तो अपने सारे काम निपटाकर समय पर रात का भोजन ले लें और समय पर सो जाएं, नींद पूरी करें और ब्रह्म मुहूर्त के नियम का पालन करते हुए सुबह सवेरे उठ भी जाएं। यह सिर्फ एक आदत की बात है। अंतर कुछ भी नहीं है, जो काम रात को नहीं निपटाए जा सके थे, वो सुबह–सवेरे भी निपटाए जा सकते हैं, बेहतर तरीके से निपटाए जा सकते हैं। कुछ लोग हमेशा हर जगह देर से ही पहुंचते हैं और कुछ लोग हमेशा समय पर पहुंच जाते हैं। दोनों तरह के लोग समान रूप से व्यस्त हो सकते हैं। यह सिर्फ एक आदत की बात है कि हम समय पर पहुंचें या देर से। शाम को जल्दी भोजन कर लेना और समय पर सो जाना सिर्फ एक बार रुटीन बनाने की बात है, फिर बाकी सब खुद–ब–खुद होता चलता है, पर ब्रह्म मुहूर्त की शक्तिपात का लाभ अगर छोड़ दिया तो उसका कोई विकल्प नहीं है।

**हमारे** देश की संस्कृति में सवेरे ब्रह्म मुहूर्त में जागने की परंपरा है। ब्रह्म मुहूर्त में जागने के बहुत गुण गाए जाते हैं। देश-विदेश के सफलतम लोगों का भी यही कहना है कि सुबह-सवेरे उठने की एक अकेली आदत ने उनके जीवन में क्रांति ला दी है। एक प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कोच ने तो फाइव ए. एम क्लब से अपने ग्राहकों की एक पूरी कम्युनिटी ही बना ली है। बहुत से अन्य बिजनेस व लाइफ कोच भी इसी विचार का प्रतिपादन करते हैं। मुझसे बार-बार पूछा जाता है कि इतनी सवेरे उठकर हम क्या नया कर लेंगे? आखिर हम करेंगे तो वही जो दिन भर करते हैं। सात से आठ घंटे की नींद भी शरीर के लिए बहुत जरूरी है। काम समाप्त होते न होते अक्सर रात के ग्यारह तो बज ही जाते हैं और अगर उसके बाद आठ घंटे की नींद लेनी हो तो सवेरे के सात बजे से पहले कैसे उठेंगे? फिर ब्रह्म मुहूर्त की प्रासंगिकता कैसे रहेगी? यह सवाल जायज भी है और तर्कपूर्ण भी। दरअसल, ब्रह्म मुहूर्त में जागने की बात करने वालों की तो कमी नहीं है, लेकिन ब्रह्म मुहूर्त में जागने के लाभों का खुलासा कोई नहीं करता, इसलिए जो लोग किसी आध्यात्मिक संस्था से जुड़े हुए नहीं हैं, उनमें से अधिकांश लोग तो इतनी जल्दी उठने की बात सोचना भी गंवारा नहीं करते, उठने की तो बात ही अलग है। ब्रह्म मुहूर्त से पहले नित्य कर्म से निवृत्त होकर और नहा-धोकर तैयार हो जाना प्रोडक्टिविटी के लिए तो लाभदायक माना ही गया है, यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। हमारी संस्कृति में जिसे ब्रह्म मुहूर्त या अमृत वेला कहा गया है, वह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की कुंजी तो है ही, आध्यात्मिकता की राह पर चलना चाहने वाले लोगों के लिए तो जीवन का हिस्सा ही है। यह हैरानी की बात नहीं है कि विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि सूरज उगने से लगभग डेढ़ घंटा पहले पूरा ब्रह्मांड एक नई ऊर्जा से भर जाता है। यह एक तरह का शक्तिपात है, जीवन में नई शक्ति घुल जाने का समय है जिससे हर जीव में नई ताकत, नई शक्ति, नई चेतना का उदय होता है। सूरज उगने से लगभग आधा घंटा पहले शक्ति का एक और सोता फूट पड़ता है पूरे ब्रह्मांड पर, और इसमें हर जीव प्रभावित होता है। सूरज उगने से पहले के इस शक्तिपात के समय अगर हम तैयार हों तो प्रकृति की इस ऊर्जा का पूरा लाभ ले सकते हैं।




यह एक रासायनिक प्रक्रिया है, केमिकल प्रोसेस है। ब्रह्म मुहूर्त के इस समय में खून पतला हो जाता है। शरीर में बनने वाले केमिकल सीक्रीशन्स, यानी रासायनिक स्राव नई ऊर्जा से भर जाते हैं और सारे शरीर में फैल कर एक-एक तंतु को नई ताकत से सराबोर कर देते हैं। हम इन रासायनिक प्रक्रियाओं से इस हद तक प्रभावित होते हैं कि हमारे मन और शरीर में कई तरह के बदलाव आते हैं और इनके हिसाब से ही हमारा मूड भी बदलता है। सोते समय हमारा शरीर पिछले दिन के भोजन को पचाता है और गंदगी को अलग कर देता है। वह गंदगी मल-मूत्र के रास्ते शरीर से बाहर निकल जाए, इसके लिए हमारा तंत्रिका-तंत्र कई तरह की गैसें बनाता है जो इस गंदगी को तब शरीर से बाहर धकेलती हैं जब हम संडास में बैठे होते हैं। दोनों बार के शक्तिपात के समय अगर हम सोए हुए हों, या अभी हमने शरीर की इस गंदगी से छुटकारा न पाया हो तो हमें शक्तिपात का पूरा लाभ नहीं मिलता। ऊर्जा आधी-अधूरी रह जाती है। इसलिए सवेरे उठकर नहा-धोकर तैयार हो जाना हमारी रुटीन बन जाना चाहिए। शक्ति के इस अनमोल स्रोत का फायदा उठाने वाले लोगों के जीवन में तो मानो क्रांति ही आ जाती है। सोचने-समझने की शक्ति तेज हो जाती है, कई समस्याओं का हल खुद-ब-खुद सूझने लगता है, याद्दाश्त तेज हो जाती है और फोकस बढ़ जाता है। इस समय जागने वाले लोग अभी भी विरले ही हैं जिसका लाभ यह है कि जो लोग ब्रह्म मुहूर्त में जाग जाते हैं वे इस समय का उपयोग ज्यादा अच्छी तरह कर सकते हैं क्योंकि इस समय कोई डिस्टर्बैंस या डिस्ट्रैक्शन नहीं होती, ध्यान बंट जाने का कोई कारण नहीं होता, अतः हम पूरे फोकस के साथ अपना काम निपटा सकते हैं। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर सैर कर सकते हैं, व्यायाम कर सकते हैं, अपने दिन के कामकाज की योजना बना सकते हैं। इस समय दिन भर के कामकाज की योजना बनाने का लाभ यह है कि फोकस पूरा होने के कारण हम कुछ भूलते नहीं और दिन शुरू होने से पहले ही हमें पता होता है कि हमारी जरूरतें क्या हैं। अर्जेंट और इंपार्टेंट कामों का सही-सही वर्गीकरण हो जाता है और हमारी उत्पादकता कई गुना बढ़ जाती है। अब सवाल यह आता है कि अगर हमें अपना काम खत्म करते न करते रात के ग्यारह बज जाएं तो क्या करें? काम से वापस लौटने के बाद परिवार के साथ समय बिताना, थोड़ा आराम करना, कुछ मनोरंजन करना, कुछ व्यायाम करना, रात का भोजन लेना आदि भी आवश्यक है। एकल परिवारों में तो यह और भी आवश्यक है और जहां पति-पत्नी दोनों कामकाजी हों, वहां तो समय की समस्या सचमुच बहुत बड़ी है। कामकाज से थक कर आने के बाद बच्चों के साथ समय बिताना, उनकी पढ़ाई पर ध्यान देना, घर के बाकी काम निपटाना आदि रोजाना की समस्याएं हैं। इनसे बचना संभव नहीं है। ऐसे में समय है कहां कि हम पूरा आराम भी न कर सकें और ब्रह्म मुहूर्त में उठने के नियम का भी पालन कर सकें? अनुभव यह बताता है कि हम जैसी चाहें वैसी रुटीन बना सकते हैं। हम चाहें तो अपने सारे काम निपटाकर समय पर रात का भोजन ले लें और समय पर सो जाएं, नींद पूरी करें और ब्रह्म मुहूर्त के नियम का पालन करते हुए सुबह सवेरे उठ भी जाएं। यह सिर्फ एक आदत की बात है। अंतर कुछ भी नहीं है, जो काम रात को नहीं निपटाए जा सके थे, वो सुबह-सवेरे भी निपटाए जा सकते हैं, बेहतर तरीके से निपटाए जा सकते हैं। कुछ लोग हमेशा हर जगह देर से ही पहुंचते हैं और कुछ लोग हमेशा समय पर पहुंच जाते हैं। दोनों तरह के लोग समान रूप से व्यस्त हो सकते हैं। यह सिर्फ एक आदत की बात है कि हम समय पर पहुंचें या देर से। शाम को जल्दी भोजन कर लेना और समय पर सो जाना सिर्फ एक बार रुटीन बनाने की बात है, फिर बाकी सब खुद-ब-खुद होता चलता है, पर ब्रह्म मुहूर्त की शक्तिपात का लाभ अगर छोड़ दिया तो उसका कोई विकल्प नहीं है। अतः यह हमारे अपने फायदे में है कि हम ब्रह्म मुहूर्त में उठकर अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखें और पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त रहकर अपनी दिन भर की जिम्मेदारियां भी ठीक से निपटाएं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## सीसीएल के अरगड्डा-सिरका में पानी सप्लाई मोटर चार दिनों से खराब

### कॉलोनी वाशियों के समीप पानी संकट का खतरा, रोगियों, बच्चों, महिलाओं की बढ़ी परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिरका :** सीसीएल की लचर व्यवस्था शुक्रवार को अरगड्डा-सिरका, जीएम ऑफिस कांलोनी व आस पास में सामान्य जलापूर्ति बीते चार दिनों से मोटर जल जाने के बाद प्रभावित रुप में दिखा। हालांकि चौथे दिन शुक्रवार को ईएंडएम विभाग के द्वारा क्रेन से मोटर उठवा कर बनाने की प्रक्रिया की जा रही थी। लेकिन दूसरी ओर करीब 10 हजार की आबादी, तकरीबन तीन हजार सीसीएल मकानो में रहने वाले कामगार परिवारों के बीच पानी की समस्या विकराल होने को हैं। जानकारी के मुताबिक 100 जीपीएम क्षमता वाला पानी सप्लाई मोटर के बीते 29 अक्टूबर 23 को द्वितीय पाली में 9 बजे रात्रि जल गया। जिससे पूरे अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस कॉलोनी में पानी सप्लाई ठप पड़ गई। इधर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव सुशील कुमार सिन्हा ने कहां है कि अरगड्डा डब्ल्यूटीपी प्लांट में पानी सप्लाई निगरानी का जिम्मा माईनिंग ओवरमैन के भरोसे हैं। जबकि यहां मैकेनिक सुपरवाइजर व मैकेनिकल फिटर की जरूरत हैं। ओवरमैन को बिना चार्ज लेनदेन किये एलाउंस भी कंपनी के द्वारा दिया जाता हैं। जो सही नहीं हैं। वहीं मजदूर कोलयरी मजदूर कांग्रेस के क्षेत्रीय सचिव प्रदीप कुमार उर्फ संजय ने कहा है कि माईनिंग से जुड़े लोगों को प्रबंधन डब्ल्यूटीपी में लगा रहा हैं। इसलिए ऐसी समस्या उत्पन्न हो रही हैं। जो नियमतः सही नहीं हैं। प्रबंधन इस पर गौर करें।

### सांसद जयंत सिन्हा की पहल पर मृतक के परिजनों को मिला मुआवजा व नौकरी

## क्षेत्र के हर निवासी के सुख-दुख में साथ खड़ा हूं : जयंत सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** सीसीएल में कार्यरत रामगढ़ निवासी भोला प्रसाद की विगत दिनों सीसीएल तोपा परियोजना में हुए क्रेन हादसे में मृत्यु हो गई थी। इस घटना के उपरांत शोकाकुल परिजन कंपनी से मुआवजे और नौकरी की मांग कर रहे थे। सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा को इस दुखद घटना की जानकारी उनके सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा ने दी। इस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए कंपनी के जीएम और सीएमडी से बात कर पीड़ित परिजनों को मुआवजा और मृतक के पुत्र को नौकरी देने का निर्देश दिए। साथ ही अपने प्रतिनिधियों को परिजनों के आवास पर भेजकर उनकी हर संभव सहायता करने का निर्देश दिए।सांसद जयंत सिन्हा ने 3 नवंबर को स्वयं भोला प्रसाद के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को 15 लाख मुआवजे का चेक और भोला प्रसाद के पुत्र को ज्वाइनिंग लेटर सौंपा। इस मुआवजे से परिजनों को जीवन यापन करने में सहायता मिलेगी।जयंत सिन्हा ने कहा कि इस घटना में हुई भोला जी की मृत्यु अत्यंत दुखद है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने हेतु प्रार्थना करता हूं। परिजनों को हर सुविधा व सहायता दिलवाने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। क्षेत्र के हर निवासी के सुख-दुख में उनके साथ सदैव खड़ा हूं।

## संथाल धार्मिक स्थल पर डीवीसी द्वारा हाइडल पावर प्रोजेक्ट को, संथाल समाज हमला के रूप में देख रहे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के जरजरा चौक स्थित सरना स्थल के समीप शुक्रवार को संथाल समाज दिशोम मॉझी कर्णपुरा परगना की बैठक प्रखण्ड मॉझी हड़ाम सूरज बेसरा की अध्यक्षता व संचालन पंचायत परगना बिरसा हेम्ब्रोम ने किया। वहीं इस बैठक में सर्वप्रथम संथाल समाज दिशोम मॉझी परगना कर्णपुरा परगना प्रक्षेत्र के सभी 42 मॉझी हड़ाम को विमोचन किताब दिया गया। वहीं लुगु बुरू घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ लालपनिया गोमिया जिला बोकारो झारखंड में स्थित संथाल जनजातियों का धार्मिक आस्था का केंद्र जिसमें कार्तिक पूर्णिमा में पूरे भारत ही नहीं विश्व के संथाल जनजाति का महासंगम होता है जिसे डी.वी.सी. द्वारा प्रस्तावित 1500 मेगावट हाईडल पावर प्रोजेक्ट से संथाल जनजातियों के धार्मिक स्थल लुगु बुरू घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ प्रभावित कर समाप्त किया जा रहा है जिसे संथाल समाज इसे अपने धार्मिक स्थल पर हमला के रूप में देख रहा है।वही लुगु बुरू घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ जो धार्मिक केन्द्र बिन्दु को संरक्षित करते हुए डी.वी.सी. के प्रस्तावित हाईडल पावर प्रोजेक्ट को निरस्त करने की मांग करती है। वहीं वर्तमान स्थिति में पूरे मरांग बुरू पारसनाथ पहाड़ को जैन समाज के लोगों द्वारा अतिक्रमण करने पर तुला हुआ है ।

## उरीमारी में 12 को विस्थापितों के मसीहा शर्मा मांझी का शहादत दिवस मनाया जाएगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के बिरसा परियोजना के समीप विस्थापित कार्यालय में विस्थापित समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सुखू मांझी ने कि। वही इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 12 नवंबर को विस्थापितो के मशीहा स्वर्गीय शर्मा मांझी का 14वा शहादत दिवस विस्थापित समिति कार्यालय में मनाया जाएगा।वहीं इस मौके पर विस्थापित समिति के संरक्षक दसई मांझी, कार्तिक मांझी, दिनेश करमाली, रैना मांझी, सुरेश मुर्मू, खेपन मांझी, नकूल प्रजापति, जुगल करमाली, मोहन मांझी, जितेन्द्र यादव, परमेश्वर सोरेन, सिकारी टुडू, तालो हांसदा, भादो करमाली, अनिल मुर्मू, संतोष प्रजापति, मनोज सिंह, सुखदेव किस्कू, तुलसी उरांव, राजू पावरीया, लालजी पावरीया, बिनोद सोरेन, भवानी शंकर, देवा उरांव, दीपक, सोलेन हांसदा, महादेव सोरेन आदि लोग मौजूद थे।

## असवा में 14 को लगेगा डायर जतरा मेला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के पोंटगा पंचायत अंतर्गत असवा डायर टांड चबुतरा पर आगामी 14 नवम्बर को लगने वाले डायर जतरा मेला को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुई जिसमें एक दिवसीय डायर जतरा मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर विचार किया गया। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता भुनेश्वर मांझी(महतो) व संचालन महेश गंझू ने किया। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली उपस्थित थे। वहीं करमाली ने कहा कि असवा डायर जतरा मेला असवा क्षेत्र में वर्षो से लगता आ रहा है।और यह मेला शांतिपूर्ण तरीके से चलता रहे इसके लिए समिति गठित कर ग्रामीणों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं इस मौके पर लालदेव गंझू, जितेन्द्र सोरेन,कजरू उरांव,मानकी मुंडा,जुगल सोरेन,महेश करमाली, बीरबल मांझी, बिरजू सोरेन, गोदो मुंडा, कमलेश भोग्ता, बासदेव गंझू, जटला उरांव, राजकुमार गंझू, सरोज मुर्मू, बिनोद खलखो,रमा उरांव इत्यादि लोग बैठक में मौजूद थे।

## बुमरी में ऐपवा सदस्यों ने इजराइली हमले पर विरोध मार्च निकाला

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन (ऐफवा) के द्वारा शुक्रवार को गांव बुमरी समेत आस-पास इजराइली हमले के विरोध में मार्च निकाला। यह मार्च एऐपवा जिला रामगढ़ कमेटी की उपाध्यक्ष कांति देवी के नेतृत्व में निकला। इसमें ऐपवा सदस्यों ने हाथों में पोस्टर लेकर युद्ध रोकने, शांति बहाल करने, फिलिस्तीन पर इजरायली हमले बंद करने, बच्चों का नरसंहार बंद करने, अस्पताल स्कूल राहत शिविरों में बमबारी बंद करने की मांग की। मौके पर मनीता देवी, मनतो देवी, रिमनी देवी, रिमिनी देवी, फोगनी देवी, पूजा देवी, बिलखी देवी, राधा देवी, सीमा देवी, मीनू कुमारी समेत दर्जनों महिलाएं शामिल थी।



## सतर्कता जागरूकता पर अरगड्डा में निकाली साइकिल रैली, बनी मानव श्रृंखला, हुई लेखन प्रतियोगिता

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जीएम ऑफिस अरगड्डा में सीसीएल सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को साइकिल रैली, एसवीएम व अन्य स्कूली बच्चों में लेखन निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। जबकि मानव श्रृंखला बनाया गया। साइकिल रैली अरगड्डा जीएम ऑफिस के मुख्य सड़क व विभिन्न चौक चौराहा से होकर गुजरा। जिसका उद्देश्य लोगों में भ्रष्टाचार के विरुद्ध सतर्कता बढ़ाना। इसके खिलाफ आवाज उठाना व रक्षा का संदेश शामिल हैं। अवसर पर अरगड्डा क्षेत्र एसओपी एमएफ हक, कार्यक्रम संचालक नोडल अधिकारी निखिल श्रीवास्तव, कर्मचारी दुर्गेश कुमार सिंह, एसवीएम सिरका शिक्षक भूपेश मणि तिवारी आदि उपस्थित थे।



# एनटीपीसी ने परियोजना प्रभावित छात्रों के लिए आवासीय टर्नर कोर्स का किया प्रायोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने परियोजना क्षेत्र के प्रभावित दस छात्रों के लिए दो वर्षों का आवासीय कोर्स का रामगढ़ जिले के आईटीआई गोला में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने अपने सामुदायिक विकास पहल के तहत आयोजित किए गए दो साल के आवासीय टर्नर कोर्स की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए शुक्रवार को आईटीआई गोलाम में एक शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया। इस कोर्स का उद्देश्य युवाओं में कौशल विकास को बढ़ावा देना है। जिसमें परियोजना क्षेत्र के नईपाराम, गाड़ीलोंग, दून्दवा और टंडवा गांवों से 10 परियोजना प्रभावित युवाओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और समग्र समर्थन प्रदान किया जाएगा। यह एक प्रशंसनीय पहल जिसकी लागत लगभग 20 लाख रुपये है, जिसमे दो साल के लिए सभी आवश्यक प्रावधानों को सम्मिलित करती है। जैसे भोजन, आवास, कोर्स शुल्क, सुरक्षा किट, वर्दी और छात्रों के लिए मासिक धनराशि। इस कार्यक्रम के के मुख्य अतिथि में एनटीपीसी परियोजना के महाप्रबंधक स्वप्नेन्दु कुमार पाण्डा, तथा परियोजना के एजीएम एचआर अनिल कुमार चावला के उपस्थित थे। वही विशेष अतिथि के रूप में द्वारा किया गया। एम के गुप्ता, झारखंड सरकार के टूल रूम के एमडी, समारोह में उपस्थित थे। इसके अलावा महेश मुंडा नईपाराम मुखिया, स्मती साबिदा खातून कमता मुखिया, अभिषेक आनंद वरिष्ठ प्रबंधक एचआर, हर्ष कुमार सेठी एजीएम वातावरण उपस्थित थे।

# निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों का जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का समेत अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

## पांच नवम्बर से फुटबॉल टुर्नामेंट का शुभारंभ होगा

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत बरछिया (बटहेट) स्थित खेल मैदान में युथ क्लब बरछिया के सौजन्य से 5 नवम्बर से पांच दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट का शुभारंभ किया जायेगा। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष जीतू उरांव, सचिव राजेश यादव व देवलाल उरांव ने बताया कि युथ क्लब बरछिया के द्वारा बारियातू थाना के समीप बरछीया खेल मैदान में पांच दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ पांच नवम्बर दिन रविवार को किया जायेगा। इस टुर्नामेंट के शुभारंभ में चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी डॉ अभिषेक कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमार, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया सरिता देवी,सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। इस टुर्नामेंट में मात्र 32 टीम भाग लेंगे। टुर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 20000 रू +खस्सी+ शिल्ड , द्वितीय 15000 रू खस्सी+शिल्ड, तृतीय 10000 रू खस्सी+शिल्ड, चतुर्थ 5000 रू खस्सी+शिल्ड देकर पुरूस्कृत किया जायेगा। टुर्नामेंट में भाग लेने वाले टीम को 1200 रू प्रवेश शुल्क जामा करना तय किया गया है एवं इस ट्रुनामैच मे इंट्री लेने के लिए 7979887938 पर सम्पर्क कर सकते हैं।आयोजन कर्ता ने अधिक से अधिक संख्या में खेल प्रेमियों को आने का अपील किया है।

## बेतला में पांच दिवसीय उधानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेतला पंचायत के पंचायत सचिवालय सभागार में बीते सोमवार से चल रहे पांच दिवसीय कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग उधान प्रभाग के द्वारा उधानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया जहां पशिक्षण प्रभारी शुभम् कुशवाहा ने उपस्थित किसानों को प्रशिक्षण देकर खेती की अग्रणी भूमिका में बेहतर तरीके से फसल को उपजाऊ भूमि पर कम भुमि में बेहतर तरीके से अनेकों तरह का फ़सल उगाने वाले सभी अलग-अलग तरह का प्रशिक्षण देने का काम किया।इस दौरान जिला सलाहकार समिति के डा0 बीडी एस मुंडा ने मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह के उपस्थिति में किसानों को प्रशिक्षण के उपरांत सर्टिफिकेट और किसान किट व सॉल देकर सम्मानित किया।

# एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने सोशल पुलिसिंग प्रोजेक्ट उत्थान के तहत बिरहोर कॉलोनी में जरूरत की सामग्री का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** चतरा पुलिस का सोशल पुलिसिंग प्रोजेक्ट के तहत जहां पुलिस की महत्वकांक्षी कार्यक्रम सोशल पुलिसिंग से सम्बंधित फेज प्रथम के वर्ष 2022 में घोर नक्शल प्रभावित क्षेत्र में 150 से अधिक युवकों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिया गया था। ताकि पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित हो और पुलिस बल आर्मी पारा मिलिट्री फोर्सेस एवं अन्य जगहों पर नोकरी प्राप्त कर मुख्य धारा से जुड़ सके। जिसके कारण प्रशिक्षण प्राप्त सात युवक विभिन्न बलो में सेवा दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार फेज टू में कुन्दा, लावालौंग, थाना अंतर्गत पुनः प्रारम्भ किया गया। इसी कड़ी में एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी एवं लावालौंग थाना प्रभारी ने मिल कर रिमी रामपुर, एवं हूटरु के आदिम जनजाति के बिरहोर कॉलोनी पहुंच कर मौजूद बुजुर्ग, पुरुष, महिलाएं एवं बच्चों को ना केवल जरूरत की सामग्री जैसे कम्बल, चप्पल, कॉपी, कलम, स्लेट, पेंशील बैग, के साथ साथ अन्य स्टेशनरी के समान दिया गया। वहीं बच्चों को विद्यालय पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर पुलिस के जवान के अलावे दर्जनों आदिम जनजाति के लोग शामिल थे।

# पीएम जीवन ज्योति बीमा के तहत दो लाभुकों को दिया गया दो-दो लाख का चेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत सचिवालय सभागार में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के तहत शुक्रवार को कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लभुकों को दो-दो लाख रुपए का चेक दिया गया। यह कार्यक्रम गिद्धौर प्रखंड के कई मुखिया के निगरानी में किया गया। जहां मुखिया निर्मला देवी बेबी देवी जगदीश यादव पंससं सरिता देवी व अन्य उपस्थित थे।बताते चलें कि जेएसएलपीएस के तहत जुड़े महिला समूह के सदस्यों को बीमा करवाने के लिए प्रेरित किया जाता है। और जो सदस्य बीमा कारवाई हैं।उन्हें लाभ भी मिल रहा है।जो दिख रहा है।प्रतीक्षा आजीविका सखी मंडल से जुड़ी सदस्य हेवंती देवी गिद्धौर निवासी का मृत्यु पिछले कुछ दिनों पहले बिमारी से हो गया था। जिनका झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में बीमा करवाई गई थी। जिसका लाभ परिवार इनके पति कपिल देव शर्मा को 200000 का चेक दिया गया है। तो वहीं शांति देवी तिलैया गांव निवासी सूरज आजीविका सखी मंडल की सदस्य हैं। इन्होंने अपने पति सुरेंद्र भुइंया के नाम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा करवाई थी। जिनका पिछले दिन बीमारी से मृत्यु हो गई। और उसका बिमा था। जिन्हें गिद्धौर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के द्वारा 200000 शांति देवी को चेक के माध्यम से दिया गया है। इस कैंप में उपस्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के रिजल्व मैनेजर माधव चंद्रपाल मैनेजर गौतम कुमार जेएसएलपीएस के जिला अधिकारी डीपीएम अनिल डुंगडुंग बीपीएम अभिषेक श्रीवास्तव एफटीसी अनिल प्रजापति सीसी दिलीप कुमार अरुण कुमार बैंक सखी निर्मला देवी सरोज देवी रामकुमार अग्रवाल ग्रामीण बैंक के सहयोगी कमलेश कुमार वर्मा सुधीर कुमार विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## विधायक भूषण बाड़ा ने अग्निशमन विभाग का किया निरीक्षण



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक भूषण बाड़ा ने शुक्रवार को अग्निशमन विभाग का निरीक्षण किया। मौके पर विधायक ने अग्निशामायल विभाग के जवानों को हर समय मुस्तैद रहने सहित कई निर्देश दिए। वहीं विभाग के अधिकारियों ने भी विभाक को कई समस्या बताई। विधायक को बताया कि अग्निशामायल विभाग का निर्माण दस वर्ष पूर्व ही किया गया है। लेकिन अब तक अग्निशामायल विभाग जाने का पहुंच पथ ठीक ठाक नहीं है। कच्ची सड़क से होकर विभाग पहुंचते हैं। विभाग के कार्यालय में सुरक्षा लाईट नहीं रहने, अग्निशामन वाहनों में पानी भरने हेतु वाटर टावर एवं समुचित क्षमताके बोरिंग नहीं होने की भी शिकायत की। साथ ही पानी भरने में होने वाली परेशानी से भी विधायक को अवगत कराया। वहीं विधायक ने डीसी को अग्निशामायल विभाग का निरीक्षण कर जल्द सभी व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने डीसी को अग्निशमन में पानी की व्यवस्था को देखकर सुधार करने का भी निर्देश दिया। मौके पर साथ में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, डा. अहमद हुसैन आदि उपस्थित थे।

# चार महीना से चिकित्सक विहीन है बरदौनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत बरदौनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिछले चार महीनों से चिकित्सक विहीन है। विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक नहीं होने के कारण गम्भीर रूप से बीमार मरीज यहां आने से भी कतराते हैं।और बरदौनी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होने के बाद भी आसपास के दर्जनों गांव के लोगों को 15-20 किलोमीटर दूर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आना पड़ता है। सभी सुविधाओं से युक्त होने के बावजूद मरीजों को अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता। अस्पताल की जिम्मेदारी यहां न्युक्त नर्स एवं लैब टेक्निशियन पर छोड़ दिया गया है। जिनके द्वारा मरीजों के चिकित्सा की पुरी जिम्मेदारी संभाली जा रही है। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर पीएचसी का निर्माण कराया गया। लेकिन इसके संचालन को लेकर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अस्पताल में बिजली व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां ना तो बच्चों व गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले टीके और न ही मरीजों को आपातकाल में दवा एवं इन्जेकशन की सुविधा उपलब्ध हो पाती है। चुकी इन्हें फ्रिज में रखना होता है। हालांकि अस्पताल में फ्रिज समेत अन्य उपकरण भी उपलब्ध है, लेकिन बिजली नहीं होने के कारण शाम होते ही अस्पताल में अंधेरा वी सन्नाटा पसरा दिखाई देगा। वही रात्रि में यहां किसी भी प्रकार कि सुविधा मिलना मुश्किल है।

# पोस्ट ऑफिस के माध्यम से उपायुक्त को भेजा गया मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी के एक दिवसीय धरना के बाद मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन देने जब आजसू कार्यकर्ता पहुंचे थे। तो उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन लेने वाले कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं थे इस विषय में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जाहिर किया था जिसके कारण आज पोस्ट के माध्यम से भेजना पड़ा। जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि धरना की जानकारी जिला प्रशासन को होने के बाद भी मांग पत्र नहीं लेना जिले के लिए दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि एक घंटे के इंतजार के बाद भी कोई अधिकारी मांग पत्र लेने नहीं पहुंचे थे। मांग पत्र में उपायुक्त के माध्यम से सरकार को 1 महीने का अल्टीमेटम दिया गया अगर 1 महीने में शिक्षक बहाल कर कॉलेज शुरू नही होता है तो आजसू चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# गजनी गांव मे ऐतिहासिक जतरा संपन्न, समिति द्वारा खोड़हा दल को किया गया पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**कैरो-लोहरदगा :** जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 03 नवंबर शुक्रवार को गजनी गांव में ऐतिहासिक जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें उल्टी, महुवरी, चाल्हो, टाटी, कैरो, गोपालगंज सहित विभिन्न स्थानों के खोड़हा शामिल हुए। आयोजक समिति द्वारा खोड़हा में शामिल लोगों को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप उपस्थित गांव के पाहन रंजीत उरांव ने कहा कि हमें अपनी सभ्यता-संस्कृति को बचाए रखने की जरूरत है। जतरा के आयोजन से आपसी सौहार्द बढ़ता है। उन्होंने कहा जतरा हमारी संस्कृति व परंपरा की पहचान है। जिससे आपसी प्रेम व सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। जतरा में मौजूद खोड़हा में शामिल लोगों द्वारा पारंपरिक नृत्य-संगीत प्रस्तुत किया गया। वहीं लोगों ने मिठाई, खिलौने आदि की खरीददारी किया। मौके पर पाहन रंजीत उरांव, पुजार शनिया उरांव, महतो चंद्रु उरांव, सरना समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव उरांव, सचिव राम उरांव इत्यादि शामिल थे।

## अनुमंडल पदाधिकारी से मिले भाजपा नेता, बतायी दुकानदारों की समस्या



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा नगर परिषद क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को लेकर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा और जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य दीपनारायण दास ने अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा से मुलाकात कर दुकानदारों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया। मांग रखी कि दीपावली एवं छठ त्योहार को ध्यान में रखते हुए जनता और दुकानदारों को सहूलियत दी जाए। अतिक्रमण से प्रभावित छोटे छोटे दुकानदारों के लिए रूप से दुकान व्यवस्था किया जाए। शहर के मुख्य पथ पर ट्रैफिक समस्या के निराकरण हेतु डिवाइडर लगाने एवं रोड किनारे फुटपाथ बनाने के लिए कहा गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सकारात्मक आश्वासन दिया और कहा कि नगर को सुन्दर और स्वच्छ बनाए रखने, ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता हैं , किसी को परेशान करने के लिए नहीं। जनहित को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक पहल की जाएगी।

# पंचायत समिति सदस्यों का समीक्षा बैठक हुआ, कई बिंदुओं पर की गई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में शुक्रवार को पंचायत समिति क्रियावन की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। जहां कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। तो कई मुद्दा उठाए गए तो कुछ का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी करने का आश्वासन दिया गया है। यह बैठक प्रखंड प्रमुख अनीता यादव के अध्यक्षता में की गई। एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने किया। उपस्थित विभागों से पूछताछ की गई। एवं व्यवस्था को दुरुस्त करने की बातें कही गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग बैंक व उपस्थित कई विभागों के अधिकारियों को विकास कार्य को दुरुस्त करने की बातें कही गई। तो वहीं उप प्रमुख प्रीतम यादव के द्वारा मंझगांवा पंचायत गांव के कुबरी में पिछले दो माह से खराब पड़े ट्रांसफार्मर का मुद्दा बिजली विभाग के कर्मियों के साथ पूछा गया। जहां बिजली विभाग के कर्मी ने एक सप्ताह के अंदर ट्रांसफार्मर दुरुस्त करने की बातें कही है। तो वहीं दूसरी तरफ गिद्धौर पंचायत गांव के देवी मंडप में खराब पड़े जल मीनार की बातें उप प्रमुख ने उठाया। जो कई महीनो से खराब पड़ा है।अब तक दुरुस्त नहीं किया गया है। जिसे दुरुस्त करने की बात बिडियो के द्वारा कही गई है। बारिसाखी पंचायत में वर्षों से स्वास्थ्य केंद्र बंद पड़ा है। जिसे चालू करवाने की बात भी उठाई गई। जहां प्रमुख ने बताई की जिला के उच्च अधिकारियों तक इसकी सूचना दे दी गई है। जल्द स्वास्थ्य केंद्र को चालू कर दिया जाएगा। एवं कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी मुखिया निर्मला देवी पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह कनिय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार रामदेव ठाकुर मनोज मिश्रा रोजगार सेवक एवं दर्जनों अधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हाल सर्वे में गड़बड़ी के कारण विभागों का चक्कर काटने को मजबूर है मूल रैयत

## लातेहार जिले में बना हुआ है खून-खराबे का माहौल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार/बरवाडीह :** लातेहार जिले में हुई हाल सर्वे में गड़बड़ी का खामियाजा मूल रैयतों को भुगतना पड़ रहा है। जिसे लेकर रैयतों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं रैयत आपस में लड़ भिड़ रहे है, और खून खराबा तक की संभावना उत्पन्न हो गई है। ताजा मामला जिले के बरवाडीह प्रखण्ड से आया है। जहां भूमि के मूल रैयत नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि बरवाडीह अंचल अंतर्गत छेंचा के टिकवाटोला में उनकी दस एकड़ रैयती जमीन हैं, जो कि 1955 में रजिस्ट्री द्वारा खरीदी गई हैं। जिसका सरकारी रसीद 2015 तक कटा हुआ है। जिसका पुराना खाता नंबर 524/799 रकवा 10 एकड़ है, और वर्तमान में मेरे दखल कब्जे में भी हैं। लेकिन हाल सर्वे में हुई गड़बड़ी के उपरांत उक्त भूमि का नया खाता संख्या 252, प्लॉट नंबर 1189 और रकवा 6.15 एकड़ है। वर्तमान में जिसका रसीद भी ऑनलाइन कट रहा है। लेकिन मेरी 10 एकड़ जमीन से 3.85 एकड़ जमीन जोहन तिग्गा उर्फ जोहन बाखला एवं उसके वारिश वगेरह के नाम से खाता खुल गया है। जिसका खाता नंबर 57, प्लॉट नंबर 1489/2034 और रकवा 4.85 एकड़ दर्शाया गया है, जो कि पूरी तरह गलत है। वह जमीन मेरे पुराने खतियान में पड़ता है। नागेंद्र प्रसाद ने आगे बताया कि वर्ष 2007 में मैने सरकारी अमीन के द्वारा अपनी जमीन का सीमांकन कराया था। जिसमें 15 डिसमिल जमीन मेरा सड़क में चला गया था, जो कि सीमांकन दस्तावेज में अमीन के द्वारा दर्शाया गया था। वर्तमान में उक्त जमीन के चौड़ीकरण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग से कराया गया। जिसमें करीब 50 डिसमिल जमीन सड़क में अधिग्रहण होने की संभावना है। उधर सड़क निर्माण कार्य से पूर्व पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के द्वारा भू अर्जन विभाग के माध्यम से जमीन का उचित मुआवजा दिए जाने की बात कही गई थी लेकिन अब मुआवजा सूची में हमारा नाम नहीं है। इसका मुख्य कारण हाल सर्वे में गड़बड़ी है। उन्होंने बताया कि अपनी अधिग्रहित की हुई जमीन के मुआवजा को लेकर उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग, भू अर्जन विभाग और बरवाडीह अंचल अधिकारी को सभी दस्तावेजों के साथ आवेदन सौप कर पुराने खतियान के आधार पर मिलान करते हुए अपने जमीन का मुआवजा भुगतान कराने की मांग की है। **विधायक ने तीन बार सदन में उठाए है सवाल :** बता दें कि हाल सर्वे में हुई त्रुटियों के मामले को लेकर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने तीन बार सदन में आवाज उठाई है, और लातेहार जिले में रिसर्वे कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा है कि जब तक सुधार नहीं हो जाता है, तब तक पुराने खातियान और पंजी 2 से मिलान करके रसीद निर्गत की जाए। वहीं सरकार ने भी माना है कि लातेहार जिले में हाल सर्वे में 80 प्रतिशत त्रुटि हुई है, और जिले के अधिकारियों को रिसर्वे का आदेश भी दिया है, लेकिन जिले में संसाधन की कमी का हवाला देकर अब तक रिसर्वे कार्य को शुरू नहीं किया जा सका है। जिससे रैयतों में खून खराबे का माहौल उत्पन्न हो गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक अंबा प्रसाद के प्रयास से 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा शिवाडीह खेल मैदान में 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर व लंगातू त्रिवेणी सैनिक कंपनी के कार्यालय के बगल में सिंचाई कार्य हेतु 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। विदित हो कि शिवाडीह खेल मैदान में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए हाई मास्ट लाइट विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा उपलब्ध कराया गया है लेकिन उक्त लाइट के कनेक्शन के लिए विशेष ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं था उसी कड़ी में 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से उपलब्ध कराया गया। ट्रांसफार्मर मिलने पर ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए विधायक अंबा प्रसाद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी बिजली की समस्या होती है तो सीधे बिना किसी संकोच के बताएं ताकि समस्या को दूर किया जा सके। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे, पंचम कुमार, विक्की प्रसाद, कार्तिक, अजय नारायण, राम लखन महतो, पवन कुमार, रामविलास भारती, हितलाल महतो, संतु कुमार, अजीत कुमार, धनंजय कुमार धीरज, भुवनेश्वर प्रजापति, संजय प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, नवदीप प्रजापति, नारायण प्रजापति, भीम प्रजापति, गोवर्धन प्रजापति सहित अन्य ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर मिल जाने पर खुशी जाहिर की।

### कुआं में डूबने से महिला की मौत, मुखिया सहित अन्य ने किया शोक संवेदना व्यक्त

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी 40 वर्षीय सरिता देवी पति देवनारायण प्रसाद का कुआं में डूबने से मौत हो गई। खेत में पानी पटाने के दौरान महिला असंतुलित होकर कुएं में गिर गई। कुछ देर बाद ग्रामीणों की नजर महिला पर पड़ी जिसे आनन फानन में कुएं से निकालकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी अपनी चिकित्साकर्मियों के साथ इलाज के लिए पहले से तैयारी में जुटे रहे। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। शव का अंतिम संस्कार कोरियाड़ीह घाट पर किया गया।

मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आज कोरियाडीह के लिए काला दिन रहा। एक दिन दो लोगों की अर्थी उठने से काफी मर्माहत है। इस दुःख की घड़ी में पूरा गांव परिजनों के साथ है। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले में स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, नरेश कुमार वर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य संजय कुशवाहा, विनोद प्रसाद कुशवाहा, सुधीर कुमार, अशोक प्रसाद, विकाश प्रसाद, चन्दन प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, भागीरथ प्रसाद, प्रवीण कुमार, विजय प्रसाद, विनय कुमार, अजीत कुमार, महेन्द्र प्रसाद सहित अन्य शामिल हैं।

### 45 वर्षीय अशोक साव का निधन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत धनवार के सामाजिक कार्यकर्ता अशोक साव का इलाज का दौरान निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। वही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शुक्रवार को वे पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार धनवार के शमशान घाट पर किया गया। मुख्यग्नि बड़े पुत्र सुरज साव ने दी। इस दौरान घाट पर भारी संख्या में समाजिक एव राजनितिक कार्यकर्ताओ लोग उपस्थित थे। अशोक साव ने रांची के एक निजी अस्पताल में बृहस्पतिवार को अंतिम सांस ली। उनके निधन पर सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त किया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि वे एक मिलनसार व्यक्ति थे। उनसे मेरा व्यक्तिगत संबंध था। उनके निधन से सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, वॉर्ड सदस्य मोहमद मंजूर, विकाश यादव, विनोद कुमार कुशवाहा, तिलक यादव, ब्रह्मदेव यादव, उमेश यादव, जागेश्वर साव, रवि कुमार, राजदेव यादव, गुलाम सरवर, संजय साव, पच्चू साव, नरेश कुमार वर्मा, संदीप यादव, विक्की साव सहित अन्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

### सदर अस्पताल परिसर में पार्किंग लगाए जाने का विधायक ने विरोध किया

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर के कई जगहों को पार्किंग क्षेत्र में तब्दील कर नगर निगम द्वारा पार्किंग वसुली को लेकर सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इसकी पुरी जानकारी सदर विधायक मनीष जायसवाल को दी । विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में हजारीबाग नगर निगम द्वारा पार्किंग क्षेत्र बनाए जाने और पार्किंग शुल्क वसूली करने के निर्णय को अव्यावहारिक और अमानवीय बताया। विधायक मनीष जायसवाल ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए कहा की यहां लोग अपने दर्द को लेकर आते हैं और ऐसे में उनसे पार्किंग वसूली किया जाना पूरी तरह अव्यावहारिक है। उन्होंने बताया की यहां पार्किंग लगाए जाने के बाद बाज़ार करने आने वाले लोग भी अपनी गाड़ियों को यहां पार्किंग करेंगे ऐसे में इलाज कराने आने वाले मरीज और उनके परिजनों के साथ एम्बुलेंस को भी प्रवेश और निकासी में भारी समस्या और परेशानी का सामना करना पड़ेगा। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की ऐसे ही अस्पताल परिसर में जगह का घोर अभाव है और परिसर में निगम द्वारा पार्किंग बनाई जाने के बाद अस्पताल के इलाज में भी प्रभाव पड़ेगा और जरूरतमंद मरीजों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल की प्रसाशक और नगर आयुक्त से तत्काल इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए इसे निरस्त करने की मांग की है साथ ही चेताते हुए यह भी कहा की अगर अस्पताल में आने वाले मरीज और उनके परिजनों को तत्काल इससे राहत नहीं दी गई तो छत्तीसगढ़ से लौटने के बाद इस पर आंदोलन की रूप-रेखा तैयार की जायेगी ।

### सदर विधायक द्वारा प्रकाश राम के पिताजी के दशकर्मा में मिला नमो श्राद्ध राशन किट का सहयोग

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के अंतर्गत पंचायत करवेकला स्थित ग्राम अमृतनगर के प्रकाश राम के पिताजी स्व उगन राम के दशकर्मा में सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा संचालित राशन किट वितरण अभियान के तहत नमो श्राद्ध राशन किट का वितरण किया गया। विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर सदर प्रखण्ड के विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार ने शोकाकुल परिवारजनों तक नमो श्राद्ध राशन किट का सहयोग पहुंचाया। मौके पर सदर विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार ने कहा कि सदर विधायक मनीष जायसवाल की इस नई परंपरा से गरीब परिवारों को श्राद्ध भोजन खिलाने में काफी राहत मिल रहा है। वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक यह वितरण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि इस राशन किट में करीब 150 लोगों के खिलाने भर का कच्चा राशन है। जिसमें चावल, आटा, दाल, तेल और मशाला है। उन्होंने कहा कि सदर विधायक की इस नई परंपरा का शोकाकुल परिवारजन समेत क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार सरहाना प्राप्त हो रहा है। मौके पर मुखिया दिनेश कुमार, विजय वर्मा, विनोद झुनझुनवाला, मनोहर राम, सुरेंद्र राम, सन्दीप राम, मालती देवी, उर्मिला देवी, हेवन्ति देवी एवं मुस्कान देवी सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे।

## जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय



संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमिअधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के द्वारा स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव,, कोर्रा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती, ऊं एवं भारत माता के चित्र के समक्ष प्रबंधन समिति के सदस्य नागेन्द्र शर्मा, माधव चंद्रपाल, क्षेत्रीय प्रबंधक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के पदाधिकारियों सहित मनोज कुमार सिंह, प्रधानाचार्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित किए। तत्पश्चात् माधव चंद्रपाल ने भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें के संबंध में विस्तार से जानकारी दिए।विद्यालय के आचार्य राज कुमार सिंह के द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा कराया गया । उपस्थित बैंक के पदाधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन समिति कोषाध्यक्ष हरि शंकर सिंह, विद्यालय के आचार्य - महिला आचार्य एवं



भैया बहन ने प्रतिज्ञा किया। तत्पश्चात कक्षा नवम एवं दशम का निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसका विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें से संबंधित पांच सौ शब्दों में लिखना था जिसमें कक्षा नवम से प्रथम बहन अमिषा एवं द्वितीय भैया रौनक कुमार तथा कक्षा दशम में प्रथम भैया चन्दन कुमार दॉगी द्वितीय बहन कुमकुम कुमारी ने प्राप्त किया।जिसको बैंक के पदाधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## बरही प्रखंड स्तरीय वन समिति सदस्यों का हुआ चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बरही प्रखंड स्तरीय वन समिति सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें सभी पंचायतों के पूर्व से चयनित वन समिति के पंचायत अध्यक्ष एवं सचिव ने भाग लिया। जिसमें

पंचायत वन समिति के अध्यक्षों और सचिवों में से तीन सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें कोलहुआकला पंचायत के रूप कुमारी, खोडाहर पंचायत के सुनील टोप्पो व रानीचुआं पंचायत के



अनीशा टोप्पो का चयन किया गया। चयनित सदस्यों का सूची तैयार कर अनुमंडल कार्यालय को सौंपा गया। मौके पर बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचल पदाधिकारी रामनारायण खालको सहित सभी पंचायत के वन समिति अध्यक्ष एवं सचिव मौजूद थे।

## करवा चौथ पर सांकुल बरवा टोला में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** करवा चौथ पूजा के शुभ अवसर पर सांकुल पंचायत के बरवा टोला शिव पार्वती मंदिर के प्रांगण में गुरुवार की रात रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ढ़ कार्यक्रम शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक चला।इस कार्यक्रम में झारखंड के प्रसिद्ध नागपुरी गायक नीतीश कश्यप मजबूर खान और पूनम खालको आदि ने मधुर स्वर से लोगों को मनोरंजन किया।कार्यक्रम का संचालन रामा प्रजापति ने किया इधर



कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कांग्रेस के पूर्व झारखंड कृषि मंत्री योगेंद्र साव आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा सभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी भाजमो केंद्रीय महासचिव निशि पांडे झारखंड पार्टी बड़कागांव विधानसभा प्रभारी बिट्टू सिंह अर्चना देवी पालू मुखिया पानो देवी उपमुखिया उज्जवल कुमार सिंह सांकुल मुखिया सुमन भारती पंसस अंजू कुमारी समाजसेवी गुलशन सिंह नित्यानंद कुमार वीरेंद्र पासवान आदि शामिल हुए तथा जिन्हे कमेटी के सदस्यों द्वारा फूल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया।मौके पर कांग्रेस के बासुदेव राम,याकूब राय,करवा चौथ पूजा समिति अध्यक्ष ओमनाथ सिंह,सचिव राज,कपूर सिंह,संरक्षक भगवान सिंह,बिन्देश सिंह,अरविंद सिंह,मनजीत सिंह,राजेन्द्र सिंह,सुजीत सिंह,रवि सिंह,प्रमोद सिंह,सुरेंद्र सिंह,रोहित लाल सिंह,अनिल सिंह,वीर सिंह,अमित कुमार गंझू,प्रदीप सिंह अजित सिंह आदि के साथ काफी संख्या में

## कटकमसांडी प्रखंड के लुपुंग पंचायत में बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमसांडी :** नव झारखंड फाउंडेशन के द्वारा कटकमसांडी प्रखंड के लुपुंग पंचायत में एक बैठक आयोजित की गई । जिसमें नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने भाग लिया तथा ग्रामीणों को पंचायत तथा प्रखंड स्तर से लेकर होने वाले सभी समस्याओं को सुनने के पश्चात इसके उत्तर में किशोरी राणा ने बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वो उनके समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास कर आपके समस्याओं को समाधान करेंगे । बैठक में अरुण मेहता ,सुनिल मेहता , मनोज मेहता , दिगंबर मेहता , आशीष मेहता , विनय राम , सोहर राम , सुमा देवी , रजनी देवी , सीता देवी , पार्वती देवी , कौशल्या देवी , संजय मेहता , राजकुमार मेहता , संतोष यादव , द्वारिका राणा आदि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## डहरे सोहराय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कुड़मी समाज की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** 05 नवम्बर 2023 को 81 गुष्ठी 81 किमी 81 अखाड़ा डहरे सोहराय बगोदर से बरवाअड्डा तक कार्यक्रम किया जाना है,जिसको लेकर विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत खरना पंचायत में प्रेमचंद महतो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।ऊपरोक्त कार्यक्रम कुड़मी/कुर्मी समाज के सहयोग से किया जायेगा। इस मौके पर प्रेमचंद महतो ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान झारखंड की कला संस्कृति



की झलक प्रत्येक अखाड़े में झूमर,नटुआ,चाचेर आदि कलाओ को प्रदर्शित कर पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जायेगा। आज तो सोहराय भित्तिकला जहाँ विश्वस्तर पर पहचान बना रही, वही यह कला हमारे यहाँ से विलुप्त होने के कगार पर है।

## इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज की मौजूदगी में बड़कागांव पूर्वी पंचायत के कांग्रेस कोर कमेटी का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पूर्वी पंचायत बड़कागांव का कांग्रेस पार्टी कोर कमेटी का गठन किया गया। झारखंड कॉलेज परिसर में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से इंटक सचिव अंकित राज उर्फ सुमित शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे के द्वारा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इंटक के प्रदेश सचिव अंकित राज उर्फ सुमित ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधायक अंबा प्रसाद के विकास योजनाओं से प्रभावित होकर दूसरे पार्टियों के कई लोग कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इसी कड़ी में बड़कागांव पूर्वी पंचायत में भी संगठन की मजबूती एवं कोर कमेटी का गठन किया गया। अंकित राज ने आगे कहा कि विधायक अंबा प्रसाद के



नेतृत्व में बड़कागांव चौक का कायाकल्प तेजी से हुआ है करोड़ों की लागत से बड़कागांव मुख्य चौक के आसपास नाली का निर्माण कराया गया, हाय मास्ट लाइट भी लगवाया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 10-10 चापानल, शमशान एवं दसकर्मा सेड निर्माण, कब्रिस्तान का चाहर दिवारी निर्माण, पेयजल की व्यवस्था जैसे सामूहिक योजनाओं का चयन करते हुए प्राथमिकता के साथ विधानसभा के सभी क्षेत्रों का विकास करना है।

बैठक में उपस्थित लोगों का कोर कमेटी सदस्यों का चयन किया गया जिसमें बाबूलाल कुमार उर्फ बबलू को पंचायत अध्यक्ष, सुनील कुमार को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौपा गया। इस दौरान कोमल चंद साव, राजू कुमार राणा, रामचंद्र कुमार, संतोष कुमार, आशीष कुमार, अजीत कुमार, राजू साव, सचिन कुमार, प्रेम कुमार, संतोष राम, अशोक राम, परमेश्वर कुमार, मनोज कुमार, उमेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, टुकन कुमार, पिंटू कुमार, दिनेश प्रजापति, मोहम्मद मुबारक, आलम, दर्शन प्रजापति, गफ्फार खान, आकाश कुमार, पंचम कुमार, अर्जुन प्रजापति, मोहम्मद मेराज, दिलीप भुईया, तबारक, रवि कुमार, प्रमिला देवी, विमला कुमारी, ओमप्रकाश कुमार,रोशन, पंकज गुप्ता, लक्ष्मण कुमार, संजय महतो, बिंदु दांगी, रूपेश कुमार, उदय मेहता, अमरदीप कुमार, दीपक कुमार सिंह, अमित कुमार तिवारी, संदीप कुमार तिवारी, राहुल तिवारी, संदीप सिंह सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## वीर बिरसा मुंडा ग्राम मंच ने पेशा कानून लागू करने के लिए किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडल कार्यालय परिसर में वन अधिकार कानून 2006 एवं पेशा कानून 1996 के क्रियान्वयन हेतु अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम चौपारण वीर बिरसा मुंडा मंच के बैनर तले किया गया। जिसमें चौपारण के विभिन्न पंचायत के आदिवासी समुदाय के महिला एवं पुरुष इस धरना प्रदर्शन में भारी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के पूर्व आदिवासी समुदाय के लोग भारी संख्या में अपनी मांगों को तख्ती में लिए पैदल चल कर बरही अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए। इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से चौपारण जिला परिषद सदस्य रविशंकर अकेला, युवा नेता संजय मेहता एवं उपस्थित थे। जिन्होंने उनकी मांगों का समर्थन किया।उनका निम्न मांग इस प्रकार है। जिसमें अनुसूचित जनजाति एवं परंपरागत वन निवासी की मान्यता 2006 नियम 2008 एवं संशोधित अधिनियम 2012 और पेशा अर्थात पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार अधिनियम 1996 के समुचित ढंग से क्रियानुवायन को सुनिश्चित किया जाए। वही पेशा 1996 और वन अधिकार कानून के उल्लंघन को रोका जाए,तथा कानून के उल्लंघन करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों और बिचौलियों पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार एवं प्रस्तावना विवरण अधिनियम और अन्य कानून के तहत कानूनी कार्रवाई की जाए।

## ड्रोन टेक्नोलॉजी इन एग्रीकल्चर विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में शुक्रवार को ड्रोन टेक्नोलॉजी इन एग्रीकल्चर विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बता दें कि इस कार्यक्रम में ग्रेटर नोएडा, पश्चिम बंगाल, रांची, रामगढ़, गिरिडीह, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग सहित अन्य जगहों से 160 से अधिक एग्रीकल्चर, आईटी समेत अन्य विभाग के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बड़ी तादाद में इस कार्यशाला में शरीक विद्यार्थियों व किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि दरअसल ऐसे कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि के नए तकनीकों को आम लोगों तक पहुंचाना है ताकि आधुनिक तकनीक का कृषि के क्षेत्र में उपयोग आसान बन सके। उन्होंने बताया कि कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों व किसानों को ड्रोन के उपयोग और आवश्यकता आधारित इनपुट एप्लिकेशन का उपयोग करना बताया जाएगा। वहीं मुख्य अतिथि डीडीएम नाबार्ड प्रेम प्रकाश सिंह ने कहा कि कृषि के विकास के मद्देनजर ऐसे कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना आईसेक्ट विश्वविद्यालय का सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीक ना सिर्फ पैदावार बढ़ाएगी बल्कि आर्थिक रूप से संपन्नता की ओर भी हम तेजी से बढ़ेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की संभावना जताते हुए इस ड्रोन टेक्नोलॉजी को देश की रीढ़ कही जाने वाली कृषि क्षेत्र के लिए अहम बताया। वहीं कृषि एवं ड्रोन तकनीक विशेषज्ञ रोशन कुमार ने कहा कि विज्ञान की दिशा में तेजी से दुनिया के कदम बढ़ रहें हैं और नई-नई तकनीकों के जरिए अन्य क्षेत्रों के साथ साथ कृषि के क्षेत्र में भी विस्तार मिल रहा है।

## आम ग्रामीणों के लिए हेमन्त सोरेन की सरकार राज्य में बेहतर कार्य कर रही है : संजीव बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पश्चिम पंचायत भवन बड़कागांव में झामुमो की पंचायत स्तरीय बैठक कि गई। जिसकी अध्यक्षता विशेश्वर राम एवं संचालन 20 सूत्री सदस्य पवन तुरी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। बड़कागांव प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह के नेतृत्व में पंचायत कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष सरोज कुमार महतो, उपाध्यक्ष धनेश्वर कुमार, बबलू कुमार, बिट्टू कुमार, सचिव दिलीप कुमार, संयुक्त सचिव विक्रम कुमार सोनी, प्रकाश कुमार, राजेंद्र कुमार, संगठन सचिव नरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार को बनाया गया। वहीं गीता देवी, आरती देवी, सुनीता देवी, मालती



देवी, भुवनेश्वरी देवी, बिंदिया देवी, गुड़िया देवी, नरेंद्र कुमार, संजीत कुमार, जगन्नाथ राम के अलावा अन्य को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

लोगों को संबोधित करते श्री बेदिया ने कहा कि आम ग्रामीण के लिए हेमंत सरकार राज्य में बेहतर कार्य कर रही है, लोग लाभान्वित हो रहे हैं, शिक्षा स्वास्थ्य के अलावा अन्य कार्यों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है । मौके पर मुख्य रूप से सफीउल्लाह अंसारी, राकेश मिश्रा, विशेश्वर राम, मोहम्मद हुसैन, सरिता देवी, बीना देवी, उर्मिला देवी, राहुल कुमार, प्रकाश कुमार, विवेक कुमार, विक्रम सोनी, विजय महतो, संतोष महतो, मंजू देवी, नीलम देवी, सविता देवी, रोशनी देवी, सुनीता देवी, पूजा कुमारी, सरिता देवी सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## पड़ारूनाल सिरका के तीन अवैध मुहान हुए डोजरिंग

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के द्वारा पड़ारूनाला सिरका जंगली टोंगरी क्षेत्र में पेलोडर द्वारा मिट्टी डालकर तीन अवैध कोयला खनन मुहानो को बंद कराया गया। मौके पर सिरका सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम, जीएम ऑफिस यूनिट के भैयालाल, प्रहरी शंकर, ओवरमैन संतोष सिंह, ऑपरेटर चंदन, पुलिस अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

## वाराणसी में पहली बार किया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय यूनिफॉर्म व गार्मेंट प्रदर्शनी का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोलापुर गार्मेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (स्त्रक्रू) ने यूनिफॉर्म इंडस्ट्री के विकास और सोलापुर को यूनिफॉर्म मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देखे गये सपने को साकार करने के मद्देनज़र अब उन्हीं के संसदीय क्षेत्र




वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक भव्य यूनिफॉर्म व गार्मेंट प्रदर्शनी के आयोजन का ऐलान किया है. उल्लेखनीय है कि इस भव्य प्रदर्शनी के माध्यम से स्त्रक्रूका उद्देश्य है कि इसमें 200 अग्रणी ब्रांड्स हिस्सा लें सकें. यहां पर लगभग 10,000 यूनिफॉर्म फ़ैब्रिक डिज़ाइन्स तो वहीं 20,000 से अधिक यूनिफॉर्म गारमेंट एव ऐक्सेसरीज़ के डिज़ाइन्स को प्रदर्शित किये जाने की तैयारी है. 7 वें यूनिफॉर्म व गार्मेंट प्रदर्शनी का आयोजन 16 से 18 दिसंबर, 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के काशी वाराणसी में श्री काशी वाराणसी दीनदयाल हैंडीक्राफ़्ट कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि यहां पर प्रदर्शनी के आयोजन की प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल पुराने एक भाषण से मिली थी और ऐसे में अब उन्हीं के संसदीय क्षेत्र में इस अनूठी किस्म की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है. स्त्रक्रूसे संबंधित श्री सतीश पवार को प्रदर्शनी का अध्यक्ष तो वहीं प्रकाश पवार को प्रदर्शनी का सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है ।

## केंद्रीय सचिवालय सेवा के प्रशाखा पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को जिला समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में केंद्रीय सचिवालय के प्रशाखा पदाधिकारियों के स्टेट अचीवमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत रामगढ़ जिला में इंटरेक्शन विद डिस्टिक लेवल ऑफिसर्स, लाइन डिपार्मेंट और अर्बन लोकल बॉडीज के तहत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । इस दौरकन केंद्रीय सचिवालय सेवा के प्रशाखा पदाधिकारियों में हीरालाल कुमार, जस्टिन बंसल, दिनेश कुमार मीणा, जोयफुल को प्रशिक्षण मॉड्यूल में सूचीबद्ध केंद्रीय योजनाएं यथा नेशनल हेल्थ मिशन, मध्यान भोजन, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, जन वितरण प्रणाली सहित अन्य योजनाएं, राज्य योजनाओं के तहत ओवरसीज स्कॉलरशिप स्कीम, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि के संबंध में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।इस दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने सरकारी विभागों में किए जाने विभिन्न कार्यो, जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय कार्यालय में किए जाने वाले कार्यो आदि के प्रक्रिया की जानकारी दी साथ ही उन्होंने अपने अनुभवों को भी सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों के साथ साझा किया। इस दौरान जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने छठ घाट का निरीक्षण किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी पतरातु के सदस्यों ने कटुवा कोचा छठ घाट का निरीक्षण कर बैठक की, जिसमें आगामी छठ महापर्व को लेकर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठव्रतियों के सेवार्थ घाट पर सारी सुविधाऐं पहले से और ज्यादा बेहतर करने निर्णय लिया।



जैसा की इस वर्ष छठव्रतीयो कि सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति की पहल पर पूरे घाट परिक्षेत्र में सीढी,शेड,और मेन रोड से लेकर घाट तक पेवर ब्लॉक की सड़क का निर्माण स्थानीय विधायक कि अनुसंशा पर जिला प्रशासन द्वारा करवाई है । इसके अतिरिक्त घाट पर हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी समुचित विद्युत व्यवस्था, स्वागत -तोरण द्वार ,चेंजिग रूम,फल, फूल,प्रसाद , दुध -चाय, मेडिकल टीम - एम्बुलेंस, आपदा प्रबंधन टीम, की समुचित व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। वहीं जिला प्रशासन से समिति संयोजक सुजीत कुमार पटेल ने मांग की है कि चुँकि प्रशासन द्वारा इसी घाट पर पूरे पीटीपीएस एवं पतरातु की मूर्तियों का विसर्जन कराया जाता है । उसको लेकर घाट पर बहुत ज्यादा गंदगी उत्पन्न हो गई है, इसलिए प्रशासन हमें यहाँ स्थित पीवीयूएनएल एवं जिंदल द्वारा घाट कि समुचित साफ सफाई वं अन्य कार्यो मे सहयोग प्रदान कराया जाए। बैठक में मुख्य रूप से सोसाईटी संयोजक सुजीत कुमार पटेल ,डॉ मनोज कुमार गुप्ता,मनीष अग्रवाल ,अनिल , सजीव सिंह ,वारिस खान ,नीरज झा ,अरिंदम नायक, बुच्चन पांडे ,पप्पू सिंह, गौरव आनंद, घीरज पटेल, धुघुर सिंह, सहित नाविक संघ के तारीक रजा , मो. अफरीद अंसारी, मस्जिद अंसारी एवं अन्य उपस्थित थे ।

## हर कामयाबी के पीछे एक कहानी : इकराम

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष तैयब इकराम ने शुक्रवार को डॉ शाहनवाज कुरैशी की लिखी पुस्तक झारखंड में महिला हॉकी का विमोचन किया. एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हर कामयाबी के पीछे एक कहानी होती है.



पुस्तक के रूप में इसे लाना सराहनीय है. खिलाड़ियों की समस्याओं से उबरने और सफल होने की दास्तान को बताना जरूरी है. उन्होंने लेखक को बधाई देते हुए पुस्तक को डिजिटल फॉर्मेट में लाने कक सुझाव दिया ताकि इसकी वहज उपलब्धता हो सके और युवा पीढ़ी इससे प्रेरणा ले सके. हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पदमश्री डॉ दिलीप तिर्की ने कहा कि पहले झारखंड में पुरुष हॉकी का वर्चस्व था, लेकिन महिला हॉकी खिलाड़ियों ने सफलता की नयी इबारत लिखी डाली है. उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों पर लिखी गई पुस्तक उन्हें और प्रोत्साहित करेगा. हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के संघर्ष और उपलब्धियां को सहेज कर लेखक ने सराहनीय काम किया है. डॉ शाहनवाज कुरैशी ने कहा कि झारखंड में महिला हॉकी को समर्पित यह पहली पुस्तक है। इसमें खिलाड़ियों की सीमित संसाधनों में आगे बढ़ाने के जज्बे, समस्याओं से जूझने और उपलब्धियां हासिल की दास्तां है।

## हेसला महुआटाड़ के घरों में 15 घंटों के बाद बिजली आपूर्ति हुई, लोग रहे परेशान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद वार्ड 12 हेसला महुआटांड़ बस्ती में बिजली आपूर्ति बीते गुरुवार संध्या 7 बजे से बाधित हो गई। जिससे करीब 50 घरों की आबादी वाला क्षेत्र अंधकार में डूब गया। बच्चों की पढ़ाई लिखाई मोमबत्ती व ढ़िब्री के रोशनी में हुई। रोगियों, वृद्धो को परेशानी हुई। ग्रामीणों की सूचना पर शुक्रवार को सुबह 11ः30 बजे नईसराय झारखंड विद्युत विभाग मिस्त्रियों के द्वारा बिजली बनाया गया। इससे पूरे गांव महुआटाड़ हेसला में बिजली 15 घंटे के बाद आपूर्ति हुई। ग्रामीण समाजसेवी दिलीप भुईयां ने बताया कि बिजली विभाग के तार, कलपुर्जे का रखरखाव सही तरीके से जरूरी हैं। क्योंकि बिजली जंफर उड़ने के बाद खंभो में ढूंढना मुश्किल होता हैं। इससे लोगों को परेशानी होती हैं।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला उज्ज्वला समिति गठित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर उज्जवला समिति गठित करने की प्रक्रिया शुक्रवार को संपन्न हुई जिसके तहत जिला स्तर पर गठित उज्जवला समिति के अध्यक्ष उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार होंगे वही सदस्य के रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, सहायक प्रबंधक आइओसीएल नंदलाल कुशवाहा, एरिया सेल्स मैनेजर बीपीसीएल इंद्रनील अग्रवाला एवं जिला नोडल पदाधिकारी के रूप में एरिया सेल्स मैनेजर एचपीसीएल अनिरुद्ध गुप्ता होंगे।शुक्रवार को उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला उज्जवला समिति की पहली बैठक के दौरान जिले में वर्तमान में संचालित उज्जवला कनेक्शनों की जानकारी ली गई जिसके उपरांत वर्तमान में जिले में संचालित उज्जवला कनेक्शन की



समीक्षा कर एक ही लाभुक के नाम से एक से अधिक कनेक्शन को चिन्हित कर कार्य करने का निर्णय लिया गया। वही उपायुक्त द्वारा नियमित रूप से जिला उज्ज्वला समिति की बैठक आयोजित करने एवं उज्जवला कनेक्शन हेतु प्राप्त हो रहे आवेदनों के नियमानुसार नियमित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य**

उज्ज्वला योजना का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत में स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना है जो कि मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन वितरित करके पूरा किया जा सकता है। योजना के लागू करने का एक उद्देश्य यह भी है कि इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा और महिलाओं के स्वास्थ्य की भी सुरक्षा की जा सकती है।वर्तमान में उपयोग में आने वाले अशुद्ध जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करना और शुद्ध ईंधन के उपयोग को बढ़ाकर प्रदूषण में कमी लाना भी योजना के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है।जो बीमारियाँ खाना बनाने के लिए उपयोग में आने वाले अशुद्ध जीवाश्म ईंधन के जलने से होती हैं, उज्जवला योजना के लागू होने के बाद उनमें भी कमी आने की सम्भावना है। इस प्रकार यह योजना महिलाओं और बच्चों को स्वस्थ रखने में भी सहायक सिद्ध होगी।

**उज्ज्वला योजना के लिए पात्रता**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए इच्छुक लोगों का योजना के लिए पात्र होना अति आवश्यक है। जो भी आवेदक पात्र नहीं पाये गए उन्हें गैस कनेक्शन नहीं दिया जाता है।

**पात्रता के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं।**

आवेदक द्वारा दी गयी सभी जानकारी को एसईसीसी ङ्क 2011 डेटा के साथ मिलाया जाता है तथा उसके पश्चात ही यह निर्णय लिया जाएगा की आवेदक योजना का पात्र है या नहीं ।

## उरीमारी डीएवी में परख के अंतर्गत परीक्षा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के दयानंद एंग्लो वैदिक पब्लिक स्कूल में एनसीईआरटी की घटक इकाई परख के तहत झारखंड सरकार द्वारा चयनित विद्यालयों में समग्र विकास के लिए प्रदर्शन, मूल्यांकन ,समीक्षा और ज्ञान का विश्लेषण हेतु तीन ग्रेड में कक्षा 3, कक्षा 6 तथा कक्षा 9 के विद्यार्थियों की परीक्षा ली गई। जिसमें बड़कागांव प्रखंड में अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में डी ए वी उरीमारी का चयन किया गया था। वहीं इस परीक्षा में तीनों ग्रेड में कुल 90 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। वहीं बड़कागांव क्षेत्र में डीएवी उरीमारी स्कूल की बढ़ती लोकप्रियता क्षेत्र की जनता के लिए गौरव की बात है। सुदूर कोयलांचल में स्थित यह विद्यालय दिन पर दिन प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। वहीं इस विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार राय के कुशल नेतृत्व में विद्यालय सफलता के शिखर की और अग्रसर बढ़ता जा रहा है। वहीं परीक्षा में प्राचार्य ने प्रतिभागी छात्रों की हौसला आफजाई करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

## नमामि गंगे योजना अंतर्गत गंगा उत्सव के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ गंगा रन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नमामि गंगे योजना अंतर्गत 1 नवंबर 2023 से 8 नवंबर 2023 तक मनाए जा रहे गंगा उत्सव के तहत शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक रामगढ़ से अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ तक गंगा रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, विख्यात बॉक्सर अरुणा मिश्रा सहित जिले के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, दामोदर बचाव संस्था के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने गंगारन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।गंगारन का शुभारंभ उपायुक्त द्वारा मशाल ज्वलित कर किया गया। गंगारन समाप्त होने के उपरांत अपने संबोधन में उपायुक्त




चंदन कुमार ने नमामि गंगे योजना अंतर्गत गंगा उत्सव के तहत आयोजित मैराथन में शामिल होने के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने कहा कि भारत में हमेशा से ही नदियों का अपना एक अलग महत्व रहा है। नदिया न केवल इंसानों की कई मूलभूत जरूरतों को पूरा करती है बल्कि इसका निरंतर चलते रहना पर्यावरण अच्छा रहने का भी संकेत है और इससे पता चलता है कि वातावरण सुरक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि हाल ही में हुई बैठकों से यह पता चलता है कि लगभग 90त्न कारखानों का दूषित पानी अब दामोदर नदी में नहीं जा रहा है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि घरों से निकलने वाला दूषित पानी भी बिना ट्रीटमेंट के नदियों में न जाए इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

## भुरकुंडा कौवा बेड़ा निवासी की मेडिका में इलाज के दौरान हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ के पतरातू प्रखंड क्षेत्र के भुरकुंडा कौवा बेड़ा निवासी राजेंद्र कुम्हार पिता सामदेव कुम्हार जो राजमिस्त्री का कार्य कर अपना जीविकोपार्जन करते थे। वे विगत दिनों तेज बुखार से ग्रसित होने के कारण रांची के मेडिकल अस्पताल में इलाजरत थे जिनका दिन शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई एवं अस्पताल प्रबंधन के द्वारा बकाया अस्पताल का खर्च मांग की जाने लगी। मृतक के परिजनों की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वे अस्पताल खर्च देने में असमर्थ थे एवं इस संदर्भ में उन्होंने स्थानीय विधायक



अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज से गुहार लगाई। सूचना पाकर विधायक अंबा प्रसाद अस्पताल पहुंची एवं प्रबंधन से बात कर अस्पताल खर्च का 1 लाख 20 हजार माफ करवाया व शव को उनके निवास स्थान भेजा गया। विधायक अंबा प्रसाद ने इस दौरान अस्पताल परिसर में परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया व हर संभव मदद उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

## मृत लाभुक को जिंदा बताकर किया भुगतान, बात बढ़ी तो शुरू हुई लीपापोती

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के नरोत्तमपुर पंचायत में आवास निर्माण के लिए भुगतान में बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसे लापरवाही ना कहकर, घपले घोटाले भी कह सकते हैं। वैसे भी नरोत्तमपुर पंचायत घपलों घोटालों को लेकर हमेशा से सुर्खियों में रहा है। अब तक मारेगा योजनाओं में जेसीबी का उपयोग, बिना काम किए राशि की निकासी या अन्य तरीके के घोटाले सामने आती रही है। लेकिन इस बार तो हद ही हो गई।दरअसल सरकारी आवास के मृत लाभुक के नाम से भुगतान कर दिया गया है। मनरेगा के तहत लेबर मद में 9 सितंबर 2023 से 17 अक्टूबर 2023 तक सात बार में 10,710 रुपए का भुगतान किया गया है। इधर ग्रामीणों के अनुसार लाभुक नुरेमान शेख की 4 साल पहले ही 2019 में मृत्यु हो चुकी है। मिली जानकारी के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2019-20 में नुरेमान शेख के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हुई थी। जिसका आईडी जेएच 1858729 है। वहीं वार्क कोड संख्या 904828 और जॉब कार्ड संख्या 01/1298 है। पहले किस्त के रूप में लाभुक के खाते में 40,000 रुपए भेजा गया था। इसके बाद लाभुक नुरेमान शेख की मृत्यु हो गई। इसके बावजूद 9 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सात बार में 10,710 रुपए का भुगतान कर दिया गया। ऑनलाइन रिकॉर्ड के मुताबिक 9 सितंबर को 255 रुपए, 10 सितंबर को 1785 रुपए, 17 सितंबर को 1785 रुपए, 24 सितंबर को 1785 रुपए, 1 अक्टूबर को 1530 रुपए, 10 अक्टूबर को 1785 रुपए और 17 अक्टूबर को भी 1785 रुपए का भुगतान हुआ है। इसमें किन लोगों की संलिप्तता है, यह जांच का विषय है। यह भी चर्चा है कि रोजगार सेवक को पंचायत का नया-नया प्रभार मिला है। लेकिन अगर रोजगार सेवक नए हैं और उन्हें लाभुक की सटीक जानकारी नहीं मिली, तो अन्य जिम्मेदार लोग क्या कर रहे थे। यह एक बड़ा सवाल है।

**लाभुक के खाते से रिकवरी की बजाय नगदी जमा से उठ रहे सवाल-**

इस फर्जीवाड़े की जब ग्रामीणों को भनक लगी और चारों तरफ चर्चा शुरू हुई, तब मामले को रफा-दफा करने का प्रयास शुरू हुआ। मुखिया और संबंधित कर्मी ने प्रखंड कार्यालय में ऑपरेटर के साथ मिलकर लीपापोती करने लगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू को जानकारी मिलने पर उन्होंने रिकवरी का आदेश दिया। इधर चर्चा है कि आनन-फानन में नजीर रशीद कटवाकर राशि जमा की गई है। हालांकि लाभुक के खाते से राशि की रिकवरी नहीं हुई है। ऐसे में यह मामला भी कहीं ना कहीं जांच का विषय है। यहां सवाल उठता है कि किस नियम के तहत लाभुक के खाते से राशि की रिकवरी नहीं कर, नगद राशि जमा की गई। यह वाकया घपले की मंशा को बल देता प्रतीत हो रहा है।

**क्या कहते हैं रोजगार सेवक-**

इधर रोजगार सेवक संजीव कुमार ने कहा कि मानवीय गलती से ऐसा हुआ है। यह जानबूझकर नहीं किया गया है। मैं पंचायत में नया-नया आया था। मुझे समझने और जानने में भूल हुई।

## सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष बने साजन कुमार साह और महासचिव बने राजीव कुमार गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोटालपोखर :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति कोटालपोखर कमिटि का पुनर्गठन रिटायर्ड शिक्षक विनय कुमार भगत की अध्यक्षता में गुरुवार देर शाम बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में सैकड़ों लोगों की उपस्थित में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पुराने कमिटि को भंग की घोषणा करते हुए नई कमिटि का पुनर्गठन किया गया।सर्वसम्मति से सैकड़ों लोगों ने अपनी सहमति जताते हुए साजन कुमार साह को अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए छह व्यक्ति क्रमशः प्रभाकर कुमार भगत (विनोद),ऋषभ सिंह,मनोज कुमार साह (लड्डू),दुर्गेश कुमार साह,राजकुमार साह (शिक्षक),सोनू कुमार भगत को बनाया गया। जबकि राजीव कुमार गुप्ता (महासचिव) एवं संयुक्त सचिव के लिए चार व्यक्ति भोला साह (पूर्व आर्मी) प्रणव कुमार साह,सुमित कुमार साह,पीयूष मिश्रा के नामों की घोषणा की गई। इधर जयंत कुमार टारजन कोषाध्यक्ष और पूजा प्रभारी के लिए दो व्यक्ति पंकज कुमार गुप्ता एवं रितेश भगत चुने गए।इसके अलावे बप्पी कुमार साह (सोशल मीडिया प्रभारी) मकसूद आलम (मीडिया प्रभारी) बनाये गए हैं।इधर कार्यक्रम पदाधिकारी के लिए तीन लोगों के नामों की घोषणा की गई जिसमें शंकर साह,तपन कुमार गुप्ता एवं हेमंत भगत,मेला प्रभारी के लिए सात व्यक्ति दिवाकर साह,लाल बहादुर सिंह, आशीष गुप्ता,निखिल सिंह,अर्जुन माली,दीपक कुमार, अमित शर्मा को नियुक्त किया गया है।नवनियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्यों की ओर से समाज के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा गया है,कि समाज के लोगों के द्वारा दिए गए दायित्व का निर्वहन में कोई कमी नहीं करेंगे।इधर साजन कुमार साह को अध्यक्ष बनने पर उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की कृपा सभी पर बनी रहे।मंदिर का विकास करना हमारी प्राथमिकता में रहेगी।उन्होंने कहा कोटालपोखर के सैकड़ों लोगों ने मुझे जिस उद्देश्य से अध्यक्ष बनाया है उनकी आकांक्षाओं पर हर सम्भव खरा उतरने का प्रयास करूंगा।


## जिला खनन कार्यालय,गुमला

**केटेगरी –A & B के बालू घाटों का MDO चयन हेतु**

**अति अल्पकालीन वित्तीय–निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र० | बालूघाट का नाम | प्रखण्ड | रकबा (हे० में) | e-tender Reference No. | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | Bid Opening Date | नियम एवं शर्त्त | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लरंगो | सिसई | 4.62 | 25/23 | 02-11-2023 | 11-11-2023 upto 11:00 Hrs | 14-11-2023 at 14:00 Hrs | M/s JSMDC द्वारा तैयार संशोधित Model Tender Documents के अनुरूप | उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गुमला |
| 2 | सहीजना, धोबनी, कोटरी, गुटवा | सिसई, घाघरा | 10.00 | 26/23 | | | | | |
| 3 | बर्री | सिसई | 7.00 | 27/23 | | | | | |
| 4 | चेगरी | घाघरा | 8.80 | 28/23 | | | | | |
| 5 | नागफेनी, सिलाफारी | सिसई, गुमला | 9.11 | 29/23 | | | | | |
| 6 | हाराडीपा | चैनपुर | 10.00 | 30/23 | | | | | |
| 7 | लाटू | रायडीह | 8.30 | 31/23 | | | | | |
| 8 | धोबनी, बदरी | घाघरा | 5.43 | 32/23 | | | | | |
| 9 | लरंगो | सिसई | 4.80 | 33/23 | | | | | |
| 10 | गुटवा, लरंगो, सहीजना | घाघरा, सिसई | 22.06 | 34/23 | | | | | |
| 11 | जलका, डूको, सिकवार | सिसई, घाघरा | 16.60 | 35/23 | | | | | |
| 12 | खंभिया -I, मुर्मू (मुर्गू) | घाघरा, सिसई | 17.00 | 36/23 | | | | | |
| 13 | खंभिया -II | घाघरा | 13.00 | 37/23 | | | | | |
| 14 | पोढ़हा | सिसई | 18.20 | 38/23 | | | | | |
| 15 | बोंगोलोया, कुटासी | बसिया, गुमला | 31.00 | 39/23 | | | | | |
| 16 | असरो -I | अल्बर्ट एक्का, जारी | 12.30 | 40/23 | | | | | |
| 17 | कासीर -II, केमटे | रायडीह | 16.00 | 41/23 | | | | | |

नोट :–

1. M/s JSMDC, राँची द्वारा Category-A and B के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा ही www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड राँची एवं M/s JSMDC, राँची द्वारा निर्गत नियमावली, शर्त्तों एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्त्तों एवं विस्तृत जानकारी के लिए ई–निविदा वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
गुमला

PR 310521 Mines and Geology(23-24).D



## कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची

**।। आम सूचना ।।**

पत्रांक.............................. राँची / दिनांक–...............................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि अंकेक्षण दल द्वारा आपके राश्ट्रीय प्राधिकरण परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराए जाने पर आपत्ति की गई है, जिसकी सूची निम्नवत है–

**नेशनल परमिट की सूचीः–**

| S. No. | VEHICLE NO. | DUE AMOUNT | S. No. | VEHICLE NO. | DUE AMOUNT |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH05T9756 | 20500 | 39 | JHOIBJ 0979 | 70000 |
| 2 | JH05V5701 | 20500 | 40 | JHOIAP 3226 | 52500 |
| 3 | JH05V5702 | 20500 | 41 | JHOlBK4214 | 52500 |
| 4 | JH05V1673 | 15500 | 42 | JHOIAF 5460 | 52500 |
| 5 | JH05V4566 | 15500 | 43 | JH01BT2591 | 52500 |
| 6 | JH01D5404 | 15500 | 44 | JHOIBP 8572 | 35000 |
| 7 | JH05S6959 | 25500 | 45 | JH01BU0703 | 17500 |
| 8 | HR38G2087 | 35500 | 46 | JHOIBJ 3834 | 70000 |
| 9 | JH01V6988 | 30500 | 47 | JHOlAX4591 | 35000 |
| 10 | JH05V6119 | 20500 | 48 | JHOIBU 1738 | 35000 |
| 11 | JH05V7916 | 25500 | 49 | JH08B 5504 | 35000 |
| 12 | BR16G8661 | 20500 | 50 | JH17J 6803 | 35000 |
| 13 | JH01B0575 | 20500 | 51 | JH18B 2289 | 52500 |
| 14 | JH01W1192 | 25500 | 52 | JHOIS 0533 | 17500 |
| 15 | JH01W2511 | 15500 | 53 | JHOIBC 5730 | 35000 |
| 16 | JH01W7208 | 20500 | 54 | JHOICB 6388 | 35000 |
| 17 | JH05W6678 | 20500 | 55 | JH07F 9427 | 35000 |
| 18 | JH01Z9085 | 70000 | 56 | JHOIAB 2655 | 17500 |
| 19 | JHOIBA 8014 | 70000 | 57 | JHOICB 7492 | 35000 |
| 20 | JHOIZ 2296 | 70000 | 58 | JHOICC 4559 | 17500 |
| 21 | JHOIAP 3229 | 17500 | 59 | JH01CE6210 | 35000 |
| 22 | JHOIAV 0638 | 52500 | 60 | JHOIAK 5961 | 35000 |
| 23 | JHOIAQ 7057 | 17500 | 61 | JH01AX5133 | 17500 |
| 24 | JHOIBK 9829 | 52500 | 62 | JH08D 9805 | 52500 |
| 25 | JHOIBH 0395 | 35000 | 63 | JHOIBP 4977 | 35000 |
| 26 | JHOIBJ 0949 | 35000 | 64 | JHOIAV 6774 | 17500 |
| 27 | JHOlAP3230 | 17500 | 65 | JHOIW 8526 | 35000 |
| 28 | JHOIBJ 8854 | 70000 | 66 | JHO 1 BP 0464 | 35000 |
| 29 | JHOIBJ 5883 | 70000 | 67 | JH01BA 7961 | 35000 |
| 30 | JHOIBH 4443 | 52500 | 68 | JH01V 0590 | 35000 |
| 31 | JHOIBJ 9382 | 52500 | 69 | JH01CE 9872 | 17500 |
| 32 | JH08B 8285 | 17500 | 70 | Jh01ce 6798 | 17500 |
| 33 | JHOIAU 6808 | 70000 | 71 | JH01CJ 9319 | 17500 |
| 34 | JH01BA8961 | 35000 | 72 | JH01CJ 5580 | 17500 |
| 35 | JH01U 0285 | 70000 | 73 | JH01AM 7661 | 17500 |
| 36 | JH01BA 8961 | 35000 | 74 | JH01CC 0593 | 17500 |
| 37 | JH01U 2660 | 35000 | 75 | JH01CL 9481 | 17500 |
| 38 | JH1BN 3593 | 52500 | 76 | JHOIAP 8488 | 35000 |

अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है, वो अपना राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द०छो०प्रा०परि०प्राधिकार, रांची।

PR.NO.310556 Transport(23-24):D

## सम्मान समारोह का आयोजन



**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विद्या भारती योजना अनुसार क्षेत्रीय मूर्ति कला, संस्कृति बोध प्रश्न मंच एवं कथा-कहानी प्रतियोगिता, जो 30 अक्टूबर एवं 31 अक्टूबर 2023 तक साहिबगंज, भागलपुर में आयोजित थी, उसमें अपने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह के भैया-बहनों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा विद्या भारती, झारखंड का गौरव बढ़ाया। विद्यालय स्तर पर एक सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में कथा कहानी में शिशु वर्ग की तृषा लाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, शिशु वर्ग के संस्कृति बोध प्रश्न मंच में तनय मोदी, नमन पॉल एवं अनय लाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं मूर्ति कला के बाल वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया आर्यन कुमार रहे। तरुण वर्ग के संस्कृति बोध प्रश्न मंच में नैतिक कुमार, जय कुमार एवं हिमांशु कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# अवैध कोयला डिपो में छापेमारी, भारी मात्रा में कोयला बरामद, महिला समेत तीन के खिलाफ एफआईआर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले में अवैध कोयले की तस्करी का धंधा जारी है। टास्क फोर्स की बैठक होने के बाद छापेमारी होती है, लेकिन छापेमारी के बाद कोयले का काला खेल फिर से शुरू हो जाता है। ताजा मामला धनसार थाना क्षेत्र के पथराकुली का है, जहां अवैध कोयला डिपो का संचालन हो रहा था। एसडीएम के निर्देश पर की गई छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध कोयला वहां से बरामद हुआ है। डिपो का संचालन कर रहे तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।


अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के निर्देश पर धनसार थाना क्षेत्र के पथराकुली में छापेमारी की गई। धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने दलबल के साथ छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि काफी दिनों से यहां कोयले के अवैध डिपो का संचालन किया जा रहा था।



वहीं धनबाद एसडीएम उदय कुमार रजक ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि अवैध कोयला डिपो संचालन की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर धनसार थाना को कार्रवाई का आदेश दिया गया। धनसार थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पथराकुली में भारी मात्रा में कोयला जब्त किया है। करीब 44 टन कोयला जब्त किया गया है. मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सुनीता देवी समेत उनके दो सहयोगी सूरज चौहान और दीपक साव के साथ अन्य लोगों के खिलाफ अवैध कोयला भंडारण और कोयले के कारोबार को लेकर धनसार थाना में मामला दर्ज किया गया है।

बता दें कि धनबाद उपायुक्त वरूण रंजन ने जिला टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन और भंडारण को लेकर गंभीरता पूर्वक त्वरित कार्रवाई करने का दिशा निर्देश जारी किया है। जिसके बाद से जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और केंद्रीय सुरक्षा बल अवैध तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

## कुआं से बरामद सीताराम यादव का शव, तीन गिरफ्तार



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** परसन ओपी के नौकाडीह घिसरियाटांड़ स्थित कुंआ से बरामद शव मामले का गिरिडीह पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। मामले में एक महिला समेत तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है। यह जानकारी एसपी गिरिडीह दीपक कुमार शर्मा ने आज प्रेस वार्ता के क्रम में दी द्य उन्होंने बताया कि जरीसिंहा स्थित विश्वा देवी के घर शराब पीने के क्रम में सीताराम यादव, दीपक यादव, योगेंद्र राम आपस में झगड़ा करने लगे। इसी बीच योगेंद्र राम ने सीताराम यादव को जोर से धक्का मारा, जिससे वह नजदीक स्थित कुंआ में गिर गया। इन लोगों ने शव को छुपाने के उद्देश्य से नकुल राम के सहयोग से शव को 4 किलोमीटर दूर नौकाडीह घिसरियाटांड़ स्थित कुंआ में डाल दिया था द्य मामले में पुलिस ने दीपक यादव, योगेंद्र राम और विश्वा देवी को गिरफ्तार किया है।

## लावारिश हालात में मिला वृद्ध व्यक्ति का शव सूचना के बाद भी घंटों नही हुई कार्रवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** कुमारधुबी स्टेशन के समीप शुक्रवार की सुबह एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही चिरकुंडा नगर परिषद वार्ड संख्या दो के वार्ड पार्षद के पति अरुण साव को मिली। सूचना मिलते ही मृतक को देखने स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने इसकी सूचना तत्काल चिरकुंडा पुलिस एवं चिरकुंडा नगर परिषद के अधिकारियों को दी गई। इसके बाद चिरकुंडा पुलिस शव को देखने पहुंची परंतु बिना कोई कार्रवाई किए हुए वापस लौट गई। जिसके बाद घंटों कोई भी नहीं पहुंचा। यह एक मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। इस घटना से आसपास के लोगों में प्रशासन एवं नगर परिषद के कार्यशैली पर गंभीर चिंता व्यक्त की। मौके पर उपस्थित वार्ड पार्षद पति अरुण साव ने बताया कि उन्हें इस घटना की सूचना सुबह 10 बजे मिली थी तब वे जाकर देखें। उसके बाद उन्होंने इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी। मृतक के संबंध में उन्होंने आसपास में जानकारी प्राप्त करने की प्रयास की तो पता चला कि मृतक कहां से आया है किसी को पता नहीं है। वह भीख मांग कर जीवन व्यतीत करता था। बीती रात भी उसे आसपास भटकता भी देखा गया था। सुबह पता चला कि उसकी मौत हो गई है।

### अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद का सम्मान समारोह संपन्न

## सेवानिवृत कई लोगों को किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखंड की ओर से धारकिरो मे सम्मान समारोह आयोजित की गई। सुरेश चंद्र तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आर्ट परिषद कतरास के पूर्व अध्यक्ष विधिक सेवानिवृत हरि प्रसाद तिवारी एवं परिषद के अंकेक्षक उपयुक्त कार्यालय अधीक्षक नकुल चंद्र तिवारी को अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद की ओर से माल्यार्पण कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम सुशील कुमार तिवारी एवं धुर्योटे प्रसाद दुबे ने दीप प्रज्वलित कर एवं तिलक एवं पुष्प अर्पित कर मंगलाचरण स्वस्तिवाचन किया। मौके पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ने आह्वान किया कि आगामी 24 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखंड की एक महासम्मेलन गिरिडीह जिला में जरा की मध्य विद्यालय पीरटांड़ में आयोजित होगी।संगठन से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया है कि उक्त कार्यक्रम में निश्चित रूप से शामिल हो उसे सफल बनाएं। मौके पर किशोर कुमार पांडेय, अशोक कुमार चौबे, रविंद्र नाथ तिवारी, धुर्योटे प्रसाद दुबे, अवनी कुमार तिवारी, विनय कुमार तिवारी, अनूप कुमार तिवारी, सुशील कुमार तिवारी, प्रणव कुमार तिवारी, देवव्रत तिवारी, हिमांशु शेखर तिवारी, कार्तिक तिवारी, लड्डू गोपाल तिवारी, सुदाम कुमार तिवारी, काली शंकर तिवारी, सदानंद तिवारी, शांति तिवारी, गौरी प्रसाद सिंह तथा डॉ रावण महतो आदि उपस्थित थे।

## हरी झण्डी दिखा कर प्रचार वाहन को किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच बगोदर की ओर से डहरे सोहराय 5 नवंबर की तैयारी जोरों शोरों से हो रही है। गुरुवार को मुण्डरो मुखिया बन्धन महतो, एवं पूर्व पंसस जगदीश महतो, चंद्रदीप महतो, शंकर महतो के संयुक्त रूप से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कुडमी जनजाति के लोग मांदर के थाप के चांचेर गाते हुए गाडी को मुंडरो गांव से होते हुए पूरे बगोदर क्षेत्र में डेगलाल महतो के नेतृत्व में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कुडमी जनजाति समाज के नेतृत्वकर्ता बेको पूर्वी के गोपालडीह कूदर पंचायत के डुमरडेली,करम्बा औरा तुकतुको



खेतको तिरला में हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए पुर्व मुखिया टेकलाल चौधरी ने कहा कि डहरे सोहराय 81 गुष्टि 81 किलोमीटर 81 आखडा में सबसे सुंदर आखडा को गोपालडीह मोड़ आखडा होंगा, गोपालडीह अलग झारखंड आंदोलन में आर्थिक नाकेबंदी अखड़ा से गोटें झारखंड हिलता था वहीं बैठक में पुर्व मुखिया महेश महतो, जितेन्द्र महतो,दीपक पटेल, चुरामणी महतो, प्रकाश चन्द्र चंदन , हेमंत महतो कैलाश महतो, गिरधारी महतो सांखवार, राजेन्द्र महतो, प्रवीण महतो,नारायण महतो, कन्हैया महतो, ओमप्रकाश महतो, जितेन्द्र सिंह, तुलेश्वर महतो, नारायण महतो समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पचंबा रोड स्थित माय टीवीएस ऑटो केयर शोरूम के गोदाम में लगी आग



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के पचम्बा रोड बोड़ो दुर्गा मंडप के सामने स्थित माय टीवीएस ऑटो केयर शोरूम में अगलगी की घटना घटी है। जिसमें इनोवा कार जलने के साथ करीब 20 लाख रूपये की सम्पत्ति का नुकसान की बात कही जा रही है द्य इस संबंध में शोरूम मालिक नीतेश कन्धवे ने बताया कि घर पहुंचने के बाद उन्हें सूचना मिली कि उनके शोरूम के गोदाम में आग लग गई है। इसके बाद फायर गाड़ी को सूचना दी गई। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में इनोवा कार सहित 20 लाख से अधिक की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# झामुमो नेता इमरान अंसारी के नेतृत्व में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गोविंदपुर प्रखंड मे झामुमो नेता इमरान अंसारी के नेतृत्व में जगह जगह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे अखलाक क्लब गोर्तोपा की ओर से पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट फाइनल का समापन समारोह हुआ। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो धनबाद जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, जिला परिषद सोहराब अंसारी, झामुमो नेता इमरान अंसारी, पूर्व मुखिया लुकमान अंसारी, उमेश राम, साबिर आलम, पंचायत समिति नसीर अंसारी, वार्ड सदस्य अरमान अंसारी, वसीम, नईम, राजा, पप्पू, साबिर अंसारी और तमाम खिलाड़ीगन, खेल के अध्यक्ष, सचिव और तमाम गणमान्य व्यक्ति एवं दर्शकगण उपस्तिथ रहे। इमरान अंसारी ने कहा कि हम जहां भी जाते हैं वहां के खिलाड़ियों को निडर हो कर खेलने को प्रोत्साहित करते हैं। कहा की झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार आपके साथ है। खिलाड़ियों में से जो भी अच्छा खेलेंगे ऊपर लेवल तक ले जाने की जिम्मा हम सब के ऊपर है। बताया की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं खेल मंत्री हफीजुल हसन ने कहा है की खेल के माध्यम से आप अपने



पंचायत का नाम अपने राज्य का नाम रोशन करें। अच्छा खिलाड़ी बनकर पंचायत लेवल से लेकर स्टेट लेवल एवं राष्ट्रीय स्तर तक खेलने का काम करें। हर हाल में आपको मदद किया जाएगा क्योंकि खेलेगा झारखंड तो आगे बढ़ेगा झारखंड।

### महाराजगंज मदरसे में जलसे का आयोजन

## इस तरह के आयोजन से पूरे देश में एक अच्छा संदेश का संचार होता है : हफीजुल



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के महाराजगंज मदरसे में जलसे का आयोजन पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे झारखंड के खेल मंत्री हफीजुल हसन ने उपस्थित जनसमूहों को संबोधित करते हुए कहा कि टुंडी प्रखंड के महाराजगंज में गुरुवार देर रात्रि इस चर्चित मदरसे जामे उल उलूम का आयोजन किया गया। जिसमें सुदूरवर्ती क्षेत्र से आये लोगों का आभार प्रकट करते हुए खेलमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन से पूरे देश में एक अच्छा संदेश का संचार होता है। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी के महाराजगंज स्थित मदरसे के आयोजन गुरुवार देर रात्रि में दस्तारबंदी सह लोकतंत्र की रक्षा को लेकर जलसे का भव्य आयोजन किया गया मदरसे के सदर मुफ्ती अब्दुल हई ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में मदरसे में पढ़ने वाले 82 होनहार बच्चे जिन्होंने कड़ी मेहनत कर पूरी कुरान शरीफ को याद करने वाले हाफिज ए कुरान को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया। इस मदरसे में सऊदी अरब के मक्का से मौलाना अब्दुल रऊफ देवबंद से हसन असद मदनी के अलावे बड़े-बड़े नामचीन दिनी संस्थाओं के प्रमुख पधारे थे । इस कार्यक्रम में बहुत बड़ी भागीदारी पुरुषों एवं महिलाओं की रही इस जलसे के आयोजन में मुख्य रूप से झारखंड के खेल मंत्री हफीजुल हसन जिला परिषद क्षेत्र संख्या 4 की समस्या मीना हेंब्रम, टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता बाबा मनीर मस्तान, कमारडीह के पूर्व मुखिया अब्दुल रशीद अंसारी, कांग्रेस नेता असद कलीम, टुंडी थाना के इंस्पेक्टर अनिल कुजूर, निसार अहमद, पूर्व वार्ड सदस्य जाहिद अंसारी, कदैंया मुखिया अजीमुद्दीन अंसारी, प्रज्ञा केंद्र के सहजाद अंसारी, समेत हजारों की संख्या में आम जनता की उपस्थिति रही ।

# ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया को सीबीएसई ने एक बार में ही दिया 10वीं व 12वीं कक्षाओं के लिए मान्यता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया, अमरपुर, गोविंदपुर, को सी.बी.एस.ई के द्वारा 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं तक के लिए एक ही बार में मान्यता प्राप्त हुई। विद्यालय को विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकायों के लिए मान्यता प्राप्त हुई है। विद्यालय निदेशक व डॉक्टर खालिद फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ एस. खालिद ने बताया कि हम शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता एवं जिम्मेदारी के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि सी.बी.एस.ई. के द्वारा मान्यता प्राप्त कर गोविंदपुर व धनबाद के सभी तबके में शिक्षा के प्रकाश से पूरे क्षेत्र को प्रकाशित करने के साथ साथ नई पीढ़ी को नए आयाम से परिचित कराते हुए उन्हें वैश्विक पटल पर मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक स्तर पर तैयार करना है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल स्कूल आफ इंडिया में सभी पूर्ण विकसित प्रयोगशालाएं भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, मैथ्स लैब और समग्र (कंपोजिट लय), म्यूजिक लैब, डान्स रूम आउट डोर गेम्स के साथ साथ इंडोर गेम्स रूम, पूर्ण विकसित और ऑडियो विजुअल पुस्तकालय के साथ आडियो विजुअल क्लास, सुरक्षित वातावरण, मित्रवत शिक्षक काउंसलर, विदेशी भाषा, विभिन्न प्ले-स्टेशन और अत्याधुनिक गतिविधियों के लिए बुनियादी ढांचे सुसज्जित हैं। बच्चे सदैव सीसीटीवी की निगरानी में पूर्ण सुरक्षित वातावरण में अध्ययन कर रहे हैं। बच्चे किताबी ज्ञान के अलावा खुद से करके सीखने की प्रवृत्ति से प्रगति की राह में बढ़ रहे हैं। जिससे उनकी आत्मनिर्भरता में दिनों दिन इजाफा हो रहा है और बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है। काफी कम शुल्क लेकर विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा मुहैया कराया जा रहा है। गर्व का विषय यह है कि यहां के पूर्ववती कई छात्र-छात्राओं का नामांकन मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालयों, महाविद्यालयो और विश्वविद्यालयों में हुआ है, जहां से वे उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे है। यह विद्यालय द्वारा दी जा रही है उच्च शिक्षा का प्रमाण है। संवाददाता सम्मेलन में डॉ. एस खालिद, डॉ. निखत परवीन, प्राचार्या विद्या सिंह और प्रोफेसर ममता सिंह ने संबोधित किया। मौके पर प्रो. ममता सिन्हा भी उपस्थित थी।

## जनता दरबार में अपर समाहर्ता ने सुनी लोगों की शिकायतें



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गत करने, बीपीएल कोटा में बच्चों के एडमिशन, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

## बीसीसीएल प्रबंधक ग्रामीणों के जीवन के साथ कर रही है खिलवाड़ : हलधर महतो

### ग्रामीण कभी भी कर सकती है बीसीसीएल प्रोजेक्ट का चक्का जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत केसलपुर कुमार टोला में ग्रामीणों की सभा हुई । सभा की अध्यक्षता कपूर कुम्हार ने किया। मासस के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो ने कहा कि बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के प्रबंधक ग्रामीणों के साथ उनके जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं प्रोजेक्ट का ब्लास्टिंग का पत्थर गांव में पढ़ रहा है जिससे कभी भी किसी की भी जान माल की क्षति हो सकती है एक तरफ आम ग्रामीणों का रैयत जमीन रहने के बावजूद भी ,न नौकरी देते हैं न मुआवजा देते हैं बगल के ही बी0के राय जमीन गैराबाद प्लॉट है 2010 से गैरावाद प्लॉट में राशिद काटना भी बंद हो गया है झारखंड सरकार द्वारा रसीद काटना भी बंद हो गया है फिर भी कतरास क्षेत्र के प्रबंधक जमीन मालिक से मिलकर बीसीसीएल की पैसा का दुरुपयोग कर रहे हैं उनका जमीन मुआवजा एवं नौकरी भी दे रहे हैं जबकि बीसीसीएल में नियम है की वंशावली के आधार पर नौकरी देने का प्रावधान है ।

## यातायात पुलिस ने चलाया ड्रंकन ड्राइव अभियान




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार के निर्देशानुसार वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में धनबाद के विभिन्न चौक चौराहों पर यातायात पुलिस के द्वारा ड्रंकन ड्राइव का अभियान चलाया गया। साथ ही नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। लोगों से अपील भी की गई है कि वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का अवश्य पालन करें। वैसे वाहन चालक जिनके द्वारा शराब के नशे में वाहन का परिचालन किया जाएगा उन पर मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में पुलिस निरीक्षक यातायात अजय मिंज, सार्जेंट मेजर अरुण किशन, सार्जेंट रजनीश कुमार, पुअनि बंधन तिर्की तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं आरक्षी शामिल हुए।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज महेन्दूघाट, पटना में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई । बैठक में महाप्रबंधक ने आर.वी.एन.एल. तथा निर्माण विभाग द्वारा पूरी की जा रही पूर्व मध्य रेल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की गहन समीक्षा की । परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिषा-निर्देष दिया । महाप्रबंधक ने निर्देष दिया कि बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। बैठक में अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाष सहित मुख्यालय एवं निर्माण विभाग के अधिकारीगण



उपस्थित थे । इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें । उन्होंने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देष दिया ताकि सभी निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किया जा सके ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# सड़क सुरक्षा जगरुकता अभियान को बढ़ावा देना सभी आम नागरिकों का दायित्व : एसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के छोटी मस्जिद के समीप अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के तत्वधान में पुलिस प्रशासन के सहयोग पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा द्वारा सड़क सुरक्षा नियम पालन को लेकर जगरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पुलिस कप्तान हारिश बिन जमां, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार, ट्रैफिक प्रभारी सुजीत कुमार, फजल अव्वास अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के सदर मुख्तार अंसारी,इम्तियाज अंसारी सहित पुलिस बल एवं अंजुमन इस्लामिया के गणमान्य लोग उपस्थित थे। जगरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने आप बीती सुनाते हुए कहा कि बाइक स्कूटी व अन्य दो पहिया वाहन चलाने के क्रम में सुरक्षा के दृष्टिकोण से चालक तथा पीछे बैठे सवारी के लिए हेलमेट निहायत जरूरी है। बताते हुए उन्होंने कहा इस प्रकार सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट का इस्तेमाल करने से खुद का सुरक्षा नही बल्कि परिवार को भी समस्या से बचाया जा सकता है। सड़क सुरक्षा नियम के अनुसार सभी का दायित्व बनता है कि प्रशासन को सहयोग करें उक्त बातें सड़क सुरक्षा जगरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस कप्तान हारिश बिन जमां ने बताते हुए बाइक चालक को हेलमेट पहन कर बाइक चलाने की सलाह दिया गया। साथ ही वैसे बाइक चालक जो हेलमेट के बिना सड़क पर धड़ल्ले से आवगमन कर रहे थे। जिसे हेलमेट एवं गुलाब फूल देकर सड़क सुरक्षा का पालन करने तथा उन लोगो के माध्यम से जगरूकता पर जोर दिया गया। सड़क सुरक्षा जगरूकता कार्यक्रम के दौरान 50 बाइक चालक को हेलमेट दिया गया।

## भंडरा प्रखंड के धोबाली ग्राम में ऐतिहासिक धोबाली जतरा महोत्सव कर्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के धोबाली ग्राम में शुक्रवार को ऐतिहासिक धोबाली जतरा महोत्सव कर्यक्रम का आयोजन किया गया। जतरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव,विशिष्ट अतिथि के रूप में भंडरा ज़िला परिषद सदस्य राजमणि उराँव, कांग्रेस युवा मोर्चा के लोहरदगा जिला महासचिव रंजीत लकड़ा, मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, भीठा पंचायत मुखिया टेले उराँव, भीठा ग्राम के ग्राम प्रधान परमेश्वर उराँव शामिल हुए। अतिथियों के यहां पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया एवं अंग वस्त्र देकर सबों का अभिवादन किया गया। यात्रा कार्यक्रम में धोबाली, अम्बवा, तेतरपोका, बिटपी पतराटोली, चरिमा सहित अन्य गांव के खोड़हा दल शामिल हुए। सभी खुद दल ने पारंपरिक वेशभूषा के साथ ढोल नगाड़े के साथ नृत्य प्रस्तुत किए। इन खोड़हा दल के साथ अतिथि भी जमकर थिरके। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सदस्य राजेन्द्र उराँव एवं समिति के कोषाध्यक्ष गुलशन उराँव के द्वारा संयुक्त रूप के किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप जतरा समिति के सह संरक्षक भुनेश्वर उराँव, समिति के अध्यक्ष शुशील उराँव, सचिव प्रदीप उराँव, कोषाध्यक्ष गुलशन उराँव, मंच संचालक सह आयोजन समिति के सदस्य राजेन्द्र उराँव, एतवा उराँव, संजय उराँव, बुधुवा उराँव, शनिचरवा उराँव, गोवर्धन उराँव सहित अन्य लोगो का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत किसानों के बीच किया गया 14 सरसों बीज कीट का वितरण



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 03 नवंबर शुक्रवार को कैरो प्रखंड कार्यालय परिसर मे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) के तहत प्रखंड के 14 किसानों के बीच किया गया सरसों बीज कीट का वितरण। इस अवसर पर वितरण करते हुये सहायक तकनीकी प्रवंधक अनुराधा केरकेट्टा ने बताया कि सरकार के द्वारा तेलहन उत्पादन मे बढ़ावा व प्रोत्साहन को लेकर प्रखंड के किसानों के बीच कूल 100 मिनी कीट सरसो बीज का वितरण किये जाने हेतू विभाग से निर्देश प्राप्त है, प्रत्येक मिनी कीट मे 02 किलोग्राम सरसो का बीज है जिसे आज प्रखंड के गजनी, उतका व कैरो के किसानो के बीच एक-एक कीट कूल 14 कीट सरसो बीज का वितरण कीया गया। उक्त अवसर पर कृषक मित्र प्रतिमा देवी, कृषक राज कुमार यादव, अरविंद उराँव, राणा संग्राम, लाक्षो उराँव, आदित्य कुमार, रामप्रसाद यादव इत्यादी किसानों के बीच एक-एक सरसों बीज कीट का वितरण किया गया।

## 73 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 05 नवंबर को

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती द्वारा 73 वां स्वास्थ्य शिवीर का आयोजन 05 नवंबर को किया गया है। अपर बाजार स्थित चुन्नीलाल प्लस टू विद्यालय परिसर में गत 01 जून 2022 से सेवा भारती द्वारा प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, प्रत्येक सप्ताह रविवार को प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक एक घण्टे का शिवीर आयोजित करते हुए मरीजों की निशुल्क सेवा, सेवा भारती के सदस्यों द्वारा किया जाता है। इसकी जानकारी देते हुए सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सरार्फ ने बताया कि स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से सेवा भारती से जुड़े B.A.M.S (B.U) डॉ कुमुद अग्रवाल शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य जांच करते हुए इलाज करेंगे। श्री सर्राफ बताया कि शिवीर में प्रत्येक सप्ताह निशुल्क शुगर, बी.पी, वजन, ऑक्सीजन लेबल, हार्टबीट आदि की जांच के अलावे विभिन्न बीमारियों के चिकत्सक द्वारा निशुल्क जांच भी की जाती है।उन्होंने कहा है कि स्वस्थ जीवन के लिए समय-समय पर अपना एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं। आपका तन ठीक रहेगा तभी आपका मन भी ठीक रहेगा, तभी सभी कार्य अच्छे से कर सकेंगे। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से अपने शरीर के स्वास्थ्य का ध्यान रखिए। उन्होंने जिलेवासिओं से अपील करते हुए कहा है कि इस निशुल्क शिविर में समय पर आकर अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## शान्तिपूर्ण ढंग से मनाए त्यौहार : बलिराम मांझी

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कारवाई : थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** दीपावली छठ पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर केरसई थाना परिसर में शांति समिति के बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केरसई अंचल अधिकारी बलराम माझी ने कहा की जिस तरह से दुर्गा पूजा का त्यौहार शांतिपूर्ण बीत गया उसी तरह हम सबों को मिलकर दीपावली एवं छठ त्यौहार भी शांतिपूर्वक संपन्न करनी है।बैठक में केरसई थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने कहा कि केरसई का इतिहास शांतिपूर्ण रहा है हर त्यौहार की भांति दीपावली एवं छठ पूजा का त्यौहार भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करना है इसमें जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों की भूमिका होनी है।सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी किसी भी तरह की सूचना होने पर वह पुलिस प्रशासन को दें। मौके पर शांति समिति के सदस्यों ने छठ घाट के मरम्मती एवं सुरक्षा व्यवस्था की मांग की जिस पर पदाधिकारी द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख तरन भोय ने कहा कि हम सबो को मिल जुल कर त्यौहार मनाना है और केरसई की गंगा जमुना तहज़ीब को क़ायम रखनी है। मौक़े पर जीप सदस्य प्रेमा बाड़ा सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता बिद्यायक प्रतिनिधि सह कोनजोबा मुखिया मुंश खेस बासेन मुखिया सत्या देवी बाघडेगा मुखिया राहुल तिग्गा प स सदस्य किशोर मांझी सुनीता देवी प्रणव कुमार गौतम कुमार मनोज प्रसाद धीरेन प्रसाद राजेश कुमार बसारत अंसारी जिफ्रेंन केरकेट्टा शंकर प्रसाद उदय बड़ाईक जगरानी सब इंस्पेक्टर राजीव रंजन असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर पांडे जी सहित शांति समिति सदस्य मौजूद थे।

## सिमडेगा में प्रवासी मजदूर प्रोजेक्ट के तहत लीड्स संस्था के द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा डाक बांग्ला सभागार मे एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गैर सरकारी संस्था लिड्स के द्वारा किया गया जिसकी सुरुवात मुख्य अतिथि डी. आर. डी. ए. निदेशक रवि किशोर सिंह, जिला मतस्य पदाधिकारी कुसुमलता मैडम और जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास साथ ही लिड्स संस्था के असोसिएट डाइरेक्टर निरझरनी रथ साथ ही टी. टांगर प्रखंड के मुखियाओं के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, सुरुवात मे सभी का परिचय किया गया फिर लिड्स संस्था के प्रवासी मजदूर प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनुराग कुजूर के द्वारा सभी का स्वागत किया गया और निरझरनी रथ के द्वारा सिमडेगा मे संस्था द्वारा की जा रही कार्य को पी. पी. टी के माध्यम से एक्सप्लेन कर अच्छी से बताई गयी। डी. आर. डी. ए निदेशक सर के द्वारा लिड्स के कार्यो को सराहनीय पहल बता कर उपस्थित प्रवासी और युवाओं का मनोबल बढ़ाया गया, साथ ही मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा मतस्य बिभाग की ट्रेनिंग और योजनाओं की जानकारी दिया गया और अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से जोड़ने की पहल पर मिलकर कार्य करने की बात कही गयी, कृषि पदाधिकारी सर के द्वारा बहुत सारी योजनाओं की जानकारी दी गयी जैसे कृषि फसल राहत योजना, के. सी. सी. आदि, और सभी मुखियाओं द्वारा बारी बारी से आपने आपने बातो को और पंचायत के बारे मे बताएँ जिसमें कोरोमिया, केरेया, कोंजमेंजरा, बम्बलकेरा, टी. टांगर के मुखिया उपस्थित थे और साथ मे पहल के तौर पर कार्य करने की बात कही गयी है, इस प्रोग्राम मे दो स्किल सेंटर के भी लोग आये थे सक्षम झारखण्ड सिमडेगा और जन शिक्षण सिमडेगा सभी ने आपने आपने सेंटर की पूरी जानकारी दिए और साथ है अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार से ट्रॉफीमूस लुगुण और भूषण करकेटा उपस्थित थे और साथ ही लगभग 50-60 ग्रामीण, किसान और यूथ उपस्थित थे।

## जलडेगा में छठ, दिवाली तथा रास मेला को लेकर शांति समिति की बैठक हुई



**जलडेगा प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा थाना परिसर में सीओ मधु श्री मिस्रा की अध्यक्षता में सांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमे छठ, दिवाली पर्व तथा रास मेला को ले कर चर्चा किया गया । बैठक में पर्व को सांति पूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया, बैठक में बीडीओ पंकज कुमार ने पूरे प्रखण्ड वासी से आग्रह किया कि दिवाली में फटाका खुले जगह फोड़ेंगे ताकि किसी का नुकसान नहीं पहुंचे, छट पर्व में भी सांतिपूर्ण ढंग से तेवहार मनाएं रॉड में भी अवागमा के लिए रास्ता छोड़ के चलेंगे ताकी आवागमन में भी बाधा नहीं होगा। ओहीं थाना प्रभारी हीरालाल महतो ने भी कहा कि सभी लोग सांति पूर्ण ढंग से तेवहार मनाएंगे किसी प्रकार का अपवाह नहीं फैलाएं, किसी प्रकार का अपवाह फैलाने या दुर्घटना होने पर तुरंत थाना को सूचना दें द्य ओहीं बैठक में सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में डाक्टर नहीं होने पर ग्रामीणों जन प्रतिनिधियों ने नाराज़गी जताते हुए प्रशासन से छः डाक्टरों की माँग की गई। बैठक में थाना प्रभारी हीरालाल महतो, बी.डी.ओ. पंकज कुमार, ए. ए. एस. आई किशोर महतो, प्रमुख जुसाफ लुगुन, डॉक हिमांशु, उप प्रमुख शशि सत्य भामा बडिंग, जलडेगा मुखिया बालमुनी लुगुन, लमबोई मुखिया सिसीर डाँग, लमडेगा मुखिया विपिन बडिंग, कोनमेरला मुखिया अनिमा तोपनो, पातीअम्बा मुखिया बिमला देवी, सामाजिक कार्यकर्ता सुबास साहू, बसंत साहू, जसवंत साहू, त्रिलोक साहू, मोतीलाल ओहदर, दीपक चीक बड़ाईक, हलधर प्रसाद, भोला साहू, बसंत साहू, राजू साहू के अलावे अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मनरेगा लोकपाल पदाधिकारी ने की विकास योजनाओं का समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मनरेगा लोकपाल पदाधिकारी इंदु तिवारी के द्वारा प्रखंड में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान मनरेगा योजना से संचालित आम बागवानी सहित अन्य कार्यों का विस्तृत जानकारी बीपीओ निलेन्द्र कुमार द्वारा दिया गया। वही समीक्षा के दौरान लोकपाल पदाधिकारी इंदु तिवारी ने प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बुटी पंचायत का भ्रमण कर मनरेगा योजना से क्रियाविंत संदीप महतो, गोपाल महतो, रीना रॉय, हैदर अंसारी, सरिता देवी, रुकमैन देवी और पुष्पा देवी सहित अन्य लाभुकों का सिंचाई कूप स्थल और आम बागवानी का निरीक्षण किया गया। साथ ही लाभुकों से भुगतान से संबंधित जानकारी ली गई। तथा पंचायत भवन में संबंधित योजनाओं का अभिलेख का अवलोकन करते हुए कार्य मे प्रगति के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, एई विशाल मिंज, पंचायत सचिव रिजवान अंसारी, रोजगार सेवक निमाइचंद महतो, मेट रानी बीबी सहित सभी लाभुक उपस्थित थे।

## डालसा द्वारा डायन कुप्रथा उन्मूलन को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरूवार को पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत में गरिमा परियोजना के अन्तर्गत डायन-कुप्रथा उन्मूलन जागरूकता के तहत जनसुनवाई कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार शामिल हुए। मुख्य अतिथि डालसा के सचिव राजेश कुमार (जिला जज) द्वारा डायन कुप्रथा की कानूनी प्रवधान को विस्तृत रूप से बतलाई गई साथ ही समाज की प्रत्येक गतिविधि पर इसे शामिल करने को कहा गया। साथ ही डालस के गतिविधि एवं इससे मिलने वाले लाभ को विस्तार पूर्वक बतलाया गया। साथ ही समाजिक स्तर पर बच्चों पर होने वाले यौन प्रताडना पर भी प्रकाश डाला गया। जिला प्रबंधक अनिता केरकेट्टा द्वारा सामाजिक विकास का संदेश दिया गया। उनके द्वारा डायन कुप्रथा जागरूकता के बारे संदेश दिया गया कि इस अंधविश्वास और कुप्रथा से दूर रहें। साथ ही शिक्षा पर जोर देने, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में सहिया, नर्स, डॉक्टर से बीमारी का इलाज कराने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि अभी का दौर मॉडर्न,वैज्ञानिक और डीजिटल युग है। अतः हम भूतकाल समय में क्यों जिएं? इसलिए वर्तामान में इस अंधविश्वास के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक छुस्क्क द्वारा स्वागत संदेश कर जनसुनवाई की गतिविधि का संक्षिप्त वाक्यांश प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र, भागवत खेरवार, सीरम पंचायत के मुखिया, जिला प्रबंधक विनोद होरो, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेट्टा, थाना प्रभारी जोबांग थाना रामेश्वर तिवारी, प्रखंड कर्यक्रम प्रबंधक राजेन रोशन केरकेट्टा,सखी मंडल के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुडूख कला दल द्वारा विगत समय में जागरूकता नाट्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही, जागरूकता गीत के माध्यम से डायन कुप्रथा पर संदेश भी दिया गया। मुखिया भागवत खेरवार द्वारा स्थानीय ग्राम पंचायत स्तर पर डायन कुप्रथा के समस्या को सख्ती पूर्वक कार्यवाई करने एवं इसे कानूनी रूप से पीड़िता की सहायता के तैयार रहने की बात कही। रविंदर सिंह खेरवार द्वारा डायन प्रथा को लेकर जागरूक करने का प्रयास किया। साथ ही बच्चों की शिक्षा,स्वस्थ्य सेवा,महिला स्वस्थ्य पर जोर दिया सखी मंडल एवं ग्राम संगठन को और मजबूत करने पर बल दिया गया। स्थानीय होने के नाते इस तरह की समस्या होन पर समाधान की हर संभव मदद देने की बात कही गई। इस कार्यक्रम में JSLPS के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेट्टा की अगुवाई में विगत एक माह से सम्पन्न हो सम्पन्न किया गया है जिसमें पेशरार प्रखण्ड के प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंध के माध्यम के कलस्टर की IPRP मनीषा केरकेट्टा एवं CC विनोद कुमार पाठक की भूमिका रही।

## जतरा समाज को एक सूत्र में बांधने का करती है कार्य : सुखदेव भगत

## भंडरा प्रखंड के ग्राम धोबाली में आयोजित ऐतिहासिक जतरा हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के अंतर्गत धोबाली गांव में शुक्रवार को आयोजित ऐतिहासिक जतरा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस जतरा में लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सुखदेव भगत का जतरा स्थल पर पहुंचने पर आयोजन समिति द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। जतरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसका मुख्य अतिथि सुखदेव भगत के द्वारा विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया गया ।मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि जतरा आदिवासी समाज की संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रारंभ किया गया जतरा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। जतरा के माध्यम से आदिवासियों के रीति रिवाज परंपरा को प्रगाढ़ता मिलती है साथ ही साथ समाज में सद्भावना और समुदायिकता को भी बल मिलता है। जतरा समाज को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य करती है। आदिवासी समाज ही एक ऐसा समाज है जिसमें तीन पीढ़ी एक साथ सामूहिक नृत्य करते हैं। हम सभी को अपनी रीति रिवाज परंपरा को बचाने के लिए जतरा को और बेहतर ढंग से आयोजित करने की आवश्यकता है। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए हमें शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा दारू-हाड़ी से दूर रहने की आवश्यकता है। जतरा में आए खोड़हा दलों को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। मौके पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू, धोबाली जतरा आयोजन समिति के प्रदीप उरांव सुलेंद्र लोहरा, संजय उरांव, गुलशन उरांव, शनिचरवा उरांव, एतवा उरांव, राजेंद्र उरांव, बुधराम उराव हरि उरांव अनिल उरांव, गोवर्धन उरांव, मोहन उरांव, सुधीर उरांव मंगरा उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आपसी प्रेम एवं सौहार्द के साथ रहने के संदेश को अपनाएं : विधायक भूषण बाड़ा

## टापूडेगा में धूम धाम से मना 13 वां मिशन पर्व सह सांस्कृतिक कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पंडरीपानी के टापूडेगा जीईएल चर्च 13 वां मिशन पर्व समारोह धूमधाम से मनाया गया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ , जहां कुल 13 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा कि मिशन पर्व के मौके पर सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय पहल है। सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता हमें अपनी संस्कृति की याद दिलाता है। हमे अपनी भाषा संस्कृति से जोड़े रखता है। उन्होंने कहा कि मिशन पर्व के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रभु ने हम सबों को आपसी प्रेम एवं सौहार्द के साथ रहने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि जीवन का मूल उद्देश्य आपस में प्रेम के साथ जीवन यापन करना है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, पादरी जेम्स जोजो, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, उर्मिला केरकेट्टा, एलाकिम बा, अलाकिम डुंगडुंग, नूतन बा, लॉरेन किरो, नीरोज बा, बिमला बा, सेवानी डुंगडुंग, हेमंतो डुंगडुंग, बिनोद कुल्लू, महिमा केरकेट्टा, स्नेहलता, माइकल पूर्ति, एलिसा सोरेंग, कांडीदात अभय डुंगडुंग, बिनोद टेटे आदि उपस्थित थे।जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी मिशन पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मिशन पर्व के मौके पर समाज मे फैल रही बुराइयों को दूर करने का संकल्प लें। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दें। युवा वर्ग और बच्चों को नशापान एवं अन्य बुरी आदतों से दूर रखें। बुरे लोगों के सम्पर्क में न रहें। परमेश्वर से गरीबों और असहाय लोगों के खुशहाली के लिए भी प्रार्थना करें। जीवन मे खुश रहें। एक दूसरे के सुख दुख में सहयोगी बनें। सांस्कृतिक प्रोग्राम में जमबहार मंडली को मिला पहला स्थान। सांस्कृतिक प्रोग्राम में पहला जमबहार मंडली, दूसरा मेरोमडेगा तीसरा मेरोमदेगा माता मंडली को प्राप्त हुआ। वहीं होड़ भजन में पहला टापूडेगा, दूसरा मेरोमडेगा माता मंडली, तीसरा सलडेगा मंडली को प्राप्त हुआ। सभी विजेता मंडली को विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।





## चलते चलते एक नजर

### केंद्रीय रेल मंत्री से मिले मुख्यमंत्री धामी



**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में रेल भवन पहुंचकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार को लेकर चर्चा की।मुख्यमंत्री धामी ने रेलमंत्री से लखनऊ से देहरादून के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन और पर्वतीय क्षेत्रों में रेल सेवा के विस्तार के दृष्टिगत बहुप्रतीक्षित टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन निर्माण की यथाशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने के लिए अनुरोध किया।मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद से काठगोदाम, हरिद्वार और देहरादून को जोड़ने हेतु सीधी रेल सेवा शुरू करने, दून एक्सप्रेस में कोटद्वार के कोच का व जनता एक्सप्रेस में रामनगर के कोच का पुनः परिचालन करने और टनकपुर से राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी तक नई रेल सेवा प्रारम्भ करने का अनुरोध किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि रेल सेवाओं के विस्तार से प्रदेशवासियों और पर्यटकों के लिए आने वाले समय में यातायात सुगम होगा। साथ ही पर्यटन प्रमुख राज्य होने के कारण प्रदेश की आर्थिकी भी सशक्त होगी। केंद्रीय रेल मंत्री ने हर सम्भव सहयोग के प्रति मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया।

### मिस्टर, मिस, मिसेज स्टार इंडिया 2024 का पहला ऑडिशन 26 नवंबर को रांची में

**रांची :** पलाश इंटरप्राइजेज के निर्देशक मधु सिंह और रोशन सिंह ने कहा कि 24 का का झारखंड की राजधानी रांची में एक बड़ा प्रतियोगिता मिस्टर मिस मिसेज स्टार इंडिया 2024 का कार्यक्रम होने वाला है । इसको लेकर पहले ऑडिशन 26 नवंबर को होटल गुरु स्टेशन रोड रांची में होगा ।उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के लिए एक बड़ा प्लेटफार्म साबित होगा जो नए-नए मॉडल के क्षेत्र में आए हैं । इसमें भाग लेकर जो विजेता मॉडल होंगे उन्हें वेब श्रृंखला और संगीत एल्बम में काम करने का मौका दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री से मिले ट्रिपल आईटी रांची के निदेशक और रांची विवि के वीसी

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी), रांची के निदेशक डॉ विष्णु प्रिये ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इनके अलावा मुख्यमंत्री से रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने रांची विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की ओर से चार और पांच नवंबर को आयोजित होने वाले 24वें वार्षिक सम्मेलन एवं राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।

# राजस्थान : ईडी ने 25 जगहों पर की छापेमारी

**एजेंसी**

**जयपुर :** प्रवर्तन निदेशालय ने राजस्थान के 25 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की. जानकारी के अनुसार ये छापेमारी कथित जल जीवन मिशन घोटाले में मनी लांन्ड्रिंग केस के सिलसिले में की जा रही है. जांच एजेंसी ने जयपुर और दौसा में 25 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की है। जिन अधिकारियों के घरों पर छापेमारी की गई है उनमें पीएचईडी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल के घर भी शामिल हैं. ईडी अधिकारी मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम के तहत घोटाले से जुड़े अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों की भी जांच कर रहे हैं. गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही ईडी ने कथित पेपर लीक मामले में राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बेटों को पूछताछ के लिए समन भेजा गया था. ईडी राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री और कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की थी. कांग्रेस विधायक ओम प्रकाश हुडला से जुड़े परिसरों पर भी छापेमारी की जा चुकी है. ये छापेमारी राजस्थान परीक्षा पेपर लीक मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में की गई थी. पेपर लीक मामले, मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला के जरिए रुपयों के लेनदेन मामलों की गुप्त शिकायतें ईडी को इन नेताओं के खिलाफ मिली हैं. पिछले दिनों आरपीएससी सदस्य बाबुलाल कटारा से हुई पूछताछ, कुछ कोचिंग संचालकों की ईडी में शिकायतों के बाद यह कार्रवाई हुई है.

**समाज कल्याण मंत्री के घर ईडी की रेड**



**दिल्ली:** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद के घर प्रवर्तन की रेड लगभग 22 घंटे तक चली.मंत्री राजकुमार आनंद के सिविल लाइंस स्थित आवास पर ईडी के अधिकारी पहुंचे थे. राजकुमार आनंद ने बताया कि ये हमें तंग करने के लिए आए थे. पूरे घर की तलाशी ली, जिसमें उन्हें कुछ नहीं मिला. ये लोग ऐसा कहते रहे कि ऊपर से आदेश है और समय निकालते गए. बताया कि इस देश में सच बोलना, दलितों की राजनीति करना, काम की राजनीति करना गुनाह बन गया है. ईडी जो कस्टम का मामला बता रही है, वो बीस साल पुराना है और उसमें सुप्रीम कोर्ट तक का फ़ैसला आ चुका है. ये लोग आम आदमी पार्टी को ख़त्म करना चाहते हैं, ये चाहते हैं कि काम की राजनीति न हो, इसलिए ऐसे परेशान किया जा रहा है.

**छत्तीसगढ़ : ड्राइवर के घर में मिला 5 करोड़ रुपया**

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक ड्राइवर के घर से 5 करोड़ रुपये कैश मिला है। ईडी की कार्रवाई में ड्राइवर के घर से इतनी भारी मात्रा में कैश मिला है। ये पैसा इतना सारा था कि ईडी को रकम गिनने में 6 घंटे लग गए। रकम गिनने के लिए एजेंसी को एसबीआई से मशीन तक मंगानी पड़ी। ईडी को शक है कि ये पैसा महादेव एप का हो सकता है।जानकारी मिली है कि हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र में कल शाम ई डी की टीम ने एक ड्राइवर के घर पर दबिश दी। लेकिन छापे के दौरान जब घर बंद मिला तो गवाहों के समक्ष पंचनामा बनाकर घर का ताला तोड़ा। ईडी की टीम जब घर के अंदर घुसी तो करोड़ों रुपए की रकम खंडहर नुमा मकान में दीवान पलंग और वॉशरूम के कमोड में मिली।ईडी की इस छापेमारी कार्रवाई में एक महिला अफसर समेत 7 आधिकरी शामिल थे। बताया जा रहा है कि बप्पा दास पेशे से ड्राइवर है और ऑनलाइन सट्टा ऐप की आईडी संचालित करता है। ऐसे में उसके पास से इतनी बड़ी रकम का मिलना हैरान करने वाला है। ईडी को आशंका है कि ये पैसा ऑनलाइन सट्टा ऐप का है जिसे चुनाव में खर्च करने के लिए रखा गया था। इस छापेमारी के बाद ईडी ने ड्राइवर के घर को सील कर दिया है।

# फरियाद लेकर सीएम सचिवालय पहुंची पाचो देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुढमू की रहने वाले पाचो देवी नाम की महिला अपनी जमीन बचाने की फरियाद लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय पहुंच गई। उन्होंने बताया कि उसके परिवार का जीवन यही एक मात्र संपत्ति है। उसे भी कुछ भू माफिया लुटना चाह रहे है। जमीन पर आकर कुछ लोग दबंगई दिखाते है और मारपीट करते है। पाचो देवी और उनके पुत्र ने जमीन के सभी दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि उनके दादा गोपी महतो के नाम पर करीब पांच एकड़ जमीन है। जिसे कुछ भू माफिया लूटना चाह रहे है। उन्होंने सेनापति नाम के व्यक्ति पर यह आरोप लगाया है। गौरतलब हो कि राजधानी बनने के बाद से ही रांची में जमीन की हेरा फेरी शुरु हो गई। सिटी में सबसे ज्यादा मर्डर जमीन फर्जीवाड़ा को लेकर ही हुए है। हर दिन किसी न किसी थाने में जमीन विवाद का मामला जरुर दर्ज होता है। खाली जमीन देखते ही भूमाफियाओं की नजर उस पर गड़ जाती है।

**थाना से भी नहीं मिल रहा सहयोग :** पाचो देवी के पुत्र रामजीत महतो ने बताया कि मामले की जानकारी बुढमू थाना को दी गई है। लेकिन वहां से भी कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। ऐसे में अब मुख्यमंत्री से ही न्याय की गुहार लगा रहे है। रामजीत ने बताया कि जमीन पर खेती आदि करने जाने पर सेनापति और उसके लोग मारपिट करना शुरू कर देते है। थाना में भी शिकायत की लेकिन कही कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# दिल्ली की हवा में घुला जहर, अस्पतालों में बढ़े मरीज

*** लोगों को सांस लेने में हो रही परेशानी, आंखों में जलन की भी शिकायत**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली की हवाओं में जहर घुल गया है. दिवाली से पहले हर साल की तरह इस बार भी दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 450 के पार पहुंचकर बेहद गंभीर श्रेणी में चला गया है. दिल्ली में स्कूलों को 2 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है. पूरे एनसीआर में प्रदूषण के कारण एक तरह से हाहाकार मचा हुआ है.इस दमघोंटू माहौल में रोगियों खासकर सांस के मरीजों के लिए बेहद आफत है. दिल्ली में वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने की सभी कोशिशें फिलहाल नाकाम साबित हो रही हैं.दिल्ली की हवा में घुले इस



जहरीलेपन के फिलहाल तत्काल खत्म होने की कोई बड़ी उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है. मगर मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अगर हालात में थोड़ा बदलाव आया तो दिल्ली को बहुत जल्द वायु प्रदूषण के इस दमघोंटू माहौल से निजात मिल सकती है.प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली और पड़ोसी शहरों में अधिक से अधिक लोगों को सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते दिल्ली मेट्रो की ट्रेन तीन नवंबर से 20 अतिरिक्त फेरे लगाएंगी. गौरतलब है कि दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 को पार कर गया है.

जिसके कारण केंद्र के प्रदूषण नियंत्रण आयोग ने चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना का तीसरा चरण लागू किया. जीआरएपी सर्दी के मौसम के दौरान क्षेत्र में लागू किया जाता है. वहीं डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए जीआरएपी का तीसरा चरण लागू होने के मद्देनजर, डीएमआरसी 3 नवंबर से अपने नेटवर्क पर ट्रेन के 20 अतिरिक्त फेरे लगवाएगी.खराब वायु गुणवत्ता के चलते लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. केंद्र सरकार द्वारा संचालित सफदरजंग अस्पताल यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि क्या खराब हो रही एयर क्वालिटी और अस्पतालों में आ रहे मरीजों के बीच कोई संबंध है? पल्मोनोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. नीरज गुप्ता के अनुसार, अस्पताल ने एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जो नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के एक अधिकारी के साथ ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या पर डेटा एकत्रित कर रहा है.

# झारखंड को मजबूत करने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन ने भी बढ़ाए हैं कदम

**स्वास्थ्य, रोजगार, कौशल विकास और शिक्षा हर क्षेत्र में हुआ बेहतरीन काम**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) की तरफ से रांची के मोरहाबादी मैदान में में 2 से 6 नवंबर तक दिवाली मेले का आयोजन किया गया है। पांच दिवसीय मेले में 200 से ज्यादा स्टॅाल हैं लेकिन अदाणी फाउंडेशन द्वारा लगाया स्टॅाल मेले में आये लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन रहा है। इस मेले में अदाणी पावर द्वारा किए गये गोड्डा में सीएसआर की पूरी जानकारी उपलब्ध है। कैसे अदाणी राज्य में पावर के साथ- साथ लोगों को मजबूत करने के लिए अपनी अहम भूमिका निभा रहा है इसकी विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

**गोड्डा की बदलती तस्वीर:** अगर आप भी इस मेले में शामिल हो रहे हैं तो हमारे स्टॅाल तक आकर यह समझ सकते हैं कि कैसे अदाणी राज्य में स्वास्थ्य, कौशल विकास, शिक्षा, रोजगार की दिशा में लोगों को मजबूत करने। उन्हें प्रशिक्षित करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। अदाणी गोड्डा जिले के 323 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से आधुनिक शिक्षा पहुंचा रहा है। दुनिया भर में शिक्षा के विकास और तकनीक से बदलती और बेहतर होती शिक्षा का जिक्र होता है। ऐसे में झारखंड और यहां के बच्चे कैसे पीछे रह सकते हैं। अदाणी पावर ने सरकारी स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड देकर आधुनिक शिक्षा की तरफ झारखंड के बढ़ते कदम में कदम से कदम मिलाया है।

**कमजोर वर्ग भी करेगा विकास:** जेसोवा मेले में अदाणी का यह स्टॅाल बेहद खास है। कैसे समाज को बेहतर करने, समाज की जरूरत समझने और आवश्यकताओं को पूरा करने में हम अपना सहयोग दे रहे हैं इसकी जानकारी के साथ- साथ आपके सुझाव भी हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। अदाणी पहले से ही शैक्षिक समृद्धि को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की मदद, सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में भागीदारी और सहयोग के लिए प्रेरित करने वाले पहल करता रहा है। इसके अलावा, अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही वाणिज्यिक व्यवसायिक प्रशिक्षण योजना जो समाज को कौशल विकास के क्षेत्र में मजबूत करती है। इसका उद्देश्य युवाओं को व्यावसायिक दक्षता प्राप्त करने में मदद करना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने भविष्य को सशक्त बना सकें हमारे भविष्य की नींव तभी मजबूत होगी जब युवा मजबूत होंगे।

**ज्ञानोदय के माध्यम से आधुनिक शिक्षा:** जेसोवा मेले में हमारे स्टॅाल की उपस्थिति ने सभी का ध्यान खींचा है। हमारा प्रयास है कि हम बेहतर समाज, बेहतर झारखंड और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें। अदाणी इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। कई तरह की योजना और सीएसआर के माध्यम से हमारे कदम इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गोड्डा में हमारे ज्ञानोदय कार्यक्रम की खूब चर्चा रही है। अब वहां के काम का जिक्र हमारे स्टॅा के माध्यम से राज्य की राजधानी में भी होने लगा है।

## प्रधानमंत्री के 15 नवंबर को झारखंड दौरे के मद्देनजर भाजपा की बैठक

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को झारखंड दौरे पर आएंगे। वे भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उलिहातू में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे खूंटी में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। भाजपा के राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की आधिकारिक जानकारी दी है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर शुक्रवार को खूंटी में भाजपा के जिलाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों और सभा को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री के झारखंड आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित कर झारखंड का सम्मान बढ़ाया है।

# अफगान लड़ाकों की लगातार तीसरी जीत, नीदरलैंड्स को 7 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली.** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने नीदरलैंड्स को हराकर आईसीसी विश्व कप 2023 में सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है. लखनऊ के ईकाना स्टेडियम में खेले गए 34वें मैच में अफगान लड़कों ने नीदरलैंड्स को 7 विकेट से हराकर विश्व कप में अपनी चौथी जीत दर्ज की. इसके साथ ही अफगानिस्तान के 7 मैचों में 4 जीत से 8 अंक हो गए हैं और वह पॉइंट टेबल में पाकिस्तान को पछाड़कर पांचवें नंबर पर पहुंच गया है. अफगानिस्तान की यह लगातार यह तीसरी जीत है. इससे पहले हशमतुल्लाह शाहिदी की कप्तानी वाली अफगानिस्तान की टीम ने पाकिस्तान और श्रीलंका को धोया था.



नीदरलैंड्स की ओर से रखे गए 180 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने 31.3 ओवर में 3 विकेट पर 181 रन बनाए. अफगानिस्तान की ओर से रहमत शाह ने 54 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से 52 रन बनाए जबकि कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी नाबाद 56 रन बनाकर नाबाद लौटे. ओपनर इब्राहिम जादरान ने 20 रन बनाए वहीं रहमनुल्लाह गुरबाज 10 रन बनाकर आउट हुए.इससे पहले, साइब्रांड एंजेलब्रेक्ट (86 गेंद में 58 रन) की जुझारू पारी के बावजूद नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई. एंजेलब्रेक्ट ने एक छोर से विकेटों के पतन के बाद दूसरे छोर से अफगानिस्तान के स्पिनरों का डटकर सामना किया जिससे टीम 47 ओवर तक बल्लेबाजी करने में सफल रही. उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके जड़े.अफगानिस्तान के शानदार क्षेत्ररक्षण के साथ नीदरलैंड के बल्लेबाजों को विकेटों के बीच खराब दौड़ का खामियाजा भुगतना पड़ा.अफगानिस्तान के विकेटकीपर इकरम अलीखिल ने तीन रन आउट, एक स्टंप और दो कैच लपक कर 6 खिलाड़ियों को पवेलियन की राह दिखाने में अपना योगदान दिया.

अफगानिस्तान के लिए मोहम्मद नबी ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि नूर अहमद को दो और मुजीब उर रहमान को एक सफलता मिली.

# यूपी में बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले की दुर्गति तय : योगी

**एजेंसी**

**बलिया :** बलिया में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के बेटियों की सुरक्षा में किसी ने सेंध लगाया तो उसे यमराज भी बचा नहीं पाएंगे। उसकी दुर्गति तय है। बांसडीह क्षेत्र के पिण्डहरा में शुक्रवार को आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में 129 करोड़ की 35 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद बोल रहे थे।संसद में पारित महिला आरक्षण बिल को महिलाओं के लिए मील का पत्थर बताते हुए सीएम योगी ने कहा कि अब विधानसभा में भी महिला आरक्षण की सुविधा मिलेगी तो बलिया की महिलाओं को भी इसका लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की महिला लाभार्थियों से संवाद भी किया। इसके बाद विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बलिया बलिदानियों की धरती है।

## संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज 8 को रांची में

**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिती राँची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा राँची दिनांक 08 नवम्बर 2023 बुधवार को सुबह 05 बजे पुंदाग स्थित निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) पहुँचेगें संत शिरोमणी सदानंद जी महाराज।

# प्रज्ञा केंद्र के ऑपरेटर की लापरवाही से परेशान पिता ने पीएमओ से की शिकायत

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची** : एक बच्चे का दो आधार कार्ड बना दिया गया है। जबकि जिस बच्चे को आधार कार्ड की जरूरत है, उसका आधार कार्ड अब तक नहीं बना है।दरअसल मामला यह है कि रांची विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले और राजभवन में कार्यरत मशहूर आर्टिस्ट जाकिर शाह की पत्नी और बहन अपने अपने पुत्र सैयद हमजा शाह जो नवीं का छात्र है, और बहन का पुत्र मोहम्मद परवेज अंसारी, उसके लिए आधार कार्ड बनवाने के लिए प्रज्ञा केंद्र गये थे। लेकिन जो आधार कार्ड बनाया गया है। उसमें तस्वीर सैय्यद हमजा शाह की और पता भी सही है। लेकिन नाम, पिता नाम , जन्मतिथि भी गलत है । सैय्यद हमजा के नाम, पिता, जन्मतिथि की स्थान पर जाकर शाह की बहन के बेटे का नाम परवेज अंसारी है पिता का नाम नसीम अंसारी अंकित कर दिया गया है । जिस कारण से न सिर्फ सैय्यद हमजा शाह को बल्कि उसके पिता जाकिर शाह और पूरे परिवार को परेशानी हो रही है।